(b) CPU के ALU द्वारा विश्लेषित किया जाना होगा
(c) डीकोड किया जाना होगा
(d) वाइरसों के लिए विश्लेषित किया जाना होगा
(e) डिजिटाइज किया जाना होगा *(IBPS Clerk 2011)*

## उत्तर

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (a) | 3. (c) | 4. (e) | 5. (c) | 6. (c) | 7. (d) |
| 8. (d) | 9. (d) | 10. (b) | 11. (b) | 12. (b) | 13. (b) | 14. (d) |
| 15. (a) | 16. (b) | 17. (b) | 18. (c) | 19. (d) | 20. (e) | 21. (b) |
| 22. (c) | 23. (c) | 24. (b) | 25. (b) | 26. (c) | 27. (b) | 28. (d) |
| 29. (c) | 30. (b) | 31. (b) | 32. (c) | 33. (e) | 34. (b) | 35. (b) |
| 36. (a) | 37. (d) | 38. (c) | 39. (c) | 40. (c) | 41. (e) | 42. (b) |
| 43. (b) | 44. (d) | 45. (d) | 46. (b) | 47. (d) | 48. (b) | 49. (a) |
| 50. (c) | 51. (a) | 52. (a) | 53. (a) | 54. (a) | 55. (c) | 56. (a) |
| 57. (a) | 58. (c) | 59. (b) | 60. (c) | 61. (a) | 62. (c) | |

★★★

Subscribe - https://www.youtube.com/channel/UC7HEJ54ia2cU-rS20LHpHtg

Join - https://t.me/examtechnique





# इनपुट तथा आउटपुट डिवाइस
## (Input and Output Device)

### इनपुट डिवाइसेस
*Input Device*

एक कम्प्यूटर में इनपुट तथा आउटपुट दोनों उपकरण होते हैं। जिन यंत्रों के द्वारा डेटा इनपुट किया जाता है अर्थात् जिन यंत्रों से आँकड़ें, शब्द या निर्देश मेमोरी में डाले जाते हैं, इनपुट डिवाइसेस कहलाते हैं। दूसरे शब्दों में ये ऐसे यंत्र हैं जिनके द्वारा हम कम्प्यूटर को निर्देश देते हैं और कम्प्यूटर उन पर प्रोग्राम के अनुरूप कार्य करता है। जैसे कि की-बोर्ड, माउस आदि।

कुछ प्रमुख इनपुट डिवाइसेस निम्नलिखित हैं :

1. की-बोर्ड (Key-Board)
2. माउस (Mouse)
3. ट्रैकबॉल (Trackball)
4. जॉयस्टिक (Joystick)
5. स्कैनर (Scanner)
6. माइक्रोफोन (Microphone)
7. वेब कैम (Web Cam)
8. बार कोड रीडर (Bar Code Reader)
9. ओ सी आर (OCR–Optical Character Reader)
10. एम आई सी आर (MICR–Magnetic Ink Character Reader)
11. ओ एम आर (OMR–Optical Mark Reader)
12. किमबॉल टैग रीडर (Kimball Tag Reader)
13. स्पीच रेकग्निशन सिस्टम (Speech Recognition System)
14. लाइट पेन (Light Pen)
15. टच स्क्रीन (Touch Screen)

1. **की-बोर्ड** (Key Board): की-बोर्ड किसी भी कम्प्यूटर की प्रमुख इनपुट डिवाइस है। जिनके प्रयोग से कम्प्यूटर में टेक्स्ट तथा न्यूमैरिकल डेटा निवेश (entry) कर सकते हैं। की-बोर्ड में सारे अक्षर टाइपराइटर की तरह क्रम में होते हैं; लेकिन इसमें टाइपराइटर से ज्यादा बटन होते हैं। इसमें कुछ फंक्शन बटन होते हैं जिनको बार-बार किये जाने वाले कार्यों के लिए पूर्व निर्धारित किया जा सकता है। जैसे– F1 बटन को सहायता (Help) के लिए प्रोग्राम किया जाता है। की-बोर्ड को कम्प्यूटर से जोड़ने के लिए एक विशेष जगह (Port) बनी होती है, लेकिन आजकल USB की-बोर्ड आते हैं जो कम्प्यूटर के USB पोर्ट में लग जाते हैं। तथा वायरलेस की-बोर्ड भी आते हैं जिन्हें सिस्टम से जोड़ने की जरूरत नहीं होती है। की-बोर्ड में पाँच प्रकार के की (Key) होते हैं।

To get more study material CLICK HERE– www.examtechnique.in






(a) अल्फाबेट की (Alphabet Keys) : की-बोर्ड में 26 अल्फाबेट की (Keys) A से Z तक होते हैं, जिनका उपयोग कर हम किसी भी शब्द या टेक्स्ट (Text) को लिख (Type) सकते हैं।

(b) संख्यात्मक की (Numeric Keys) : इन की (Keys) का उपयोग नम्बर या अंक टाइप करने के लिए होता है। इनपर 0 से 9 तक संख्या अंकित रहते हैं। साधारणतः की-बोर्ड के दाहिने तरफ अंक टाइप करने के लिए संख्यात्मक की-पैड होता है। इसमें 0 से 9 तक अंक, दशमलव, जोड़, घटाव, गुणा तथा भाग के की (Key) होते हैं।

(c) फंक्शन-की (Function Keys) : ये की-बोर्ड में सबसे ऊपर स्थित होते हैं। इन बटनों पर F1 से F12 अंकित होते हैं। इनका उपयोग (use) बार-बार किये जाने वाले कार्य के लिए पहले से निर्धारित रहता है। इनके उपयोग से समय की बचत होती है।

(d) कर्सर कंट्रोल की (Cursor Control Keys) : इन की (Keys) का उपयोग स्क्रीन पर कर्सर को कहीं भी ले जाने के लिए होता है। ये चार भिन्न दिशाओं को इंगित करते हैं जिसे चार तीर के निशान से दर्शाया रहता है। इसे ऐरो की (Arrow Key) भी कहा जाता है। इसे दायाँ (Left), बायाँ (Right), ऊपर (Up) तथा नीचे (Down) ऐरो-की कहते हैं।

इनके ठीक ऊपर कर्सर को नियंत्रित करने के लिए चार और बटन होते हैं; जिन्हें होम, एन्ड, पेज अप और पेज डाउन कहते हैं।

होम (Home) : कर्सर को लाइन के आरंभ में ले जाता है।

एन्ड (End) : कर्सर को लाइन के अंत में ले जाता है।

पेज अप (Page Up) : कर्सर को एक पेज पीछे या पिछले पेज में ले जाता है।

पेज डाउन (Page Down) : कर्सर को अगले पेज पर ले जाता है।

(e) स्पेशल परपस की (Special Purpose Key)

कैप्स लॉक की (Caps Lock Key) : यह एक टॉगल बटन है। टॉगल बटन अर्थात् एक बार दबाने पर वह सक्रिय तथा दूसरी बार पुनः उसे दबाने पर निष्क्रिय हो जाता है। इसे सक्रिय रखने (On) पर सारे अक्षर बड़े अक्षरों (Capital letter) में लिखा जाता है। जिसे कम्प्यूटर में Upper case कहते हैं। इसे पुनः दबा कर निष्क्रिय किया जाता है, जिससे छोटे अक्षरों (Small letter या Lower case) में लिखना आरम्भ हो जाता है।

नम लॉक की (Num Lock Key) : यह भी टॉगल बटन है। इसके सक्रिय रहने से की-बोर्ड के ऊपर की संख्यात्मक की-पैड सक्रिय (On) रहता है, नहीं तो नंबर पैड डिरेक्सनल एरो के रूप में कार्य करता है।

**शिफ्ट की** (Shift Keys): यह एक संयोजन बटन (Combination key) है। इसे किसी और बटन के साथ उपयोग करते हैं। की-बोर्ड पर जिस किसी भी बटन पर दो Character अंकित रहता है तो ऊपर वाले Character को टाइप करने के लिए 'शिफ्ट की' का उपयोग करते हैं। जैसे कि की-बोर्ड पर 2 के ऊपरी भाग में @ कैरेक्टर है। अतः @ को टाइप करने के लिए शिफ्ट के साथ @ बटन दबाते हैं, तो @ टाइप होता है नहीं तो 2 टाइप होगा। अगर कैप्स लॉक सक्रिय है तो भी शिफ्ट के साथ कोई भी अक्षर टाइप करने पर छोटे अक्षर (Small letter या Lowercase) में टाइप होगा। नंबर पैड को डिरेक्नल एरो के रूप कार्य कराने के लिए भी हम इसका उपयोग करते हैं। की-बोर्ड में शिफ्ट की दो स्थानों पर होता है।

**इन्टर की** (Enter Key) **या रिर्टन की** (Return Key) : कम्प्यूटर को दिये गये कमांड नाम या प्रोग्राम नाम को निष्पादित करने या शुरू करने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है। डाक्यूमेंट में एक पंक्ति का अंत तथा नये पंक्ति का आरंभ करता है। यह भी की-बोर्ड पर दो स्थानों पर होता है।

**टैब की** (Tab Key): यह टेबुलेटर बटन (Tabulator Key) का संक्षिप्त नाम है। यह कर्सर को निश्चित दूरी तक एक बार में ले जाता है और ब्राउजर पेज में दूसरे लिंक पर ले जाता है। वर्ड (Word) या एक्सेल (Excel) के टेबल के एक वर्ग से दूसरे वर्ग में जाने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। इसके द्वारा डायलॉग बॉक्स में दिये गये विकल्पों में से किसी एक का चयन भी किया जा सकता है। वर्ड डाक्यूमेंट (Word-document) में Tab सेट कर पेज का मार्जिन, पैराग्राफ तथा एक शब्द से दूसरे शब्द के बीच की दूरी को सेट किया जाता है।

**एस्केप की** (Esc-Escape Key) : यह कैंसिल (Cancel) बटन के समतुल्य है। पावर प्वायंट (Power Point) में इसके उपयोग से स्लाइड शो रुक जाता है तथा वेव पेज पर चलता हुआ एनीमेशन रुक जाता है। वेव पेज जो लोड हो रहा होता है इसके प्रयोग से रुक जाता है तथा Ctrl के साथ उपयोग करने पर Start मेनू खुल जाता है। अर्थात् जो भी कार्य जो कम्प्यूटर में चल रहा है या प्रोग्राम खुला है उसे बंद कर देता है या उससे बाहर आ जाता है।

**स्पेस बार** (Space Bar) : शब्दों के बीच में जगह डालने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है।

**बैक स्पेस की** (Back Space Key) : कर्सर के ठीक बायीं ओर के अक्षर, चिह्न या जगह को मिटाने के लिए इसका उपयोग किया जाता है।

**डिलीट की** (Delete Key) : कर्सर के ठीक दायीं ओर के अक्षर, चिह्न या जगह को मिटाने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। इसके द्वारा चयन किया हुआ (Selected) शब्द, लाइन, पेज, फाइल या ड्राइंग को मिटाया जा सकता है।

**कंट्रोल की** (Ctrl-Control Key) : यह भी एक संयोजन बटन (Combination key) है जो किसी और बटन के साथ मिलकर विशेष कार्य करता है। इसका कार्य विभिन्न सॉफ्टवेयर के अनुसार बदलता रहता है। जैसे कि– Ctrl + C कॉपी करने तथा Ctrl + V पेस्ट करता है। की-बोर्ड पर दो 'कंट्रोल की' होते हैं। कंट्रोल + आल्ट + डेल तीनों बटनों को एक साथ दबाने पर विंडो टास्क मैनेजर का विंडो खुलता है तथा इससे हम किसी भी प्रोग्राम को बंद कर सकते हैं। अगर कोई प्रोग्राम कम्प्यूटर में चलते-चलते हैंग (Hang) कर जाता है तो इन तीनों के उपयोग से उस प्रोग्राम को बंद किया जा सकता है। इसे रिसेट (Reset) भी कहते हैं।

**प्रिन्ट स्क्रीन की** (Print Screen Key) : इस Key को Shift-Key के साथ प्रयोग कर स्क्रीन screen पर प्रदर्शित फाइल या फोटो प्रिन्टर के द्वारा प्रिंट किया जाता है।

स्क्रॉल लॉक की (Scroll Lock Key) : यह बटन की-बोर्ड के ऊपर पॉज की के पास स्थित होता है। यह टेक्स्ट (Text) या रन कर रहे प्रोग्राम को अस्थायी रूप से एक स्थान पर रोकता है। फिर से टेक्स्ट या प्रोग्राम को सक्रिय करने के लिए इसी बटन को दुबारा उपयोग करना होता है।

पॉज की (Pause Key) : यह 'की' की-बोर्ड के ऊपर दाहिने तरफ स्थित होता है। यह बटन को अस्थायी तौर पर चल रहे प्रोग्राम को रोक देता है तथा किसी बटन को दबाने पर फिर से प्रोग्राम चलने लगता है। जैसे– कम्प्यूटर गेम में अस्थायी रूप से गेम को रोकने के लिए इसका उपयोग किया जाता है।

मोडिफायर की (Modifier Key) : यह कम्प्यूटर की-बोर्ड पर विशेष 'की' है जो किसी 'की' के कांबिनेशन में उपयोग किया जाता है। यह दूसरे 'की' के कार्य को रूपान्तरित कर देता है। जैसे—Alt + F4 MS-विन्डोज में सक्रिय प्रोग्राम विडों को बंद कर देता है, जहाँ Alt मोडिफायर 'की' है जो F4 के कार्य को रूपान्तरित कर देता है।

कुछ मोडिफायर की (Key) निम्नलिखित हैं—

1. शिफ्ट की 2. कंट्रोल की 3. ऑल्ट की

2. माउस (Mouse) : माउस एक इनपुट डिवाइस है। *डगलस सी इंजेल्वरर्ट* ने 1977 में इसका आविष्कार किया था। इसमें लेफ्ट बटन, राइट बटन और बीच में एक स्क्रौल व्हील होता है। माउस के उपयोग करने से हमें की-बोर्ड के किसी बटन को याद रखने की आवश्यकता नहीं होती है, बस माउस के प्वाइंटर (Pointer) को स्क्रीन पर किसी नियत स्थान पर क्लिक करना होता है। इसे प्वाइंनटिंग डिवाइस भी कहते हैं। माउस दो बटन, तीन बटन तथा ऑप्टिकल भी होते हैं। माउस के नीचे एक रबर बॉल होता है, जो माउस को सतह पर हिलाने में मदद करता है। बॉल के घुमाने से स्क्रीन पर माउस प्वाइंटर के दिशा में परिवर्तन होता है। माउस के नीचे रखे स्लेट के आकार की वस्तु को माउस पैड कहते हैं।



माउस के मुख्यतः चार कार्य हैं—

क्लिक या लेफ्ट क्लिक (Click or left click) : लेफ्ट माउस बटन को एक बार दबाकर छोड़ने पर यह एक आवाज (Clicking Sound) देता है तथा स्क्रीन पर किसी एक object का चयन (Select) करता है। जैसे माई कम्प्यूटर (My Computer Icon) पर लेफ्ट बटन क्लिक करने से इसका रंग नीला हो जाता है मतलब इसका चयन (Selected) हो गया है। इस बटन का उपयोग सामान्यतया OK के लिए किया जाता है।

डबल क्लिक (Double click) : लेफ्ट माउस बटन को जल्दी-जल्दी दो बार दबा कर छोड़ने को डबल क्लिक कहते हैं। इसका उपयोग किसी फाइल, डाक्यूमेंट या प्रोग्राम को खोलने (Open) के लिए होता है।

राइट क्लिक (Right click) : राइट माउस बटन को एक बार दबा कर छोड़ने पर यह स्क्रीन पर आदेशों (Commands) की एक सूची (list) देता है। यह ऑब्जेक्ट की प्रोपर्टीज को एक्सेस करने में उपयुक्त होता है।

ड्रैग और ड्रॉप (Drag and Drop) : इसका उपयोग किसी चीज (Item) को स्क्रीन पर एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए होता है। स्क्रीन के किसी एक Item के ऊपर प्वाइंटर को ले जाकर लेफ्ट माउस बटन को दबाये हुए स्क्रीन पर किसी दूसरी जगह ले जाकर छोड़ देते हैं। जिसके फलस्वरूप वह Item दूसरी जगह स्थानांतरित हो जाता है। इस क्रिया को ड्रैग और ड्रॉप कहते हैं।



3. **ट्रैकबॉल** (Trackball) : यह माउस का ही एक विकल्प है। इसके ऊपर एक बॉल होता है जिसे हाथ से घुमाकर प्लाइंटर की दिशा में परिवर्तन किया जाता है। मुख्यतः इसका उपयोग चिकित्सा के क्षेत्र में, कैड (CAD) तथा कैम (CAM) में किया जाता है।



4. **जॉयस्टिक** (Joystick) : यह एक इनपुट डिवाइस है जिसका उपयोग विडियो तथा कम्प्यूटर गेम खेलने में होता है। इसकी भी कार्य प्रणाली ट्रैक बॉल की तरह होती है, केवल बॉल की जगह इसमें एक छड़ी (Stick) लगी होती है।



5. **स्कैनर** (Scanner) : इसका उपयोग टेक्स्ट (Text) या चित्र (Image) को डिजिटल रूप में परिवर्तित करने में होता है जिसे हमलोग स्क्रीन पर देख सकते हैं। इन स्कैन चित्रों का उपयोग भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में किया जा सकता है। इन स्कैन चित्रों को मेमोरी या सीडी में सुरक्षित रखा या कोई प्रोसेस या एडिटींग किया जा सकता है। यह भी इनपुट डिवाइस है। यह फोटो कॉपियर मशीन की तरह दिखता है। काउन्टर पर बैठे सेल्स क्लर्क किसी वस्तु का टैग स्कैन कर *सॉर्स डाटा ऑटोमेसन* का प्रयोग करता है।

6. **माइक्रोफोन** (Microphone) : इस इनपुट डिवाइस का प्रयोग किसी भी आवाज को रिकार्ड करने में होता है।





7. **वेबकैम** (Webcam) : इसका प्रयोग इंटरनेट पर फोटो देखने तथा फोटो लेने के लिए होता है। इसका उपयोग कर इंटरनेट की सहायता से दूर बैठे आदमी का फोटो देख सकते हैं, परन्तु दूसरे व्यक्ति के पास भी webcam उपलब्ध होना चाहिए। यह डिजिटल कैमरे की तरह होता है जिसे कम्प्यूटर से जोड़कर इनपुट डिवाइस के रूप में उपयोग होता है।



8. **बार कोड रीडर** (Bar Code Reader) : यह Point of sales डेटा रिकॉर्डिंग है। आजकल सुपर मार्केट में मूल्यों तथा डेटा अपडेट करने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। सुपर मार्केट में सामान के ऊपर जो सफेद और काली लाइन बनी होती है, वह बार कोड है। जिसे बार कोड रीडर जो एक स्कैनिंग डिवाइस है के द्वारा स्कैन कर डिजिटल रूप में कम्प्यूटर में भेजा जाता है। आजकल बार कोड रीडर का उपयोग सुपर मार्केट, पुस्तकालय, बैंक तथा पोस्ट ऑफिस में भी किया जाता है।

Subscribe - https://www.youtube.com/channel/UC7HEJ54ia2cU-rS20LHpHtg

Join - https://t.me/examtechnique



**9.** ओ सी आर (OCR–Optical Characters Recognition) : यह टाइप या हाथ से लिखे हुए डेटा को भी पढ़ सकता है। यह स्कैनर तथा विशेष सॉफ्टवेयर का संयोजन है जो प्रिन्टेड डेटा या हस्तलिखित डेटा को ASCII में रूपान्तरित कर देता है। इसका उपयोग कागजी रिकॉर्ड को electric filing तथा स्कैन चालान को स्प्रेडशीट में परिवर्तित करने में होता है।



**10.** एम आई सी आर (MICR–Magnetic Ink Character Reader) : खास चुम्बकीय स्याही से लिखे अक्षरों या डाक्यूमेंट को इसके द्वारा पढ़ा जाता है, या कम्प्यूटर में संग्रह किया जाता है। बैंकों में इस तकनीक का व्यापक उपयोग होता है। चुम्बकीय स्याही और विशेष फॉन्ट का संयोजन से प्रति घंटे हजारों चेक स्कैन किया जा सकता है। जिससे समय की बचत तथा तीव्र गति से कार्य सम्पादित किया जा सकता है।



**11.** ओ एम आर (OMR–Optical Mark Reader) : यह एक इनपुट डिवाइस है जिसका प्रयोग फार्म या कार्ड पर विशिष्ट स्थानों पर डाले गये चिह्नों को पढ़ने में होता है। इसमें उच्च तीव्रता वाले प्रकाशीय किरणों को डालकर चिह्नों को पढ़ा जाता है। इसका उपयोग लॉटरी टिकट, ऑफिसियल फार्म तथा वस्तुनिष्ठ उत्तर पुस्तिकाओं को जाँचने में होता है।

**12.** किमबॉल टैग रीडर (Kimball Tag Reader) : किमबॉल टैग एक छोटा-सा कार्ड है जिसमें छेद पंच रहते हैं। जैसे किसी दुकान में कपड़ें में कार्ड लगा रहता है जिसे खरीदने के बाद निकाल दिया जाता है और कम्प्यूटर केन्द्र में प्रोसेसिंग के लिए भेज दिया जाता है।



**13.** स्पीच रिकग्निशन सिस्टम (Speech Recognition System) : स्पीच रिकग्निशन माइक्रोफोन या टेलीफोन द्वारा बोले गये शब्दों के सेट को पकड़कर ध्वनि में परिवर्तित करने की क्रिया है। रेकगुनाइज्ड शब्दों को कमांड और नियंत्रण, डाटा प्रविष्टि और दस्तावेज तैयार करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। स्पीच रेकग्निशन सिस्टम, बोले हुए शब्दों को मशीन

के पढ़ने लायक इनपुट में बदल देता है। इसका उपयोग Voice डायलॉग, सरल डाटा प्रविष्टि, स्पीच से टेक्स्ट प्रोसेसिंग तथा हवाई जहाज कॉकपिट में होता है।



**14.** प्रकाशीय कलम (Light Pen) : यह एक इनपुट डिवाइस है। इसका उपयोग (direct) स्क्रीन पर कुछ भी लिखने, चित्र बनाने में होता है।



**15.** टच स्क्रीन (Touch Screen) : यह एक इनपुट डिवाइस है। जब हम इस स्क्रीन को स्पर्श करते हैं तो यह पता लगा लेता है कि हमने इसे कहाँ स्पर्श किया है। इसका उपयोग बैंकों में एटीएम तथा सार्वजनिक सूचना केन्द्रों में स्क्रीन पर उपलब्ध विकल्पों का चयन करने के लिए किया जाता है। इसका उपयोग संगीत सुनने के लिए होता है।



## आउटपुट डिवाइस
## *Output Devices*

ये ऐसे उपकरण हैं जो प्रोसेस के उपरांत रिजल्ट देते या प्रदर्शित करते हैं। इसके द्वारा कम्प्यूटर द्वारा प्रोसेड जानकारी को देखते या ग्रहण करते हैं।

कुछ आउटपुट डिवाइस निम्नलिखित हैं—

1. मॉनिटर (Monitor)
2. प्रिन्टर (Printer)
3. स्पीकर (Speaker)
4. प्लॉटर (Plotter)
5. स्क्रीन इमेज प्रोजेक्टर (Screen Image Projector)

1. मॉनिटर (Monitor) : यह एक आउटपुट डिवाइस है जो चित्र या प्रोसेस इनपुट के रिजल्ट को स्क्रीन पर प्रदर्शित करता है। यह कम्प्यूटर तथा यूजर के बीच संबंध स्थापित करता है। मॉनिटर की गुणवत्ता की पहचान डॉट पिच, रिजाल्यूशन और रिफ्रेश रेट से किया जाता है। कम्प्यूटर की समस्त सूचनाएँ देखने के लिए इस डिवाइस का प्रयोग किया जाता है। इसे VDU

(Visual Display Unit) भी कहते हैं। इसके डिस्प्ले आकार को डायगोनली मापा जाता है। मॉनीटर का रिजोल्यूसन जितना अधिक हो पिक्सल उतने ही अधिक होंगे।

मुख्यतः दो प्रकार के मॉनिटर आजकल प्रचलन में है—



(a) सी आर टी मॉनिटर (CRT–Cathod Ray Tube) : यह मॉनिटर उसी सिद्धान्त पर कार्य करता है, जिनपर टीवी करता है। इसमें एक कैथोड रे ट्यूब रहता है जिसमें इलेक्ट्रॉन गन लगा होता है। जिसके द्वारा प्राप्त इलेक्ट्रॉन बीम को परावर्तित कर चित्र बनाया जाता है अर्थात् स्क्रीन पर डिस्प्ले प्राप्त होता है। सी आर टी स्क्रीन थोड़ी मुड़ी होती है। मॉनीटर पर चित्र छोटे-छोटे बिन्दुओं से मिलकर बनता है जिने पिक्सेल कहते हैं।



(b) टी एफ टी मॉनिटर (TFT) : यह एक सीधा (Flat) स्क्रीन होता है जो हल्का तथा पतला होता है तथा कम जगह घेरता है। यह सी.आर.टी मॉनिटर से अपेक्षाकृत महंगा होता है।

2. प्रिन्टर (Printer) : प्रिन्टर एक मुख्य आउटपुट डिवाइस है जिसके द्वारा प्रिन्टेड कॉपी या हार्ड कॉपी कागज पर प्राप्त होता है। इसका उपयोग स्थायी दस्तावेज (Permanent Document) तैयार करने के लिए होता है।

प्रिन्टर के प्रकार—

कम्प्यूटर प्रिन्टर को मुख्यतः तीन समूहों में बाँटा जाता है—

(a) कैरेक्टर प्रिन्टर (Character Printer) : यह एक बार में एक कैरेक्टर प्रिन्ट करता है। इसे सीरियल प्रिन्टर भी कहते हैं। कैरेक्टर प्रिन्टर 200–450 कैरेक्टर/सेकेन्ड प्रिन्ट करता है।

(b) लाइन प्रिन्टर (Line Printer) : यह एक बार में एक लाइन प्रिन्ट करता है। यह तीव्र गति से कार्य करता है। लाइन प्रिन्टर 200–2000 कैरेक्टर/मिनट प्रिन्ट करता है।

(c) पेज प्रिन्टर (Page Printer) : यह एक बार में पूरा पेज प्रिन्ट करता है। यह विशाल डेटा का प्रिन्ट लेने में सक्षम होता है।

प्रिन्ट करने के तरीके (Manner) के अनुसार प्रिन्टर दो प्रकार के होते हैं—

(a) इम्पैक्ट प्रिन्टर (Impact Printer) : यह कागज, रिबन तथा कैरेक्टर तीनों पर एक-साथ चोट कर डेटा प्रिन्ट करता है। इम्पैक्ट प्रिन्टर भी कई प्रकार के होते हैं।

(i) डॉट मैट्रिक्स प्रिन्टर (Dot Matrix Printer) : यह एक कैरेक्टर प्रिन्टर है। जिसमें एक प्रिन्ट हेड होता है जो आगे-पीछे तथा ऊपर-नीचे घूमता है। यह स्याही लगे रिबन पर चोट कर प्रिन्ट करता है। यह 80 कॉलम तथा 132 कॉलम दो तरह की क्षमताओं में आता है। इसमें प्रिन्टिंग खर्च बाकी प्रिन्टरों की अपेक्षा कम आता है लेकिन प्रिन्ट की गुणवत्ता और स्पीड दूसरे प्रिन्टर के मुकाबले कम होती है। इसमें एक बार में केवल एक रंग का प्रिन्ट लिया जा सकता है इसलिए इसे *मोनो प्रिन्टर* भी कहते हैं। इसकी क्षमता को डी पी आई (Dots Per Inch) में मापा जाता है।



(ii) डेजी व्हील प्रिन्टर (Daisy wheel Printer): यह भी कम्प्यूटर प्रिन्टर है जिसमें प्रिन्ट हेड की जगह डेजी व्हील लगा होता है जो प्लास्टिक या धातु का बना होता है। व्हील के बाहरी छोर पर अक्षर बना होता है। एक अक्षर को प्रिन्ट करने के लिए डिस्क को घूमाना पड़ता है, जब तक पेपर तथा अक्षर सामने न आ जाये। तब हैमर व्हील पर चोट करता है तथा अक्षर रिबन को चोटकर कागज पर एक अक्षर प्रिन्ट करता है। इससे ग्राफ या चित्र प्रिन्ट नहीं किया जा सकता है। यह शोर करने वाला तथा धीमी छपाई करता है।



(b) नन इम्पैक्ट प्रिन्टर (Non Impact Printer): यह ध्वनि मुक्त प्रिन्टर है क्योंकि इसमें प्रिन्टिंग हेड कागज पर चोट नहीं करता है। नन इम्पैक्ट प्रिन्टर भी कई प्रकार के होते हैं—

(i) इंकजेट प्रिन्टर (Inkjet Printer): यह नन इम्पैक्ट कैरेक्टर प्रिन्टर है। यह इंकजेट तकनीक पर कार्य करता है। यह दो तरह के होते हैं–मोनो और रंगीन। इसमें स्याही के लिए कार्टरिज (cartridge) लगाया जाता है। स्याही को जेट की सहायता से छिड़ककर कैरेक्टर तथा चित्र प्राप्त होता है। इसकी गुणवत्ता तथा स्पीड दोनों कम होती है, तथा इसमें प्रिन्टिंग खर्च भी ज्यादा आता है।



(ii) लेजर प्रिन्टर (Laser Printer): यह तीव्र गति का पेज प्रिन्टर है। इसमें लेजर बीम की सहायता से ड्रम पर आकृति बनाता है। लेजर (बीम) ड्रम पर डालने के फलस्वरूप विद्युत चार्ज हो जाता है। तब ड्रम को टोनर में लुढ़काया जाता है, जिससे टोनर ड्रम के चार्ज भागों पर लग जाता है। इसे ताप तथा दवाब के संयोजन से कागज पर स्थानान्तरित कर दिया जाता है जिससे प्रिन्ट प्राप्त होता है। यह थर्मल तकनीक पर काम करता है। यह दो तरह के होते हैं–मोनो और रंगीन । इसकी गुणवता और स्पीड दोनों बाकी प्रिन्टरों की तुलना में काफी से बेहतर होती है।



(iii) थर्मल प्रिन्टर (Thermal Printer): इसमें थर्मोक्रोमिक (Thermochromic) कागज का उपयोग किया जाता है। जब कागज थरमल प्रिन्ट हेड से गुजरता है तो कागज के ऊपर स्थित लेप (coating) उस जगह काला हो जाता है जहाँ यह गर्म होता है तथा प्रिन्ट प्राप्त होता है। यह डॉट मैट्रिक्स प्रिन्टर की तुलना में तीव्र तथा ध्वनिरहित होता है। इसमें प्रिन्ट की गुणवत्ता अच्छी होती है।



3. स्पीकर (Speaker): यह भी एक आउटपुट डिवाइस है जो अक्सर मनोरंजन के लिए उपयोग में आता है। यह ध्वनि के रूप में आउटपुट देता है। इसके लिए सी पी यू (CPU) में साउन्ड कार्ड का होना आवश्यक है। इसका उपयोग प्रायः संगीत या किसी तरह की ध्वनि सुनने में होता है।



4. प्लॉटर (Plotter) : यह एक आउटपुट डिवाइस है, जिसका उपयोग ग्राफ प्राप्त करने के लिए होता है। मुख्यतः इसका उपयोग इंजीनियर, चिकित्सक, वास्तुविद, सिटी प्लानर आदि करते हैं। यह ग्राफ तथा रेखाचित्र जैसे आउटपुट प्रदान करता है।



5. स्क्रीन इमेज प्रोजेक्टर (Screen Image Projector) : यह एक हार्डवेयर डिवाइस है जो बड़े सतह या पर्दे पर चित्रों को दिखाता है। सामान्यतः इसका उपयोग प्रस्तुतियों और बैठकों (Presentation and Meetings) में किया जाता है, जो एक बड़ी छवि के रूप में दिखाया जाता है जिसे बड़े हॉल में बैठे हर कोई देख सके।





## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** दो प्रकार के आउटपुट डिवाइस कौन से हैं ?
(a) मानीटर और प्रिन्टर (b) विंडोज 2000 विंडोज NT (c) की बोर्ड और माउस
(d) स्टोरेज डिस्क (फ्लापी, CD) (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2008)*

**2.** ऑब्जेक्ट की प्रोपर्टीज में एक्सेस करने के लिए यूज की जाने वाली माउस टेकनीक ...... है।
(a) ड्रैगिंग (b) ड्रॉपिंग (c) राइट-क्लिकिंग
(d) शिफ्ट-क्लिकिंग (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009, IBPS PO 2011)*

**3.** 'डॉट मैट्रिक्स' किस उपकरण की किस्म है ?
(a) स्कैनर (b) प्रिन्टर (c) की-बोर्ड
(d) माउस (e) इनमें से कोई नहीं

4. टैब कुंजी (की) का प्रयोग किसलिए होता है?
(a) कर्सर को स्क्रीन पर चलाने के लिए (b) पैराग्राफ इंडेंट करने के लिए
(c) कर्सर को स्क्रीन पर नीचे ले जाने के लिए
(d) केवल (a) और (b) (e) इनमें से कोई नहीं

5. टेक्स्ट की पंक्ति के आरंभ में जाने के लिए........कुंजी (की) दबाएं।
(a) होम (b) a (c) पेज अप
(d) एंटर (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

6. ....... और ....... सर्वाधिक सामान्य इनपुट डिवाइस हैं।
(a) माइक्रोफोन, प्रिन्टर (b) स्कैनर, मानीटर (c) डिजिटल कैमरा, स्पीकर्स
(d) कीबोर्ड, माउस (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*

7. कम्प्यूटर की समस्त सूचनाएँ या आउटपुट देखने के लिए किस डिवाइस का प्रयोग किया जाता है?
(a) मानीटर (b) की बोर्ड (c) ए.एल.यू
(d) सी.पी.यू. (e) प्रिंटर *(SBI 2009)*

8. निम्नांकित में से कौन एक प्रकार का माउस है?
(a) मैकेनिकल, जनरल (b) ऑप्टिकल, मैकेनिकल (c) फुल डुप्लेक्स
(d) ऑटोमेटिक (e) इनमें से कोई नहीं

9. की-बोर्ड में 'फक्शन-की' की संख्या कितनी होती है?
(a) 14 (b) 13 (c) 12
(d) 15 (e) 16

10. ..........में प्रिंटिंग हेड और कागज का सम्पर्क होता है।
(a) नॉन इम्पैक्ट प्रिंटर (b) इम्पैक्ट प्रिंटर (c) उपर्युक्त दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं (e) थर्मल प्रिंटर

11. किस प्रिंटर द्वारा एक स्ट्रोक में एक अक्षर प्रिंट होता है?
(a) लेजर प्रिंटर (b) डाट मैट्रिक्स प्रिंटर (c) लाईन प्रिंटर
(d) प्लॉटर (e) इनमें से कोई नहीं

12. इनमें से कौन इनपुट डिवाइस नहीं है?
(a) ज्वाय स्टिक (b) मैग्नेटिक टेप (c) मॉनीटर
(d) मैग्नेटिक डिस्क (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

13. कम्प्यूटर में 'की-बोर्ड' का क्या काम है?
(a) छापना (b) टाइप करना (c) इनपुट करना
d) उपर्युक्त सभी (e) इनमें से कोई नहीं

14. की-बोर्ड किस प्रकार का डिवाईस है?
(a) आउटपुट (b) इनपुट (c) दोनों
(d) डिवाइस नहीं है (e) आउटपुट तथा इनपुट के बीच *(SBI 2009)*

15. कम्प्यूटर की-बोर्ड में (F) से प्रयोग होने वाले फंक्शन बटनों की संख्या कितनी होती है?
(a) नौ (b) दस (c) ग्यारह
(d) बारह (e) बीस

16. निम्न में से कौन उच्चतम गुणवत्ता वाली आउटपुट प्रदान करता है?
(a) Impact Printers (b) Non Impact Printers
(c) Plotters (d) 1 तथा 2 दोनों (e) Non-Plotters

17. ऑपरेटर के द्वारा किये गए कार्य कम्प्यूटर के किस भाग में दिखायी देते हैं?
(a) सी० पी० यू० (b) वी० डी० यू० (c) ए० एल० यू०
(d) आई० बी० एम० (e) इनमें से कोई नहीं

18. निम्नलिखित में से कौन-सा एक आउटपुट का माध्यम है?
(a) स्कैनर (b) माउस (c) प्रिन्टर
(d) की-बोर्ड (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

19. डगलस सी० इन्जेलवर्ट ने स्टेनफार्ड रिसर्च लेबोरेटरी में माउस का आविष्कार कब किया था?
(a) 1977 (b) 1980 (c) 1970
(d) 1952 (e) इनमें से कोई नहीं

20. अंकीय कोर्ड के माध्यम (digital form) से कम्प्यूटर में इनपुट करने का कौन-सा साधन है?
(a) की बोर्ड (b) मानीटर (c) स्कैनर
(d) माउस (e) इनमें से कोई नहीं

21. प्रिन्टर कितने प्रकार के होते हैं?
(a) एक (b) दो (c) तीन
(d) चार (e) पाँच

22. कंप्यूटर से पढ़े जाने वाले अलग-अलग लंबाई-चौड़ाई की लाइनों वाले कोड को क्या कहते हैं?
(a) ASCII कोड (b) मैग्नेटिक टेप (c) OCR स्कैनर
(d) बार कोड (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2011)*

23. लाइन प्रिंटर एक मिनट में कितने चिन्ह छापता है?
(a) 100 से 200 (b) 5 से 50 (c) 5 से 100
(d) 20 से 50 (e) 200 से 2000 *(IBPS PO 2011)*

24. सबसे ज्यादा काम में आनेवाले कैरेक्टर प्रिंटर कौन से होते हैं?
(a) लेजर (b) लाइन (c) इंकजेट
(d) डॉट मैट्रिक्स (e) इनमें से कोई नहीं

25. स्कैनर का स्वरूप निम्न में से किस मशीन से मिलता है?
(a) टाइप मशीन (b) फ्रैंकिंग मशीन (c) फोटो कॉपीयर
(d) साइक्लोस्टाइल (e) इनमें से कोई नहीं

26. कम्प्यूटर की-बोर्ड में कितने ऐरो के बटन होते हैं?
(a) एक (b) दो (c) तीन
(d) चार (e) इनमें से कोई नहीं

27. वर्तमान में चल रहे की-बोर्ड की संख्या रूपी बटनों की संख्या कितनी बार दुहरायी गयी है?
(a) एक (b) दो (c) तीन
(d) चार (e) इनमें से कोई नहीं

28. कम्प्यूटर में माउस के नीचे रखी स्लेट के आकार की वस्तु को क्या कहते हैं?
(a) माउस कवर (b) माउसपैड (c) माउस रक्तक
(d) माउस चालक (e) इनमें से कोई नहीं

To get more study material CLICK HERE– www.examtechnique.in


**29.** निम्न में से आउटपुट डिवाइस कौन है?
(a) प्रिन्टर (b) मॉनीटर (c) माउस
(d) 1 तथा 2 दोनों (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

**30.** डेटा किस रूप में हो सकते है?
(a) अलिखित (b) लिखित (c) अश्रव्य
(d) चाक्षुष (visual) (e) a तथा b दोनों

**31.** कम्प्यूटर तथा मानव का संपर्क......... के द्वारा होता है
(a) इनपुट एवं आउटपुट (b) इनपुट (c) आउटपुट
(d) सीपीयू (e) इनमें से कोई नहीं

**32.** निवेश/निर्गम के प्रकार में कौन शामिल नहीं है?
(a) ध्वनि माध्यम (b) प्रकाश माध्यम (c) यांत्रिक माध्यम
(d) दृश्यमूलक माध्यम (e) इनमें से कोई नहीं

**33.** निम्न में से कौन-सा माउस (Mouse) जैसा कार्य करता है?
(a) की-बोर्ड (b) स्कैनर (c) आइकॉन
(d) ट्रेकबॉल (e) इनमें से कोई नहीं

**34.** इनमें से कौन इनपुट डिवाइस नहीं है?
(a) माउस (b) की-बोर्ड (c) लाईट-पेन
(d) वी०डी०यू० (e) इनमें से कोई नहीं

**35.** माउस का कौन-सा बटन सामान्यतया OK के लिए उपयोग में लाया जाता है?
(a) बायाँ (b) दायाँ (c) बीच वाला
(d) व्हील (e) इनमें से कोई नहीं

**36.** सर्वाधिक तेज गति का प्रिन्टर (Printer) है—
(a) लेजर प्रिन्टर (b) जेट प्रिन्टर (c) थर्मल प्रिन्टर
(d) डेजी व्हील प्रिन्टर (e) इनमें से कोई नहीं

**37.** L.C.D. का पूरा नाम क्या होता है?
(a) Lead Crystal Device (b) Light Central Display
(c) Liquid Central Display (d) Liquid Crystal Display
(e) इनमें से कोई नहीं

**38.** कम्प्यूटर सिस्टम में ............ के माध्यम से टेक्सट और न्यूमैरिकल डाटा प्रवेश कराने कि पद्धति सर्वाधिक सामान्य पद्धति है—
(a) की-बोर्ड (b) स्कैनर (c) प्रिन्टर
(d) प्लॉटर (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

**39.** आउटपुट डिवाइसेज निम्नलिखित संभव बनाते हैं—
(a) डाटा देखना या प्रिन्ट करना (b) डाटा स्कैन करना (c) डाटा इनपुट करना
(d) डाटा भेजना (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

**40.** डाक्यूमेंट की हार्ड कॉपी ........... की जाती है।
(a) प्रिन्टर पर प्रिंट (b) फ्लापी पर स्टोर (c) CD पर स्टोर
(d) हार्ड डिस्क में स्टोर (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009, IBPS Clerk 2011)*

**41.** निम्नलिखित में से किस समूह में केवल इनपुट डिवाइस होते हैं?
(a) माउस, की-बोर्ड, मॉनीटर (b) माउस, की-बोर्ड, प्रिन्टर (c) माउस, की-बोर्ड, प्लॉटर
(d) माउस, की-बोर्ड, स्कैनर (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009, IBPS Clerk 2011)*

**42.** निम्नलिखित में से किस समुह में केवल आउटपुट डिवाइस हैं?
(a) स्कैनर प्रिन्टर मॉनीटर (b) की-बोर्ड, प्रिन्टर मॉनीटर (c) माउस, प्रिन्टर, मॉनीटर
(d) प्लॉटर, प्रिन्टर, मॉनीटर (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*

**43.** कम्प्यूटर के मेमोरी में डाला गया (Enter) कोई आँकड़ा या निर्देश को ..... माना जाता है।
(a) स्टोरेज (b) आउटपुट (c) इनपुट
(d) सूचना (e) इनमें से कोई नहीं

**44.** कम्प्यूटर के मेमोरी में डाल गये कार्य को प्रदर्शित करता है?
(a) RAM (b) प्रिन्टर (c) मॉनिटर
(d) ROM (e) इनमें से कोई नहीं

**45.** नंबर पैड डिरेक्सनल एरो के रूप में कार्य कराने के लिए आप ......... 'की' दबाते हैं।
(a) नम लॉक (b) कैप्स लॉक (c) एरो लॉक
(d) शिफ्ट (e) इनमें से कोई नहीं

**46.** स्कैनर ........... स्कैन करता है।
(a) पिक्चर्स (b) टेक्स्ट (c) पिक्चर्स और टेक्स्ट दोनों
(d) न पिक्चर्स न टेक्स्ट (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

**47.** ....... से गेम खेलना आसान हो जाता है।
(a) माउस (b) जॉयस्टिक (c) की-बोर्ड
(d) पेन (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

**48.** सॉफ्ट कॉपी एक आउटपुट है, तो हार्ड कॉपी क्या है?
(a) कम्प्यूटर का एक भौतिक पुर्जा (b) कम्प्यूटर के प्रिंटेड पुर्जे
(c) प्रिंटेड आउटपुट (d) भौतिक आउटपुट डिवाइस
(e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

**49.** Ctrl, Shift और Alt को ........... कुंजियाँ कहते हैं।
(a) मोडिफायर (b) फँक्शन (c) अल्फा न्यूमेरिक
(d) एडजस्टमेंट (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

**50.** अधिकांश प्रोडक्ट्स पर प्रिंटेड लाइनों के पैटर्न को ............. कहते हैं।
(a) प्राइसेस (b) OCR (c) स्कैनर्स
(d) बारकोडस (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

**51.** MICR में C का पूरा रूप क्या है?
(a) कोड (b) कलर (c) कम्प्यूटर
(d) कैरेक्टर (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

**52.** कम्प्यूटर प्रिंटर किस प्रकार का डिवाइस है?
(a) इनपुट (b) आउटपुट (c) सॉफ्टवेयर
(d) स्टोरेज (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

To get more study material CLICK HERE– www.examtechnique.in


53. किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए कौन-सी कुंजी दूसरी कुंजी के साथ कांबिनेशन में प्रयुक्त की जाती है ?

(a) फंक्शन (b) स्पेसबार (c) एरो
(d) कंट्रोल (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

54. .......एक प्रकार के सस्ते कैमरे होते हैं जो कंप्यूटर के साथ लगे रहते हैं और उनका उपयोग विडियोकानफरन्सिंग, विडियो चैटिंग और लाइव वेब ब्रोडकास्ट के लिए होता है।

(a) वेबकैम्स (b) वेबपिक्स (c) ब्राउजरकैम्स
(d) ब्राउजरपिक्स (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI ASS. PO 2010)*

55. OCR का पूर्ण रूप क्या है ?

(a) Optical Character Recognition (b) Optical CPU Recognition
(c) Optimal Character Rendering (d) Other Character Restoration
(e) इनमें से कोई नहीं *(Punjab & Sind 2010, BPS Clerk 2011)*

56. ग्राफिकल यूजर एनवायरनमेंट में स्टैंडर्ड प्वाइंटिंग डिवाइस के रूप में कौन-सी डिवाइस प्रयोग में लायी जाती है ?

(a) की बोर्ड (b) माउस (c) जॉयस्टिक
(d) ट्रैक बॉल (e) इनमें से कोई नहीं *(Punjab & Sind 2010)*

57. निम्न में से कौन-सा आउटपुट डिवाइस नहीं है ?

(a) प्लॉटर (b) प्रिंटर (c) मॉनिटर
(d) टचस्क्रीन (e) इनमें से कोई नहीं *(Punjab & Sind 2010)*

58. माऊस.......सामान्यतः बाण / ॲरो के आकार में दिखाई देता है।

(a) इंडिकेटर / दर्शक (b) मार्कर (c) मीटर
(d) पॉइंटर (e) इनमें से कोई नहीं *(Bank of Baroda 2011)*

59. व्यक्तिगत कंप्यूटर हेतु सबसे साधारण स्टोरेज डिवाइज / उपकरण है............

(a) फ्लॉपी डिस्क (b) यूएसबी अंगूठा ड्राइव (c) झिप डिस्क
(d) हार्ड डिस्क ड्राइव (e) पेन ड्राइव *(Bank of Baroda 2011)*

60. कंप्यूटर्स के लिए निम्न में से कौन से डिजिटल इनपुट डिवायसिस/उपकरण है ?

(a) डिजिटल कॅमकोर्डर (b) माइक्रोफोन (c) स्कैनर
(d) ये सभी (e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad Bank PO 2011)*

61. एक विक्रेता क्लर्क, चेक आउट काउंटर पर किसी चीज का टैग स्कॅन कर रहा है बजाय इसके कि सिस्टीम में कीइंग करना, वह ......का प्रयोग कर रहा है।

(a) इनपुट ऑटोमेशन (b) आइटम डेटा ऑटोमेशन (c) स्कैनिंग ऑटोमेशन
(d) सोर्स डाटा ऑटोमेशन (e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad Bank PO 2011)*

62. उस कुंजी को क्या कहते हैं जो कंप्यूटर की मेमरी से सूचना और स्क्रीन करेक्टरों को इरेज कर देगी ?

(a) एडिट (b) डिलीट कुंजी (c) डमी आउट
(d) ट्रस्ट की (e) इस्केप कुंजी *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

63. सिलेक्ट या हाइलाइट करने के लिए प्रायः किसका प्रयोग किया जाता है ?

(a) आइकन (b) की बोर्ड (c) हार्डडिस्क
(d) फ्लॉपी डिस्क (e) माउस *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

Subscribe - https://www.youtube.com/channel/UC7HEJ54ia2cU-rS20LHpHtg

Join - https://t.me/examtechnique



64. श्री X के पास अपनी रिपोर्ट को प्रिंट करने के लिए कोई प्रिंटर नहीं है। वह इसे श्री Y के कंप्यूटर में ले जाना चाहता है क्योंकि श्री Y के पास प्रिंटर है। श्री X अपनी रिपोर्ट कहां सेव कर सकता है?
(a) हार्ड ड्राइव (b) कागज का टुकड़ा (c) स्कैनर
(d) मॉनिटर (e) फ्लॉपी डिस्क *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

65. डाटा इनपुट करने के लिए बार-बार प्रयोग में आने वाले हार्डवेयर का भाग क्या कहलाता है?
(a) की बोर्ड (b) फ्लॉपी डिस्क (c) कर्सर
(d) सॉफ्टवेयर (e) हार्डवेयर *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

66. .......को स्क्रीन या मानीटर भी कह सकते हैं।
(a) प्रिंटर (b) स्कैनर (c) हार्ड डिस्क
(d) सॉफ्टवेयर (e) डिस्प्ले *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

67. ट्रैक बाल ..... का एक उदाहरण है।
(a) प्रोग्रामिंग डिवाइस (b) पॉइंटिंग डिवाइस (c) आउटपुट डिवाइस
(d) सॉफ्टवेयर डिवाइस (e) प्रिंटिंग डिवाइस *(IBPS Clerk 2011)*

68. इन्फार्मेशन इनपुट करने के लिए आप माउस जैसे ..... का यूज करते हैं।
(a) आउटपुट डिवाइस (b) इनपुट डिवाइस (c) स्टोरेज डिवाइस
(d) प्रोसेसिंग डिवाइस (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*

69. माउस के दाएं बटन पर क्लिक करने से क्या दिखाई देता है?
(a) वही होता है जो बाईं तरफ क्लिक करने पर होता है
(b) एक विशेष मेनू (c) कुछ नहीं होता है
(d) माउस पर दाईं तरफ क्लिक नहीं हो सकता
(e) कंप्यूटर स्लीप मोड में चला जाता है *(IBPS Clerk 2011)*

70. ..... एक इनपुट डिवाइस का उदाहरण है।
(a) प्रिंटर (b) मॉनिटर (c) स्कैनर
(d) सैंट्रल प्रोसैसिंग यूनिट (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*

71. 'कंट्रोल' व 'शिफ्ट' किस प्रकार की कुंजियां हैं ?
(a) एडजेस्टमेंट (b) फंक्शन (c) मोडिफायर
(d) अल्फान्यूमरिक (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*

72. निम्न में से किस तरह के वर्ग में की बोर्ड शामिल होगा ?
(a) प्रिंटिंग डिवाइस (b) आउटपुट डिवाइस (c) पाइंटिंग डिवाइस
(d) स्टोरेज डिवाइस (e) इनपुट डिवाइस *(IBPS Clerk 2011)*

73. आउटपुट डिवाइस का प्रयोग करके आप ...... कर सकते हैं।
(a) डाटा इनपुट (b) डाटा स्टोर (c) डाटा स्कैन
(d) डाटा व्यू या प्रिंट (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*

74. कंप्यूटर के लिए ग्राफिकल इमेज और पिक्चर निम्न में से कौन डाल सकता है?
(a) प्लॉटर (b) स्कैनर (c) माउस
(d) प्रिंटर (e) कीबोर्ड *(IBPS Clerk 2011)*

To get more study material CLICK HERE– www.examtechnique.in


75. कर्सर की मौजूदा स्थिति के बाईं ओर के एक कैरेक्टर को डिलीट करने के लिए किस कुंजी का प्रयोग किया जाता है ?
(a) बैकस्पेस (b) डिलीट (c) इन्सर्ट
(d) इस्केप (e) कंट्रोल *(IBPS Clerk 2011)*

76. किन कुंजियों से नंबर जल्दी टाइप किए जा सकते हैं ?
(a) कंट्रोल, शिफ्ट एवं आल्ट (b) फंक्शन कुंजियां (c) न्यूमरिक की पैड
(d) ऐरो कुंजियां (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*

77. ...... का प्रयोग हाथ से लिखे या मुद्रित टेक्स्ट को डिजिटल इमेज बनाने के लिए किया जाता है जिसे मेमरी में स्टोर किया जाता है।
(a) प्रिंटर (b) लेजर बीम (c) स्कैनर
(d) टचपैड (e) कीबोर्ड *(IBPS Clerk 2011)*

78. मॉनिटर के डिस्प्ले आकार को कैसे मापा जाता है?
(a) जिग-जैग (b) हॉरिजॉन्टली (c) वर्टिकली
(d) केंद्र से सबसे दूर के कोने तक (e) डायगोनली
*(IBPS Clerk 2011)*

79. मॉनिटर का रेजोल्यूशन जितना अधिक हो ......
(a) पिक्सल उतने ही अधिक होंगे (b) स्क्रीन कम साफ होगी
(c) पिक्सल और अधिक अलग-अलग हो जाते हैं
(d) पिक्सल एक साथ पास-पास हो जाते हैं
(e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*

80. सबसे ज्यादा प्रयोग में आने वाली पाइंटिंग इनपुट डिवाइस कौन-सी है ?
(a) ट्रैकबॉल (b) टचपैड (c) टचस्क्रीन
(d) माउस (e) स्कैनर *(IBPS Clerk 2011)*

81. माउस के दो मानक बटनों के बीच स्थित व्हील का क्या प्रयोग होता है ?
(a) वेब पेजों पर क्लिक करना (b) शट डाउन करना
(c) सिलेक्ट आइटमों को क्लिक करना (d) विभिन्न वेब पेजों पर जम्प करना
(e) स्क्रॉल करना *(IBPS Clerk 2011)*

82. ...... वॉइस डाटा को शब्दों में इंटरप्रेट कर सकता है जिसे कंप्यूटर समझ सकता है।
(a) स्पीच इनपुट हार्डवेयर (b) टॉकिंग सॉफ्टवेयर
(c) वर्ड रिकोग्नीशन सॉफ्टवेयर (d) स्पीच रिकोग्नीशन सॉफ्टवेयर
(e) एडोब रीडर *(IBPS Clerk 2011)*

83. जब तक कंप्यूटर हस्तलेख को न पहचान ले, तब तक इनपुट डिवाइस को—
(a) सूचना को सेकेंडरी स्टोरेज में स्टोर करना होगा
(b) सूचना को ऑप्टीमाइज करना होगा
(c) सूचना को डिजिटाइज करना होगा
(d) सूचना को स्क्रीन पर दिखाना होगा
(e) आउटपुट डिवाइस भी बनना होगा *(IBPS Clerk 2011)*

Subscribe - https://www.youtube.com/channel/UC7HEJ54ia2cU-rS20LHpHtg

Join - https://t.me/examtechnique

 To get more study material CLICK HERE– www.examtechnique.in


**84.** कंप्यूटरों के लिए प्राथमिक आउटपुट डिवाइस कौन-सी है ?
(a) स्कैनर (b) प्रिंटर (c) कीबोर्ड
(d) माउस (e) मानिटर
*(IBPS Clerk 2011)*

## उत्तर

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (c) | 3. | (b) | 4. | (b) | 5. | (a) | 6. | (d) | 7. | (a) |
| 8. | (b) | 9. | (c) | 10. | (b) | 11. | (b) | 12. | (c) | 13. | (c) | 14. | (b) |
| 15. | (d) | 16. | (c) | 17. | (b) | 18. | (c) | 19. | (a) | 20. | (c) | 21. | (b) |
| 22. | (d) | 23. | (e) | 24. | (d) | 25. | (c) | 26. | (d) | 27. | (b) | 28. | (b) |
| 29. | (d) | 30. | (e) | 31. | (a) | 32. | (b) | 33. | (d) | 34. | (d) | 35. | (a) |
| 36. | (a) | 37. | (d) | 38. | (a) | 39. | (a) | 40. | (a) | 41. | (e) | 42. | (d) |
| 43. | (c) | 44. | (c) | 45. | (a) | 46. | (c) | 47. | (b) | 48. | (c) | 49. | (a) |
| 50. | (d) | 51. | (d) | 52. | (b) | 53. | (d) | 54. | (a) | 55. | (a) | 56. | (b) |
| 57. | (d) | 58. | (d) | 59. | (a) | 60. | (d) | 61. | (d) | 62. | (b) | 63. | (e) |
| 64. | (e) | 65. | (a) | 66. | (e) | 67. | (b) | 68. | (b) | 69. | (b) | 70. | (c) |
| 71. | (c) | 72. | (e) | 73. | (d) | 74. | (b) | 75. | (a) | 76. | (c) | 77. | (c) |
| 78. | (e) | 79. | (a) | 80. | (d) | 81. | (e) | 82. | (d) | 83. | (c) | 84. | (e) |

★★★

Subscribe - https://www.youtube.com/channel/UC7HEJ54ia2cU-rS20LHpHtg

Join - https://t.me/examtechnique

To get more study material CLICK HERE– www.examtechnique.in

04



# मेमोरी
## (Memory)

मेमोरी कम्प्यूटर का बुनियादी घटक है। यह कम्प्यूटर का आंतरिक भंडारण (Internal storage) क्षेत्र है। केन्द्रीय प्रोसेसिंग इकाई (CPU) को प्रोसेस करने के लिए इनपुट डाटा एवं निर्देश (Instruction) चाहिए, जो कि मेमोरी में संग्रहित रहता है। मेमोरी में ही संग्रहित डेटा तथा निर्देश का प्रोसेस होता है, तथा आउटपुट प्राप्त होता है। अतः मेमोरी कम्प्यूटर का एक आवश्यक अंग है।

### डेटा प्रतिनिधित्व
*Data Representation*

मेमोरी बहुत सारे सेल में बँटे होते हैं जिन्हें *लोकेशन (Location)* कहते हैं। हर लोकेशन का एक अलग लेबल होता है जिसे *एड्रेस (Address)* कहते हैं सेल का उपयोग डेटा और निर्देश के संग्रह के लिए किया जाता है। सारे डेटा और निर्देश कम्प्यूटर में बाइनरी कोड के रूप में रहते हैं जिसे 0 तथा 1 से निरूपित किया जाता है। 1 सर्किट के 'ऑन' (on) स्थिति को दर्शाता है तथा 0 सर्किट के 'ऑफ' (off) स्थिति को दर्शाता है। लोकेशन में डेटा संग्रह करने को लिखना (Write) तथा लोकेशन से डेटा प्राप्त करने को पढ़ना (Read) कहते हैं। प्रत्येक लोकेशन में निश्चित बिट स्टोर की जा सकती है जिसे *वर्ड लेंग्थ (word length)* कहते हैं। वर्ड लेंग्थ 8,16,32 या 64 बिट की हो सकती है। *बिट* बाइनरी डिजिट का सबसे छोटी इकाई है। *बाइट* डेटा की एक इकाई है जो कि EBCDIC (External Binary Coded Decimal Interchange Code) में आठ बिट्स तथा ASCII (American Standard Code for Information Interchange) में सात बिट्स के समूह हैं।

### मेमोरी के प्रकार
Types of Memory

- मेमोरी
  - सेमीकंडक्टर (Semiconductor) या प्राथमिक (Primary) या मुख्य (Main) मेमोरी
    - स्थायी (Non Volatile)
      - रॉम (ROM)
      - प्रॉम
      - ई-प्रॉम
      - ई-ई प्रॉम
    - कैश (Cache)
    - अस्थायी (Volatile)
      - रैम (RAM)
  - द्वितीयक (Secondary) या सहायक (Auxiliary) या बैकिंग स्टोर (Backing Store) मेमोरी
    - हार्ड डिस्क
    - मैग्नेटिक टेप
    - सीडी रॉम
    - फ्लॉपी डिस्क
    - पेन ड्राइव
    - फ्लैश मेमोरी
    - डीवीडी

मेमोरी अक्सर सेमीकंडक्टर स्टोरेज जैसे RAM और कभी-कभी दूसरे तीव्र तथा अस्थाई रूप में जाना जाता है। मेमोरी शब्द चिप (chip) के रूप में प्रयोग होने वाले डाटा स्टोरेज को इंगीत करता है, परन्तु स्टोरेज सामान्यतः उपयोग होने वाले स्टोरेज डिवाइस जैसे ऑपटिकल डिस्क तथा हार्ड डिस्क इत्यादि मेमोरी और स्टोरेज मूल्य, विश्वसनीयता तथा गति आदि घटकों पर एक-दूसरे से भिन्न हैं।

### सेमीकंडक्टर या प्राथमिक या मुख्य मेमोरी या आंतरिक मेमोरी
### *Semiconductor or Primary or Main memory or Internal Memory*

प्राथमिक मेमोरी को अक्सर मुख्य मेमोरी भी कहते हैं, जो कम्प्यूटर के अन्दर रहता है तथा इसके डेटा और निर्देश का CPU के द्वारा तीव्र तथा प्रत्यक्ष उपयोग होता है।

1. रॉम (ROM): (ROM) रॉम या रीड ओनली मेमोरी (Read Only Memory) एक ऐसी मेमोरी है जिसमे संग्रहित डेटा या निर्देश को केवल पढ़ा जा सकता है, उसे नष्ट या परिवर्तित नहीं किया जा सकता है। यह एक स्थायी (Non-volatile) मेमोरी होती है जिसका उपयोग कम्प्यूटर में डेटा को स्थायी रूप से रखने में किया जाता है।





रॉम (ROM) मदरबोर्ड के ऊपर स्थित एक सिलिकॉन चिप (Silicon Chip) है जिसके निर्माण के समय ही निर्देशों को इसमें संग्रहीत कर दिया जाता है। कम्प्यूटर को स्विच ऑन (On) करने पर रॉम (ROM) में संग्रहित निर्देश/प्रोग्राम स्वतः क्रियान्वित हो जाता है। कम्प्यूटर को स्विच ऑफ (Off) करने के बाद भी रॉम (ROM) में संग्रहित निर्देश/प्रोग्राम नष्ट नहीं होता है। रॉम (ROM) में उपस्थित यह स्थाई प्रोग्राम बायोस (BIOS-Basic Input Output System) के नाम से जाना जाता है।

2. प्रॉम (PROM–Programmable Read only Memory) : यह भी स्थायी मेमोरी है। यूजर द्वारा (User) एक बार प्रोग्राम निर्देश को बर्न (Burn) करने के बाद उसमें परिवर्तन नहीं हो सकता है। फिर वह साधारण रॉम की तरह व्यवहार करता है।

3. ई-प्रॉम (E–PROM–Erasable Programmable Read only Memory) : यह भी प्रॉम की तरह स्थायी मेमोरी है। परन्तु बर्निंग की प्रक्रिया (Burning Process) पराबैंगनी किरणों की सहायता से दुहराई जा सकती है। इसे पराबैंगनी ई–प्राम (Ultravoilet E-PROM) भी कहते हैं।

4. ई-ई-प्रॉम (E–E– PROM–Electrically Erasable Programmable Read only Memory) : यह भी ई-प्रॉम की तरह स्थायी मेमोरी है, परन्तु बर्निंग प्रक्रिया विद्युत पल्स की सहायता से फिर से की जा सकती है।

5. कैश मेमोरी (Cache Memory) : यह केन्द्रीय प्रोसेसिंग इकाई (CPU) तथा मुख्य मेमोरी के बीच का भाग है जिसका उपयोग बार-बार उपयोग में आने वाले डेटा और निर्देशों को संग्रहित करने में किया जाता है। जिस कारण मुख्म मेमोरी तथा प्रोसेसर के बीच गति अवरोध दूर हो जाता है, क्योंकि मेमोरी से डेटा पढ़ने की गति CPU के प्रोसेस करने की गति से काफी मन्द होती है।

मुख्य मेमोरी → कैश मेमोरी → CPU

To get more study material CLICK HERE– www.examtechnique.in






6. रैम (RAM–Random Access Memory) : कम्प्यूटर में सबसे ज्यादा उपयोग होने वाला यह मेमोरी है। यह अस्थायी (volatile) मेमोरी है, अर्थात् अगर विद्युत सप्लाई बंद हो जाती है तो इसमें संग्रहित डेटा (सूचना) भी खत्म हो जाती है। जैसा कि नाम से ही प्रतीत होता है, रैण्डम एक्सेस मेमोरी मतलब कि कहीं से भी डेटा को पढ़ा जा सकता है उसके लिए क्रमबद्ध पढ़ना आवश्यक नहीं है। इससे डेटा को पढ़ना तथा लिखना तीव्र गति से होता है। रैम एक स्पैस है, जहाँ डाटा लोड होता है और काम करता है। रैम 64 MB, 128 MB, 256 MB, 512 MB 1 GB आदि क्षमता में उपलब्ध हैं। रैम मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं।

(a) डायनैमिक रैम (Dynamic RAM) : इसके डेटा को बार-बार रिफ्रेश (Refresh) करना होता है।

(b) स्टैटिक रैम (Static RAM) : इसके डाटा को रिफ्रेश करने की आवश्यकता नहीं होती है।

**द्वितीयक मेमोरी**

Secondary Memory

इसे सहायक (Auxiliary) तथा बैकिंग स्टोरेज (Backing Storage) मेमोरी भी कहते हैं। चूँकि मुख्य मेमोरी अस्थाई (volatile) तथा सीमित क्षमता वाले होते हैं इसलिए द्वितीयक मेमोरी को बड़ी मात्रा में स्थायी (non-volatile) डेटा मेमोरी के रूप में इस्तेमाल करते हैं। ज्यादातर इसका उपयोग डेटा बैकअप के लिए किया जाता है। केन्द्रीय प्रोसेसिंग इकाई (CPU) को वर्तमान में जिस डेटा की आवश्यकता नहीं होती है उसे द्वितीयक मेमोरी में संग्रह किया जाता है तथा जरूरत पड़ने पर इसे मुख्य मेमोरी में कॉपी कर उपयोग किया जाता है। आजकल उपयोग होने वाले मैग्नेटिक टेप तथा मैग्नेटिक डिस्क इसके मुख्य उदाहरण हैं।

1. हार्ड डिस्क (Hard Disk) : हार्ड डिस्क CPU के अन्तर्गत डेटा स्टोर करने की प्रमुख डिवाइस होती है। यह दूसरे डिस्क की तुलना में उच्च संग्रहण क्षमता, विश्वसनीयता तथा तीव्र गति प्रदान करता है। चूँकि ये डिस्क एक बॉक्स (Module) के अन्दर रीड तथा राइट हेड (Read and write head) के साथ सील रहता है तो यह वातावरण तथा खरोच से भी सुरक्षित रहता है। रीड तथा राइट हेड डिस्क के किसी भी ट्रैक के किसी भी सेक्टर पर सीधे पढ़ तथा लिख सकता है जिससे डेटा को पढ़ना या लिखना तेज गति से होता है। कम्प्यूटर में अक्सर इसे *'सी' (c) ड्राइव* नाम दिया जाता है। कम्प्यूटर के अन्तर्गत इसी हार्ड डिस्क में सभी प्रोग्राम या डेटा इन्सटालड (Installed) रहता है जिसका उपयोग हम अपनी जरूरत के अनुसार करते हैं। हार्ड डिस्क 10 GB, 20 GB, 40 GB, 80 GB आदि क्षमता में उपलब्ध है। डिस्क को ट्रैकों तथा सेक्टर में विभाजित किया जाता है जिसे फार्मेटिंग कहते हैं।



2. सीडी रॉम (CD ROM–Compact Disc Read Only Memory) : सी डी रॉम को ऑप्टिकल डिस्क भी कहा जाता है। ऑप्टिकल डिस्क के ऊपर डेटा को स्थायी रूप से अंकित किया जाता है। लेजर की सहायता से सीडी की सतह पर अतिसूक्ष्म गड्ढे बनाये जाते हैं। सीडी में अंकित डेटा (Recording) मिट नहीं सकती है। रिकॉर्डेड डेटा को पढ़ने के लिए कम तीव्रता वाले लेजर बीम का उपयोग किया जाता है। इनमें ट्रैक स्पाइरल (Spiral) होता है जिससे डेटा को हार्ड डिस्क की अपेक्षा तीव्र गति से पढ़ा नहीं जा सकता है। साधारणतः सीडी रॉम की संग्रह क्षमता 640 MB होती है। सीडी से डेटा प्राप्त करने के लिए सीडी ड्राइव तथा सीडी में डेटा को डालने के लिए *सीडी राइटर (CD-Writer)* की आवश्यकता होती है। इसे WORM (Write Once Read Many) डिस्क भी कहते हैं अर्थात् वैसा सीडी जिस पर केवल एक बार लिखा जा सकता है पर बार-बार पढ़ा जा सकता है। अंकित डेटा में कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता है।



3. सीडी-आर/डब्ल्यू (CD-Read / Write) : सीडी-आर/डब्ल्यू भी ऑप्टिकल डिस्क है परन्तु इसमें संग्रहित डेटा को मिटाया या परिवर्तित किया जा सकता है। लेजर द्वारा सीडी में डेटा संग्रह सीडी के सतह पर सूक्ष्म गडढे के परावर्तन में परिवर्तन कर किया जाता है, तथा लिखे हुए सीडी में परिवर्तन करने के लिए फिर से लेजर का उपयोग किया जाता है। इस प्रकार के सीडी का उपयोग करने के लिए *सीडी-आर/डब्ल्यू ड्राइव* की आवश्यकता होती है।





4. मैग्नेटिक टेप (Magnetic Tape) : यह सबसे सफल बैकिंग स्टोरेज माध्यम है। वास्तव में हमलोग गानों के संग्रह तथा रिकॉर्डिंग के लिए जो कैसेट उपयोग करते है, यह उसी सिद्धान्त पर कार्य करता है।

मैग्नेटिक टेप 2400 से 3600 फीट लम्बा तथा पॉलिस्टर का बना होता है। इसे रील में लपेटा जाता है। पंच कार्ड तथा पेपर टेप की तुलना में इसमें विशाल डेटा संग्रह किया जा सकता है। टेप में डेटा को कितनी बार भी लिखा, मिटाया परिवर्तित किया जा सकता है। तथा इसके लिए *मैग्नेटिक टेप ड्राइव* की आवश्यकता होती है। सभी मैग्नेटिक टेप ड्राइव में दो रील होते हैं। एक रील के टेप जो पढ़ने या लिखने (Read or Write) में उपयोग होता है फाइल रील (File reel) कहलाता है तथा दूसरा टेकअप रील (Take up reel) कहलाता है।

To get more study material CLICK HERE– www.examtechnique.in

5. फ्लॉपी डिस्क (Floppy Disk) : ये मुख्यत: तीन आकारों 8 इंच, 5.25 इंच और 3.5 इंच में आता है। धूल या खरोंच से बचाने के लिए डिस्क प्लास्टिक के कवर (Cover) में बंद रहता है। डेटा को पढ़ने या लिखने के लिए कवर के ऊपर बने छेद (Slot) का उपयोग किया जाता है। ज्यादातर डिस्क ड्राइव में रीड–राइट (Read / Write) हेड डिस्क के सतह से भौतिक संपर्क में होते हैं। जो पढ़ने तथा लिखने के बाद हट जाते हैं जिसके फलस्वरूप टेप को कोई नुकसान नहीं होता है। इसमें डेटा वृत्ताकार ट्रैक पर लिखा जाता है। यह एक वाह्य (External) मेमोरी है।




फ्लॉपी डिस्क का डायरेक्ट एक्सेस माध्यय (Direct access Medium) के रूप में ज्यादा उपयोग होता है।

6. डी वी डी (DVD) : डी वी डी Digital versatile disc या Digital video disc का संक्षिप्त नाम है। यह ऑप्टिकल डिस्क तकनीक के CD-रॉम की तरह होता है। इसमें न्यूनतम 4.7 GB डेटा, एक पूर्ण लम्बाई की फिल्म संग्रहित किया जा सकता है। डी वी डी सामान्यत: फिल्मों और अन्य मल्टीमीडिया प्रस्तुतियों को डिजिटल रूप में प्रस्तुत करने का एक माध्यम है। यह एकतरफा या दोतरफा (Single or Double sided) होता है और हर तरफ में एक या दो परत में डेटा संग्रह कर सकता है। दो तरफा दो परत वाले DVD में 17 GB विडियो, ऑडियो या अन्य जानकारियों को संग्रह किया जा सकता है।

7. पेन ड्राइव (Pen Drive) : यह छोटे की रिंग (Keyring) के आकार का होता है तथा आसानी से यू एस बी (USB-Universal Serial Bus) संगत प्रणालियों के बीच फाइलों के स्थानांतरण तथा संग्रहण करने के लिए उपयोग होता है। यह भिन्न-भिन्न क्षमताओं में उपलब्ध है। इसे पीसी के USB पोर्ट में लगाकर (Plug) उपयोग किया जाता है। इसे *फ्लैश ड्राइव* भी कहते हैं। यह ई-ई प्रॉम मेमोरी का एक उदाहरण है।




8. फ्लैश मेमोरी (Flash memory) : इसे *फ्लैश* रैम भी कहा जाता है। इसके मिटाया तथा फिर से प्रोग्राम किया जा सकता है। इसका उपयोग सेलुलर फोन, डिजिटल कैमरा, डिजिटल सेट टॉप बॉक्स इत्यादि में होता है।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. रियूजेबल ऑप्टिकल स्टोरेज का टिपिकली एक्रोनिम ......होगा।
   (a) CD (b) CD-RW (c) DVD
   (d) ROM (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009, IBPS PO 2011)*

2. बिजली बंद कर दिए जाने के बाद जो स्टोरेज अपना डाटा रखती है उसे........कहते हैं।
(a) बोलैटाइल स्टोरेज (b) नॉन-बोलैटाइल स्टोरेज (c) सीक्वैंशियल स्टोरेज
(d) डाइरेक्ट स्टोरेज (e) इनमें से कोई नहीं

3. कंप्यूटर डाटा गैदर करते हैं इसका अर्थ है कि वे यूजर को डाटा ........ करने देते हैं।
(a) प्रेजेन्ट (b) इनपुट (c) आउटपुट
(d) स्टोर (e) इनमें से कोई नहीं

4. ....... एक प्रकार की स्थायी मैमरी है जो स्टार्टअप के लिए जरूरी उन सभी इन्स्ट्रक्शन्स को होल्ड करती है और पावर बंद करने पर यह इरेज नहीं होती है—
(a) नेटवर्क इंटरफेस कार्ड (NIC) (b) CPU
(c) RAM (d) ROM (e) इनमें से कोई नहीं

5. सेकंडरी स्टोरेज मीडिया से हार्डडिस्क में सॉफ्टवेयर प्रोग्रामों को कॉपी करने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं ?
(a) कानफिगरेशन (b) डाउनलोड (c) स्टोरेज
(d) अपलोड (e) इनस्टॉलेशन *(IBPS PO 2011)*

6. आपके कंप्यूटर में निम्नलिखित में से कौन-सा मेमरी दर्शाता है ?
(a) RAM (b) DSL (c) USB
(d) LAN (e) CPU

7. जब PC पर किसी डाक्यूमेन्ट पर कार्य करते हैं, तब डाक्यूमेंट अस्थायी रूप से स्टोर होता है—
(a) RAM (b) ROM (c) CPU
(d) फ्लैश मेमरी (e) CD–ROM

8. ऐसे ऐप्लिकेशन्स के लिए मैग्नेटिक टेप प्रेक्टिकल नहीं है जिनमें डाटा शीघ्र रिकाल किया जाना है, क्योंकि टेप......
(a) रैडम एक्सेट मीडियम (b) सिक्वेंशियल एक्सेस मीडियम
(c) रीड-ओन्ली मीडियम (d) फ्रेजाइल और आसानी डैमेज्ड
(e) महंगा स्टोरेज मीडियम

9. कम्प्यूटर में कितने प्रकार की मेमोरी पायी जाती है ?
(a) चार (b) आठ (c) एक
(d) दो (e) तीन

10. कम्प्यूटर के स्टोरेज डिवाइस हैं—
(a) ए० एल० यू० (b) कंट्रोल का संकलन (c) रैम
(d) माउस (e) इनमें से कोई नहीं

11. कम्प्यूटर के जिस भाग में डाटा एवं प्रोग्राम रखे जाते हैं, उसे क्या कहते हैं ?
(a) प्रासेसर (b) मेमोरी (c) सॉफ्टवेयर
(d) हार्डवेयर (e) इनमें से कोई नहीं

12. कम्प्यूटर की मुख्य मेमोरी क्या होती है ?
(a) भीतरी (b) बाहरी (c) 1 तथा 2 दोनों
(d) सहायक (e) इनमें से कोई नहीं

13. फ्लॉपी डिस्क किस प्रकार की मेमोरी से सम्बन्ध रखती है?
(a) इंटरनल (b) एक्सटर्नल (c) वोलाटाइल
(d) 1 एवं 2 (e) इनमें से कोई नहीं

**14.** निम्न में कौन सत्य है ?
(a) CD-Rom ड्राइव एक्सपेंशन स्लॉट्स में लगाये जाते हैं।
(b) फ्लैश में प्रोग्राम स्थायी होते हैं।
(c) Rom में प्रोग्राम स्थायी होते हैं।
(d) CD-Rom में प्रोग्राम दुबारा लिखे जा सकते हैं।
(e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS PO 2011)*

**15.** रैन्डम एक्सेस मेमोरी निम्नांकित में से किसे कहा जाता है ?
(a) रैम (b) रोम (c) पी-रोम
(d) उपर्युक्त सभी (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*

**16.** कंप्यूटर बंद होने पर ....... के कंटेंट्स निकल जाते हैं।
(a) स्टोरेज (b) इनपुट (c) आउटपुट
(d) मैमरी (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS PO 2011, IBPS Clerk 2011)*

**17.** कम्प्यूटर में स्थायी मेमोरी के लिए किन वस्तुओं का प्रयोग किया जाता है?
(a) फ्लॉपी डिस्क (b) टेप-चुम्बकीय (c) हाई डिस्क
(d) ऑप्टिकल डिस्क (e) ये सभी

**18.** RAM (रैम) किस प्रकार की मेमोरी है ?
(a) बाहरी (b) सहायक (c) भीतरी
(d) मुख्य (e) इनमें से कोई नहीं

**19.** सुपर कम्प्यूटर के प्लॉपी की क्षमता क्या है ?
(a) 400 M (b) 500 M (c) 600 M
(d) 700 M (e) इनमें से कोई नहीं

**20.** हार्ड डिस्क ड्राइव्स को ...... स्टोरेज माना जाता है।
(a) फ्लैश (b) नॉनवोलाटाइल (c) टेम्परिर
(d) नॉनपरमानेन्ट (e) इनमें से कोई नहीं

**21.** निम्नांकित में से कौन कम्प्यूटर का बिल्ट इन मेमोरी है ?
(a) EROM (b) ROM (c) RAM
(d) PROM (e) EREM *(SBI 2009)*

**22.** फ्लेश क्या है ?
(a) सॉफ्टवेयर (b) हॉर्डवेयर (c) ROM
(d) RAM (e) इनमें से कोई नहीं

**23.** निम्न में से कौन RAM नहीं है ?
(a) FLASH (b) DRAM (Dynamic Ram)
(c) SRAM (Static Ram) (d) PRAM (e) इनमें से कोई नहीं

**24.** सेल फोनों में किस प्रकार के स्टोरेज डिवायसों का उपयोग किया जाता है ?
(a) Cache (b) Flash (c) Rom
(d) Buffer (e) इनमें से कोई नहीं

**25.** इंटरनल स्टोरेज किस प्रकार का स्टोरेज है ?
(a) प्राइमरी (b) सेकेंडरी (c) ऑक्जिलरी
(d) वर्चुअल (e) इनमें से कोई नहीं

26. कम्प्यूटर शब्दकोष में CD अक्षरों का प्रयोग किसके लिए किया जाता है ?
(a) कॉम्पेक्ट डिस्क (b) कम्प्रेस्ड डिस्क (c) कम्प्यूटराइज्ड डाटा
(d) कम्प्रेस्ड डाटा (e) इनमें से कोई नहीं

27. किस मेमोरी में रखा डाटा बिजली जाते ही समाप्त हो जाता है ?
(a) डिस्क (b) रैम (c) फ्लापी
(d) सी० डी० (e) इनमें से कोई नहीं

28. सी० डी० को कॉम्पैक्ट डिस्क के अलावा अन्य किस नाम से जाना जाता है ?
(a) ऑब्जेक्ट डिस्क (b) प्रोजेक्ट डिस्क (c) ऑप्टिकल डिस्क
(d) उपर्युक्त सभी (e) इनमें से कोई नहीं

29. सी० डी० किस प्रकार की मेमोरी है ?
(a) भीतरी (b) बाहरी (c) सहायक
(d) 1 तथा 2 दोनों (e) इनमें से कोई नहीं

30. .......... RAM का एक प्रकार नहीं है।
(a) मेगाबाइट (b) 64 मेगाबाइट (c) 574 मेगाबाइट
(d) 32 मेगाबाइट (e) इनमें से कोई नहीं

31. सीडी रोम का उपयोग होता है ?
(a) काम्पेक्ट डिस्क को रीड करने में (b) संगीत सुनने में
(c) किसी भी सॉफ्टवेयर में
(d) डिजिटल इन्फारमेशन को नियंत्रित करने में (e) इनमें से कोई नहीं

32. कंप्यूटर का कौन-सा भाग फाइलों की केवल अस्थाई स्टोरेज उपलब्ध कराता है ?
(a) ROM मेमरी (b) RAM मेमरी (c) हार्ड ड्राइव
(d) मदर बोर्ड (e) प्रोसैसर

*(Allahabad Bank Clerk 2011)*

33. C.D–R.O.M. का पूर्ण रूप है—
(a) कोर डिस्क-रीड ओनली मेमोरी (b) कम्पेक्ट डिस्क-रीड ओनली मेमोरी
(c) सरक्यूलकर डिस्क रीड ओनली मेमोरी (d) उपर्युक्त तीनों
(e) इनमें से कोई नहीं

*(IBPS Clerk 2011)*

34. स्टोरेज माध्यम की क्षमता की इकाई है—
(a) बाइट (b) बिट (c) बग
(d) घन मीटर (e) इनमें से कोई नहीं

35. कम्प्यूटर के संदर्भ में RAM का तात्पर्य है—
(a) रीसेन्ट एण्ड एन्शियेन्ट मेमोरी (b) रैन्डम एक्सेस मेमोरी
(c) रीड एण्ड मेमोरी (d) रिकॉल ऑल मेमोरी (e) इनमें से कोई नहीं

36. कम्प्यूटर हार्डवेयर जो आँकड़ों की बहुत अधिक मात्रा का भण्डारण कर सकता है—
(a) चुम्बकीय टेप (b) डिस्क (c) a, b दोनों
(d) उपर्युक्त तीनों (e) इनमें से कोई नहीं

37. मेमोरी (Memory) शब्द किससे संबंधित है ?
(a) लॉजिक से (b) कंट्रोल से (c) इनपुट से
(d) स्टोरेज से (e) इनमें से कोई नहीं

**38.** निर्माण के समय रिकॉर्ड किया गया डिस्क का कंटेंट जिसे यूजर चेंज या इरेज नहीं कर सकता है, निम्नलिखित होता है,
(a) केवल मेमोरी (b) केवल राइट (c) केवल रीड
(d) केवल रन (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009, IBPS PO 2011)*

**39.** ........... सबसे कॉमन प्रकार की स्टोरेज डिवाइसें हैं।
(a) परसिस्टेंट (b) ऑप्टिकल (c) मैग्नेटिक
(d) फ्लैश (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009, IBPS PO 2011)*

**40.** CD से आप .......... सकते हैं।
(a) पढ़ (b) लिख (c) पढ़ और लिख
(d) या तो पढ़ या लिख (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

**41.** सेव कर कम्प्यूटर बंद करने पर भी आपका डाटा यथावत होगा।
(a) RAM (b) मदरबोर्ड (c) सेकेंडरी स्टोरेज डिवाइस
(d) प्राइमरी स्टोरेज डिवाइस (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009, IBPS PO 2011)*

**42.** किसी स्टोरेज मीडियम में स्टोर की जा सकने वाली डाटा की अधिकतम मात्रा को क्या कहते हैं?
(a) मैग्नेटिक स्टोरेज (b) ऑप्टिकल स्टोरेज (c) सॉलिड-स्टेट स्टोरेज
(d) स्टोरेज क्षमता (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI Asso. Clerk 2010)*

**43.** जब आप इसमें सेव करते हैं, तो आपका डाटा तब भी सुरक्षित रहेगा जब कंप्यूटर बंद कर दिया जाता है—
(a) RAM (b) मदरबोर्ड (c) सेकेंडरी स्टोरेज डिवाइस
(d) प्राइमरी स्टोरेज डिवाइस (e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad PO 2010)*

**44.** CD-RW डिस्क........
(a) का इंटर्नल डिस्क की तुलना में तेज एक्सेस होता है
(b) ऑप्टिकल डिस्क के रूप में है इसलिए इसे एक ही बार राइट किया जा सकता है
(c) में फ्लॉपी डिस्क की तुलना में कम डाटा आता है
(d) को इरेज और रीराइट किया जा सकता है
(e) इनमें से कोई नहीं *(Punjab & Sind 2010, IBPS Clerk 2011)*

**45.** कौन-सी डिवाइस डाटा और प्रोग्राम के बीच का अंतर समझ सकती है?
(a) इनपुट डिवाइस (b) आउटपुट डिवाइस (c) मेमरी
(d) माइक्रो प्रोसैसर (e) इनमें से कोई नहीं *(Punjab & Sind 2010)*

**46.** यदि मेमरी चिप वोलेटाइल हो तो ..........
(a) यह एक्सप्लोड हो जाएगी, यदि अधिक तापमान में एक्सपोज की जाय
(b) इसके कन्टेन्ट खत्म हो जायेंगे, यदि करंट टर्न ऑफ कर दिया जाय
(c) इसका प्रयोग केवल डाटा स्टोरेज के लिए किया जाय
(d) इसका प्रयोग डाटा को रीड और राइट दोनों के लिए किया जाएगा
(e) इनमें से कोई नहीं *(Punjab & Sind 2010)*

**47.** रीड ओनली मेमोरी (ROM) की कौन-सी विशेषता उसे उपयोगी बनाता है?
(a) ROM जानकारी को आसानी से अपडेट किया जा सकता है

(b) ROM में डाटा को खतरा नहीं होता, बिजली न होने पर भी वह उसमें रहता है
(c) ROM विशाल सस्ता डाटा स्टोरेज उपलब्ध कराता है
(d) ROM चिपों की अलग-अलग ब्रांड के कंप्यूटरों में आसानी से अदला-बदली की जा सकती है
(e) इनमें से कोई नहीं *(Union Bank of India Clerk 2011)*

**48.** जब प्रोसेसर उनका प्रयोग करता है तब डाटा और प्रोग्राम कहा रखे जाते हैं?
(a) मेन मेमरी (b) सेकेंडरी मेमरी (c) डिस्क मेमरी
(d) प्रोग्राम मेमरी (e) इनमें से कोई नहीं *(Union Bank of India Clerk 2011)*

**49.** डीवीडी (DVD) ......... का उदाहरण है।
(a) हार्ड डिस्क (b) ऑप्टिकल डिस्क (c) आउटपुट डिवाइज
(d) सॉलिड-स्टेट स्टोरेज डिवाइज (e) इनमें से कोई नहीं
*(Bank of Baroda 2011, IBPS PO 2011)*

**50.** स्टोरेज मिडिया के रूप में, निम्न में से क्या सीडी-रॉम (CD-ROM) के फायदे हैं?
(a) बृहतस्तर पर डाटा और जानकारी स्टोर करने का सीडी रॉम (CD-ROM) एक कम खर्चिला / इनएक्सपेसिव तरीका है
(b) मॅग्नेटिक डिस्क की तुलना में सीडी रॉम डिस्क डाटा और जानकारी जल्दी पुनः प्राप्त कर सकती है
(c) मैग्नेटिक मिडिया की अपेक्षा सीडी रॉम कम गलतियां करते हैं
(d) ये सभी
(e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad Bank PO 2011, IBPS PO 2011)*

**51.** निम्न में से कौनसे घटकों के विषय में स्टोरेज और मेमोरी भिन्न है?
(a) कीमत / मूल्य (b) विश्वसनीयता (c) गति
(d) ये सभी (e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad Bank PO 2011)*

**52.** कौनसे मिडिया में डाटा / जानकारी, उनमें यूजर द्वारा एक से ज्यादा बार स्टोर करने (लिखने) की क्षमता है?
(a) सीडी-आर (CD-R) डिस्क (b) सीडीआरडब्लू (CD-RW) डिस्क
(c) जिप डिस्क (d) ऑप्टी डिस्क
(e) दोनों सीडी आर डब्लू (CD-RW) डिस्क और जिप डिस्क
*(Allahabad Bank PO 2011)*

**53.** स्टोरेज मिडिया जैसे सीडी जो सूचनाएं.......के प्रयोग से लिखती है और पढ़ती है।
(a) रेड लाइट के लेसर झरोके से (b) मैग्नेटिक डॉट
(c) मैग्नेटिक स्ट्रिप्स (d) ये सभी (e) इनमें से कोई नहीं
*(Allahabad Bank PO 2011)*

**54.** जब पॉवर ऑफ / वंद की जाती है तब कैचे और प्रमुख मेमोरी अपने कंटेट्स खो देते हैं, वे है.........
(a) डायनॅमिक (b) स्टिक
(c) वोलाटाइल (d) गैर-वोलाटाइल (e) फॉल्टी / दोषपूर्ण
*(Allahabad Bank PO 2011)*

**55.** निम्न में से कौन-सा स्टोरेज डिवाइज/उपकरण ऐसा है जो कठिन/रिजीड स्थायी रूप से स्थापित मैगनेंटिक डिस्क का प्रयोग डाटा/जानकारी स्टोर करने हेतु करता है?

(a) फ्लॉपी डिस्केट (b) हार्ड डिस्क (c) स्थायी/पर्मनेट डिस्क
(d) ऑप्टिकल डिस्क (e) इनमें से कोई नहीं

*(Allahabad Bank PO 2011, IBPS PO 2011)*

**56.** निम्न में से कौन-सा स्टोरेज डिवाइज/उपकरण का उदाहरण है?

(a) चुंबकीय/मैग्नेटिक डिस्क (b) टेपस्
(c) डीवीडीज् (DVDs) (d) ये सभी (e) इनमें से कोई नहीं

*(Allahabad Bank PO 2011)*

**57.** निम्न में से कौन-सा ऑप्टिकल डिस्क का उदाहरण है?

(a) डिजिटल वर्साटाइल डिस्कस् (b) मैग्नेटिक डिस्कस्
(c) मेमोरी डिस्कस् (d) डाटा बस डिस्कस् (e) इनमें से कोई नहीं

*(Allahabad Bank PO 2011)*

**58.** कंप्यूटर की प्रमुख मेमोरी को........भी कहा जाता है।

(a) प्राथमिक/प्रायमरी स्टोरेज (b) आंतरिक मेमोरी
(c) प्रायमरी मेमोरी (d) ये सभी (e) इनमें से कोई नहीं

*(Allahabad Bank PO 2011)*

**59.** डिस्क को ट्रैकों और सेक्टरों में विभाजित करने की प्रक्रिया क्या है?

(a) ट्रैकिंग (b) फार्मेटिंग (c) क्रैशिंग
(d) एलॉटिंग (e) डाइसिंग *(Allahabad Bank PO 2011, IBPS PO 2011)*

**60.** डिस्क के उस कन्टेन्ट को क्या कहते हैं जो विनिर्माण के समय रिकॉर्ड किया गया हो और उसे प्रयोक्ता परिवर्तित या इरेज नहीं कर सकता है?

(a) केवल-मेमरी (b) केवल-राइट (c) केवल-रीड
(d) केवल-रन (e) नॉन-चेंजेबल *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

**61.** स्थाई स्टोरेज डिवाइस कौन-सी है?

(a) फ्लॉपी डिस्क (b) मानीटर (c) RAM
(d) कैश (e) हार्डडिस्क *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

**62.** कंप्यूटर के स्पेस को क्या कहते हैं जिसमें डाटा लोड होता है और काम करता है?

(a) कैश मेमरी (b) CPU (c) मेगाबाइट
(d) RAM मेमरी (e) ROM मेमरी *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

**63.** किसी स्टोरेज लोकेशन को आइडेंटिफाई करने के लिए प्रयुक्त नाम या नंबर को ..... कहते हैं।

(a) बाइट (b) रिकॉर्ड (c) एड्रेस
(d) प्रोग्राम (e) बिट

*(IBPS Clerk 2011)*

**64.** RAM निम्नलिखित में से किसका एक उदाहरण है?

(a) नोनवोलाटाइल मैमरी (b) कैश मैमरी (c) वोलाटाइल मैमरी
(d) वर्चुअल मैमरी (e) इनमें से कोई नहीं

*(IBPS Clerk 2011)*

**65.** निम्न में से कौन-सा स्टोरेज माध्यम नहीं है?

(a) हार्ड डिस्क (b) फ्लैश ड्राइव (c) DVD
(d) CD (e) कीबोर्ड

*(IBPS Clerk 2011)*

**66.** ..... में वोलाटाइल चिप होते हैं डाटा या इन्स्ट्रक्शनों को अस्थाई रूप से स्टोर करता है।
(a) CPU (b) ROM (c) RMA
(d) RAM (e) इनमें से कोई नहीं
*(IBPS Clerk 2011)*

**67.** कंप्यूटर का कौन सा भाग सूचना को स्टोर करने में सहायक होता है?
(a) मॉनिटर (b) कीबोर्ड (c) डिस्क ड्राइव
(d) प्रिंटर (e) प्लॉटर
*(IBPS Clerk 2011)*

**68.** RAM में स्टोर की गई सूचना वोलेटाइल मानी जाती है, जिसका अर्थ है कि .....
(a) वहा स्थाई रूप से स्टोर्ड है
(b) स्थाई रूप से नहीं, केवल अस्थाई रूप से है
(c) जब बिजली बंद की जाए तो स्टोर की जाती है
(d) CPU डिवाइस में स्थाई रूप से स्टोर की जाती है
(e) इनमें से कोई नहीं
*(IBPS Clerk 2011)*

**69.** देरी से बचने के लिए अगले डाटा या इन्स्ट्रक्शन को प्रोसैस करने के लिए स्टोरेज स्पेस....
(a) कैश (b) रजिस्टर (c) RAM
(d) CPU (e) प्रिंटर
*(IBPS Clerk 2011)*

**70.** RAM व सेकेंडरी स्टोरेज डिवाइस प्राथमिक तौर पर ..... की दृष्टि से भिन्न होती है।
(a) उनमें पीरियड डाटा स्टोर किया जाता है
(b) RAM स्थाई है और सेकेंडरी स्टोरेज अस्थाई
(c) RAM इनपुट स्वीकार करती है, सेकेंडरी स्टोरेज डिवाइस नहीं
(d) जिस तरीके से उनमें डाटा स्टोर होता है
(e) इनमें से कोई नहीं
*(IBPS Clerk 2011)*

**71.** यदि प्रयोक्ता को CPU में तत्काल उपलब्ध सूचना की जरूरत हो यह.....स्टोर की जानी चाहिए।
(a) CPU में (b) RAM में (c) सेकेंडरी स्टोरेज में
(d) CD में (e) टेप पर
*(IBPS Clerk 2011)*

## उत्तर

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (b) | 2. (b) | 3. (d) | 4. (d) | 5. (e) | 6. (a) | 7. (a) |
| 8. (b) | 9. (d) | 10. (c) | 11. (b) | 12. (a) | 13. (b) | 14. (c) |
| 15. (a) | 16. (d) | 17. (e) | 18. (d) | 19. (b) | 20. (b) | 21. (b) |
| 22. (d) | 23. (d) | 24. (b) | 25. (a) | 26. (a) | 27. (b) | 28. (c) |
| 29. (c) | 30. (c) | 31. (a) | 32. (b) | 33. (b) | 34. (a) | 35. (b) |
| 36. (c) | 37. (d) | 38. (c) | 39. (c) | 40. (c) | 41. (c) | 42. (d) |
| 43. (c) | 44. (d) | 45. (d) | 46. (b) | 47. (b) | 48. (a) | 49. (b) |
| 50. (a) | 51. (d) | 52. (b) | 53. (a) | 54. (c) | 55. (b) | 56. (d) |
| 57. (a) | 58. (d) | 59. (b) | 60. (c) | 61. (e) | 62. (d) | 63. (c) |
| 64. (c) | 65. (e) | 66. (d) | 67. (c) | 68. (b) | 69. (a) | 70. (a) |
| 71. (b) | | | | | | |

★★★



05

# पर्सनल कम्प्यूटर
## (Personal Computer)

पीसी (PC-Personal Computer) व्यक्तिगत उपयोग के लिए छोटा, अपेक्षाकृत कम खर्चीला डिजाइन किया गया कम्प्यूटर है। यह माइक्रोप्रोसेसर प्रौद्योगिकी पर आधारित है। कम्प्यूटर निर्माताओं को एक चिप पर पूरा CPU डालने में सक्षम बनाता है। व्यापार में इसका उपयोग शब्द संसाधन (Word processing), लेखांकन (Accounting), डेस्कटॉप प्रकाशन, स्प्रेडशीट तथा डेटाबेस प्रबंधन आदि के लिए होता है। घर में पर्सनल कम्प्यूटर का उपयोग मनोरंजन के लिए, ई–मेल देखने तथा छोटे-छोटे दस्तावेज तैयार करने के लिए होता है।

### पर्सनल कम्प्यूटर का विकास
*Development of Personal Computer*

पीसी (पर्सनल कम्प्यूटर) सबसे पहले 1970 के दशक में दिखाई दिया। 1970 में माइक्रो प्रोसेसर के विकास ने PC का विकास किया। सर्वप्रथम सबसे लोकप्रिय पीसी एप्पल II 1977 में एप्पल कम्प्यूटर के द्वारा लाया गया। 1981 में IBM (International Bussiness Machine) ने अपना पहला पीसी IBM पीसी के नाम से लाया। IBM पीसी उस समय का सर्वाधिक लोकप्रिय पीसी था।

### पर्सनल कम्प्यूटर (पीसी) के भाग या घटक
*Parts of Personal Computer*

एक पीसी आमतौर पर निम्नलिखित भागों से मिलकर बनता है—

1. सिस्टम यूनिट (System Unit) : पीसी द्वारा किये जाने वाले सारे कार्य यहीं से नियंत्रित होते हैं। इसके पीछे के भाग से की-बोर्ड, मॉनिटर, माउस तथा प्रिन्टर आदि तारों के सहारे जुड़े रहते हैं। हार्ड डिस्क, सीडी ड्राइव तथा फ्लॉपी ड्राइव इत्यादि इसके अन्दर जुड़े रहते हैं जिन्हें इसे सॉफ्टवेयर के द्वारा नियंत्रित किया जाता है। यह पीसी का मुख्य भाग है। संरचना के आधार पर सिस्टम यूनिट दो प्रकार का होता है—

(a) डेस्कटॉप टाइप (Desktop Type) : सिस्टम यूनिट एक वर्गाकार बॉक्स के तरह होता है तथा मॉनिटर इसके ऊपर रखा जाता है।





(b) टावर टाइप (Tower Type) : इसमें सिस्टम यूनिट एक टावरनुमा बॉक्स में होता है जो मॉनिटर के बगल में रखा जाता है। इसमें अतिरिक्त भंडारण उपकरणों को स्थापित करना आसान होता है।

**सिस्टम यूनिट के मुख्य भाग**

Main parts of System unit

(i) सी पी यू (CPU): इसे *प्रोसेसर* या *माइक्रोप्रोसेसर* भी कहते हैं। यह पीसी से जुड़े विभिन्न उपकरणों को नियंत्रित करता है। यह कम्प्यूटर द्वारा प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण करता है।

इसके तीन भाग होते हैं—

मुख्य मेमोरी (Main Memory): वर्तमान में उपयोग हो रहे डेटा या निर्देशों को संग्रहित करता है।

अर्थमेटिक लॉजिक यूनिट (Arithmetic Logic Unit) : अंकगणितीय तथा तार्किक गणनाओं में इसका उपयोग होता है। यहाँ सभी प्रकार की गणना की जा सकती है।

कंट्रोल यूनिट (Control Unit) : यह कम्प्यूटर द्वारा हो रहे सारे कार्यों को नियंत्रित करता है।

(ii) मदर बोर्ड (Mother Board): यह प्लास्टिक का बना एक सर्किट बोर्ड है, जिसमें धातु द्वारा निर्मित महीन धागे के समान संरचनाएँ होती हैं। इस धातु के संरचना को बस (BUS) कहते हैं, जिसके द्वारा विभिन्न संकेतों या सूचनाओं का आदान–प्रदान विद्युत प्रवाह के रूप में होता है, यह कम्प्यूटर की बुनियाद है। कम्प्यूटर में प्रोसेसर, विभिन्न प्रकार के कार्ड जैसे डिस्पले कार्ड, साउंड कार्ड आदि मदरबोर्ड पर ही स्थापित किये जाते हैं। यह कम्प्यूटर का मुख्य पटल होता है।



(iii) रैम (RAM): मदरबोर्ड पर रैम लगाने का स्थान (Slot) बना रहता है, जिसमें हम अपनी आवश्यकतानुसार रैम लगा सकते हैं। यह एक कार्यकारी मेमोरी है यानि यह तभी काम करता है जब हम कम्प्यूटर पर काम कर रहे होते हैं। कम्प्यूटर बंद रहने पर इसमें संग्रहित सभी सूचनायें नष्ट हो जाती है। यहाँ सूचनाओं को अस्थायी तौर पर रखा जाता है।

(iv) रॉम (ROM): रॉम अर्थात् रीड ओनली मेमोरी जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है कि इस मेमोरी में संग्रहित सूचनाओं को केवल पढ़ा जा सकता है, उसे परिवर्तित नहीं किया जा सकता है। कम्प्यूटर बंद रहने पर भी रॉम में सूचनायें संग्रहित रहती है, नष्ट नहीं होती।

(v) मैथ कोप्रोसेसर (Math Coprocessor): यह कम्प्यूटर का दूसरा सहायक प्रोसेसर है। इसका उपयोग वैज्ञानिक गणनाओं और बीजगणितीय कार्यों के चल बिन्दु (Floating Point) गणनाओं में होता है।

(vi) विडियो कार्ड (Video Card): इसे *ग्राफिक्स एक्सेलेरेटर कार्ड, डिसप्ले एडेप्टर या ग्राफिक्स कार्ड* भी कहा जाता है। यह हार्डवेयर का भाग है, जिसका कार्य स्क्रीन पर चित्र या दृश्य प्रदर्शित करना है।

(vii) साउण्ड कार्ड (Sound Card) : अधिकतर पीसी मल्टीमीडिया के लिए बने होते हैं। साउण्ड कार्ड मदरबोर्ड पर एक स्लॉट में लगा रहता है या बोर्ड में ही बना होता है। साउण्ड कार्ड की सहायता से संगीत, भाषण या कोई भी ध्वनि को सुना जा सकता है।

(viii) विद्युत् आपूर्ति (Power Supply) : पीसी के पीछे जहाँ पावर कार्ड जोड़ा जाता है वह विद्युत् आपूर्ति (Power Supply) है। यह AC वोल्टेज को कम्प्यूटर के विभिन्न घटकों के लिए उपयुक्त DC वोल्टेज में परिवर्तित करता है। कम्प्यूटर के घटकों को ± 5 वोल्ट की आवश्यकता होती है।

(ix) स्पीकर (Speaker) : सिस्टम यूनिट के अन्दर कुछ ध्वनि संकेत के लिए स्पीकर लगा होता है। जैसे कम्प्यूटर ऑन करने पर स्क्रीन ऑन होने के पहले बीप (beep) ध्वनि स्पीकर द्वारा उत्पन्न होता है।

(x) टाइमर (Timer) : यह मदरबोर्ड पर लगा आंतरिक घड़ी है जो बैटरी से चलती है तथा कम्प्यूटर के आपरेशनों को सिक्रोनाइज करने के लिए इलेक्ट्रीकल पल्स पैदा करती है तथा इसके स्पीड की गणना गीगा हर्टज में की जाती है।

(xi) एक्सपैंशन स्लॉट (Expansion slot) : यह कम्प्यूटर के मदरबोर्ड में निर्धारित वह स्थान है, जहाँ भविष्य में किसी अन्य उपकरण को जोड़ने के लिए स्लॉट बना होता है।

सिस्टम यूनिट के सामने के भाग में पावर स्विच, रिसेट बटन, फ्लॉपी ड्राइव तथा सीडी ड्राइव होता है। पावर स्विच सिस्टम यूनिट में विद्युत आपूर्ति को ऑन या ऑफ करने के लिए प्रयोग होता है। रिसेट बटन सिस्टम में विद्युत आपूर्ति को बंद किये बिना फिर से ऑन करने के लिए होता है। यह सिस्टम हैंग करने के स्थिति में प्रयोग होता है। फ्लॉपी ड्राइव तथा सीडी ड्राइव क्रमशः फ्लॉपी तथा सीडी के रीड और राइट करने के लिए उपयुक्त होता है।

सिस्टम यूनिट के पीछे भाग में विभिन्न बाह्य यंत्रों (Accessories) को जोड़ने के लिए पोर्ट और जैक बने होते हैं। ये निम्नलिखित हैं।



(a) पावर सॉकेट (Power Socket)
(b) की-बोर्ड पोर्ट (Keyboard Port)
(c) मॉनिटर पोर्ट (Monitor Port)
(d) सीरियल पोर्ट (Serial Port)
(e) पैरेलल पोर्ट (Parallel Port)
(f) ऑडियो जैक (Audio Jack)
(g) नेटवर्क पोर्ट (Network Port)
(h) यू एस बी पोर्ट (Universal Serial Bus Port)
(i) SCSI पोर्ट (Small Computer System Interface Port)

2. हार्ड डिस्क (Hard Disk) : यह विशाल क्षमता युक्त स्थाई भंडारण उपकरण है। सॉफ्टवेयर, प्रोग्राम एवं डेटा इसमें संग्रह कर रखते हैं तथा आवश्यकतानुसार कम्प्यूटर उसका उपयोग करता है। यह कम्प्यूटर में लगा स्थायी डेटा स्टोर करने का उपकरण है।

3. सीडी ड्राइव (CD-Drive) : सीडी से डाटा पढ़ने या लिखकर स्टोर के लिए इसकी आवश्यकता होती है।

4. फ्लॉपी ड्राइव (Floppy Drive) : फ्लॉपी को पढ़ने या लिखने के लिए इसकी आवश्यकता होती है।

5. मॉनिटर (Monitor) : यह आउटपुट उपकरण है जिसके द्वारा मानव तथा कम्प्यूटर के बीच संवाद होता है। यह सी पी यू से जुड़ा रहता है।

6. माउस (Mouse) : यह इनपुट उपकरण है। यह दो बटन, तीन बटन या ऑप्टिकल होते हैं। यह सी पी यू से कार्ड के साथ जुड़ा रहता है।

7. की-बोर्ड (Key Board) : पीसी में डेटा को इनपुट करने के लिए लगा उपकरण जिसके द्वारा हम अक्षरों एवं अंकों को इनपुट के रूप में कम्प्यूटर में डालते हैं। साधारण की बोर्ड में 104–की (Keys) होते हैं पर IBM पीसी के की-बोर्ड में 83 की (Key) होते हैं।

8. स्पीकर (Speaker) : यह एक आउटपुट उपकरण है। यह ध्वनि के रूप में आउटपुट देता है। इसका उपयोग प्रायः मनोरंजन के लिए होता है।

9. प्रिन्टर (Printer) : यह एक आउटपुट उपकरण है जो कम्प्यूटर द्वारा प्रदत्त आउटपुट को कागज पर प्रिन्ट करता है या हार्ड कॉपी प्रदान करता है।

10. स्कैनर (Scanner) : वह उपकरण जो इमेज को स्कैन कर बाइनरी कोड में बदलकर कम्प्यूटर में इनपुट करता है।

11. सीडी रॉम ड्राइव (CD-ROM Drive) : सीडी से डेटा पढ़ने में प्रयुक्त किया जाने वाला यंत्र है।

12. सीडी राइटर (CD-Writer) : सीडी से डेटा पढ़ने एवं लिखने दोनों में प्रयुक्त किया जाने वाला यंत्र है।

13. मॉडेम (MODEM) : यह Modulator–Demodulator का संक्षिप्त नाम है। यह टेलीफोन लाइन के द्वारा कम्प्यूटर को इंटरनेट से जोड़ता है तथा डेटा को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजता है।

14. यू पी एस (UPS–Uninterruptible Power Supply) : यह बैटरी से संचालित उपकरण है जिसके द्वारा कम्प्यूटर में अनवरत विद्युत आपूर्ति बनी रहती है। कम्प्यूटर के अचानक बंद हो जाने से वर्तमान में हो रहे कार्य नष्ट हो सकते हैं। परन्तु यू पी एस के उपयोग से ऐसा होने से बचाया जाता है।

## वस्तुनिष्ट प्रश्न

1. ..........CPU के लिए सामान्य गणित परफार्म करता है।
   (a) ALU (b) DIMM (c) BUS
   (d) Register (e) इनमें से कोई नहीं
2. मदरबोर्ड के कंपोनेन्ट्स के बीच इन्फार्मेशन.....के माध्यम से ट्रेवल करता है।
   (a) फ्लैश मेमरी (b) CMOS (c) बेज
   (d) बसेज (Bus) (e) पेरिफरल्स
3. कम्प्यूटर का मुख्य पटल कहलाता है—
   (a) फादर बोर्ड (b) मदर बोर्ड (c) की बोर्ड
   (d) उपर्युक्त तीनों (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*
4. पी.सी. का पूरा नाम क्या है?
   (a) पर्सनल कम्प्यूटर (b) प्राइवेट कम्प्यूटर (c) पब्लिक कम्प्यूटर
   (d) 1 तथा 2 दोनों (e) इनमें से कोई नहीं

**16.** ........संपूर्ण कंप्यूटर प्रणाली के लिए संप्रेषण नियंत्रण करता है।
(a) अंकगणित-तार्किक यूनिट (b) सेमी कंडक्टर (c) मदरबोर्ड
(d) कोप्रोसेसर (e) इनमें से कोई नहीं *(Bank of Baroda 2011)*

**17.** .......कंप्यूटर प्रणाली के लिए विस्तारण क्षमता प्रदान करते हैं।
(a) सांकेट्स (b) स्लॉट्स (c) बाइट
(d) बेज (e) इनमें से कोई नहीं *(Bank of Baroda 2011)*

**18.** प्रोसेसिंग डिवाइज / उपकरण का उदाहरण होगा.........
(a) चुंबकीय / मैग्नेटिक इंक रीडर (b) टैबलेट PC
(c) विशेष कार्य कार्ड (d) स्कैनर्स (e) कुंजीपटलें
*(Allahabad Bank PO 2011)*

**19.** .......डिस्क को पढ़ने के लिए प्रयोग में आने वाला हार्डवेयर है।
(a) फ्लॉपी डिस्क (b) हार्डवेयर (c) सॉफ्टवेयर
(d) डिस्क ड्राइव (e) CPU *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

**20.** .......एक बॉक्स है जिसमें कंप्यूटर सिस्टम के सर्वाधिक महत्वपूर्ण भाग होते हैं।
(a) सोफ्टवेयर (b) हार्डवेयर (c) इनपुट डिवाइस
(d) सिस्टम यूनिट (e) इनमें से कोई नहीं
*(Allahabad Bank Clerk 2011, (IBPS Clerk 2011))*

**21.** .......हार्ड ड्राइव सिस्टम यूनिट में परमानेन्टली लोकेटेड होते हैं और ये निकालने के लिए डिजाइन नहीं किये गये होते हैं, जब तक कि उन्हें रिपेर या रिप्लेस करने की जरूरत न हो।
(a) स्टेटिक (b) इंटरनल (c) एक्सटरनल
(d) रिमुव (e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

**22.** इलेक्ट्रानिक कंपोनेन्टवाले थिन प्लेट या बोर्ड को ..... कहते हैं।
(a) हार्ड डिस्क (b) स्कैनर (c) RAM
(d) ROM (e) सर्किट बोर्ड *(IBPS Clerk 2011)*

**23.** निम्न में से कौन-सा सिस्टम यूनिट का भाग है ?
(a) मॉनिटर (b) CPU (c) CD-ROM
(d) फ्लॉपी डिस्क (e) प्रिंटर *(IBPS Clerk 2011)*

**24.** एक्सपैंशन कार्ड ...... में इन्सर्ट किए जाते हैं।
(a) स्लॉट (b) पेरिफेरल डिवाइस (c) CPU
(d) कंप्यूटर के पीछे (e) पेग्स *[IBPS Clerk 2011]*

**25.** मदरबोर्ड क्या है ?
(a) कंप्यूटर के ऑन करने पर एक्सेस किया जानेवाला पहला चिप
(b) सर्किट बोर्ड जिसमें पेरिफेरल डिवाइसें होती हैं
(c) वही जो CPU चिप है
(d) सर्किट बोर्ड जिसमें CPU और अन्य चिप होते हैं
(e) प्रिंटर का भाग *(IBPS Clerk 2011)*

26. कंप्यूटर सिस्टम की घड़ी क्या है ?
    (a) एक सॉफ्टवेयर है जो टास्क बार पर समय दिखाती है और परिवर्तित नहीं की जा सकती
    (b) एक टाइमिंग डिवाइस है जो कंप्यूटर में सभी इन्स्ट्रक्शन इनपुट को प्रोसैस करती है
    (c) एक टाइमिंग डिवाइस है जो कंप्यूटर के ऑपरेशनों को सिंकोनाइज करने के लिए इलेक्ट्रिकल पल्स पैदा करती है
    (d) एक डिवाइस है जो कंप्यूटर सिस्टम में सबसे नई और सबसे आधुनिक है
    (d) इनमें से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*

27. निम्न में से कौन सा CPU का भाग नहीं है ?
    (a) ALU (b) प्रीफेच यूनिट (c) डीकोड यूनिट
    (d) RAM (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*

28. कंप्यूटर की घड़ी की स्पीड की गणना.....में की जाती है।
    (a) गीगाबाइट (b) बिट (c) मेगाहार्ट्ज
    (d) गीगाहार्ट्ज (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*

## उत्तर

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 2. (d) | 3. (b) | 4. (a) | 5. (a) | 6. (c) | 7. (d) |
| 8. (d) | 9. (c) | 10. (c) | 11. (b) | 12. (a) | 13. (b) | 14. (a) |
| 15. (d) | 16. (c) | 17. (b) | 18. (c) | 19. (d) | 20. (d) | 21. (b) |
| 22. (e) | 23. (b) | 24. (a) | 25. (d) | 26. (c) | 27. (d) | 28. (b) |

★★★

# 06

# डिजाइन टूल्स तथा प्रोग्रामिंग भाषाएँ
## (Design Tools and Programming Languages)

### I. डिजाइन टूल्स
*Design Tools*

किसी प्रोग्राम को लिखने से पहले उसके अर्न्तगत होने वाले इनपुट, आउटपुट, डेटा के प्रवाह तथा लॉजीक का निर्धारण करना होता है। इसके लिए हमें डिजाइन टुल्स की आवश्यकता होती है। ये डिजाइन टुल्स निम्नलिखित है :

#### डी एफ डी
*DFD–Data Flow Diagram*

DFD किसी प्रोसेस या सिस्टम में डेटा के प्रवाह का चित्रात्मक प्रदर्शन है। इसमें सिस्टम में कंट्रोल का प्रवाह न दिखाकर डेटा का प्रवाह को चित्रित करते हैं।

DFD बनाने के लिए कुछ चिह्नों और संकेतकों (Symbols and Notations) का उपयोग होता है। ये संकेतक निम्नलिखित हैं :




**डेटा फ्लो** (Data Flow) :इसे तीर के चिह्न वाली रेखा से प्रदर्शित करते हैं। यह सिस्टम में डेटा के प्रवाह की दिशा बताता है।

**प्रक्रिया** (Process) :यह आने वाली डेटा के प्रवाह (Incoming data flow) को जाने वाली डेटा के प्रवाह (outgoing data flow) में बदल देता है। इसके अन्दर प्रोसेस के निर्देश होते हैं।

**निर्णय** (Decision) :यह लॉजिकल प्रक्रिया को प्रदर्शित करता है जिसका परिणाम हाँ (yes) या ना (No) होता है। DFD में इसे ◇ से दर्शाया जाता है।

**कनेक्टर** (Connector) :विशाल प्रोग्राम के एक पृष्ठ से अधिक के फ्लोचार्ट को कनेक्टर के द्वारा जोड़ा जाता है।

इनपुट/आउटपुट (Input/output): यह प्रोग्राम में इनपुट तथा आउटपुट को दर्शाता है।

डेटा स्टोर (Data Store): यह डेटा के संग्रह को दर्शाता है।

### एल्गोरिदम
*Algorithm*

कम्प्यूटर की सहायता से किसी भी कार्य को सम्पन्न करने के लिए प्रोग्राम या निर्देशों के समूह की आवश्यकता होती है। प्रोग्राम लिखने के लिए हमें एक-एक कर बताना होता है, यह कैसे संपन्न होगा या प्रोग्राम किस लॉजिक पर कार्य करेगा यहाँ पर हमें कम्प्यूटर एल्गोरिदम की जरूरत होती है। एल्गोरिदम किसी कम्प्यूटर प्रोग्राम को पूरा करने के लिए बुनियादी तकनीक है। यह निर्देशों का समूह है जो कार्य सम्पन्न होने में सहायक है।

### फ्लोचार्ट
*Flowchart*

फ्लोचार्ट एल्गोरिदम या प्रोसेस का चित्रात्मक प्रदर्शन है। फ्लोचार्ट प्रोसेस या प्रोग्राम का विश्लेषण, डिजाइन करने, डाक्यूमेंट बनाने तथा प्रबंधन में उपयोग होता है। यह भी DFD के तरह चिह्नों तथा संकेतकों का प्रयोग कर बनाया जाता है।

### सुडोकोड
*Pseudocode*

इसे *प्रोग्राम डिजाइन लैंग्वेज (PDL)* भी कहा जाता है जो फ्लोचार्ट का एक विकल्प है। सुडोकोड में लॉजिक को अंग्रेजी की तरह लिखा जाता है। बहुत सारे प्रोग्रामर सुडोकोड को वरीयता देते हैं क्योंकि इसमें परिवर्तन करना आसान है।

## II. प्रोग्रामिंग भाषाएँ
*Programming Languages*

### परिचय
*Introduction*

प्रोग्रामिंग भाषा कम्प्यूटर को निर्देश देने तथा इच्छानुसार कार्य करवाने का एक माध्यम है। यह एक कृत्रिम भाषा है जिसे कम्प्यूटर को एक निश्चित क्रमानुसार चलाने या काम करने के लिए प्रयोग में लाया जाता है। यह की-बोर्ड, सिंवाल्स का एक सेट और स्टेटमेंट कन्स्ट्रक्ट करने के लिए नियमों का एक सेट है, जिसके द्वारा मानव कम्प्यूटर द्वारा निष्पादित किये जाने वाले अनुदेशों को संप्रेषित कर सकता है।

मुख्यतः प्रोग्रामिंग भाषा दो प्रकार के होते हैं:

(a) निम्न स्तरीय भाषा (Low Level Language)

(b) उच्च स्तरीय भाषा (High Level Language)



### मशीन भाषा
*Machine Language*

यह कम्प्यूटर की आधारभूत भाषा है। यह केवल 0 और 1 दो अंकों के प्रयोग से निर्मित शृंखला अर्थात् बाइनरी कोड से लिखी जाती है। यह एकमात्र कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग भाषा है जो कि कम्प्यूटर द्वारा सीधे-सीधे समझी जाती है। इसे किसी अनुवादक (Translator) प्रोग्राम की आवश्यकता नहीं करनी होती है। इसे कम्प्यूटर का मशीन संकेत भी कहते हैं। प्रोग्रामिंग के शुरूआत के समय प्रोग्राम इसके प्रयोग से लिखे जाते थे।

मशीन भाषा में प्रत्येक निर्देश के दो भाग होते हैं पहला *ऑपरेशन कोड* या *ऑपकोड* *(operation code* or *opcode)* और दूसरा *लोकेशन कोड* या *ऑपरेण्ड (Location code* or *oprand)*। ऑपकोड कम्प्यूटर को यह बताता है कि क्या करना है और ऑपरेण्ड यह बताता है कि आँकड़ें कहाँ से प्राप्त करना है, कहाँ संग्रहित करना है।

मशीन भाषा में प्रोग्राम लिखना एक मुश्किल कार्य है। इस भाषा में प्रोग्राम लिखने के लिए प्रोग्रामर को मशीन निर्देशों या अनेकों संकेत संख्या के रूप में याद करना पड़ता है। इसमें गलती होने की संभावना अत्यधिक है तथा यह अत्यधिक समय लगने वाला कार्य है।

### असेम्बली भाषा
*Assembly Language*

मशीन भाषा में प्रोग्राम लिखने में आनेवाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए एक अन्य असेम्बली भाषा का निर्माण किया गया। इसमें बाइनरी कोड (0 या 1) का इस्तेमाल न कर अक्षर अथवा चिह्नों का प्रयोग किया जाता है जिसे सिम्बॉल (Symbol) भाषा कहते हैं। इसमें न्यूमोनिक कोड का प्रयोग किया गया जिन्हें याद रखना आसान है। जैसे LDA (load), TRAN (Translation), ADD (Adding) तथा SUB (Subtraction) के लिए इत्यादि। इनमें से प्रत्येक के लिए एक मशीन कोड भी निर्धारित किया गया, पर असेम्बली कोड से मशीन कोड या ऑब्जेक्ट कोड में परिवर्तन का काम एक प्रोग्राम के द्वारा किया जाता है। जिसे *असेम्बलर (Assembler)* कहा गया।

अतः असेम्बली भाषा में प्रोग्राम लिखना अपेक्षाकृत अधिक सरल तथा समय की बचत करने वाला है। इसमें गलतियों को सरलता से ढूँढ़ा जा सकता है।

### उच्च स्तरीय भाषा
*High Level Language*

उच्च स्तरीय भाषा कम्प्यूटर में प्रयोग की जाने वाली वह भाषा है जिसमें अंग्रेजी अक्षरों, संख्याओं एवं चिह्नों का प्रयोग कर प्रोग्राम लिखा जाता है। यह मशीन पर निर्भर (Machine dependent) नहीं है। इन प्रोग्रामिंग भाषाओं को कार्यानुसार चार वर्गों में विभाजित किया गया है :

1. वैज्ञानिक प्रोग्रामिंग भाषाएँ (Scientific Programming Languages) : इनका प्रयोग मुख्यतः वैज्ञानिक कार्यों के लिए होता है; जैसे–अल्गोल, बेसिक, फोरट्रॉन, पास्कल आदि।

2. व्यावसायिक प्रोग्रामिंग भाषाएँ (Commercial Programming Languages) व्यापार संबंधित कार्यों, जैसे– बही खाता, रोजानामचा, स्टॉक आदि का लेखा-जोखा आदि के लिए इनका उपयोग किया जाता है। जैसे– PL1, कोबोल, डीबेस आदि।

3. विशेष उद्देश्य प्रोग्रामिंग भाषायें (Special Purpose Programming Languages) ये भाषायें विभिन्न कार्यों को विशेष क्षमता के साथ करने के लिए प्रयोग की जाती है। जैसे AP360, लोगो आदि।

4. बहुउद्देशीय भाषायें (Multipurpose Programming Languages) : जो भाषायें समान रूप से विभिन्न प्रकार के कार्यों को करने की क्षमता रखती है, उन्हें बहुउद्देशीय भाषाएँ कहते हैं। जैसे– बेसिक, पास्कल, PL1 आदि।

**कुछ उच्चस्तरीय भाषाएँ**

1. फोरट्रॉन (FORTRAN–Formula Translation) : इसका विकास सन् 1957 में IBM704 कम्प्यूटर के लिए *जॉन बेकस* के नेतृत्व में हुआ था। यह गणितीय कार्यों, सूत्रों तथा गणनाओं को करने में पूर्णतः सक्षम है। इसका उपयोग वैज्ञानिकों तथा इंजीनियरों द्वारा किया जाता है। यह प्रोग्रामिंग के लिए विकसित की गई सर्वप्रथम भाषा है।

2. अल्गॉल (ALGOL–Algorithmic Language) : अल्गॉल का विकास सन् 1958 में अल्गॉल 58 के नाम से हुआ था। 1960 में इसमें थोड़ा परिवर्तन कर अल्गॉल 60 लाया गया। इसका उपयोग वैज्ञानिक और इंजीनियरिंग उद्देश्य से किया जाता है, तथा यह गणितीय गणना करने में पूर्ण रूप से सक्षम है।

3. PL1 (Programming Language 1) : PL1 का विकास सन् 1960 में IBM के द्वारा व्यावसायिक तथा वैज्ञानिक अनुप्रयोगों के लिए किया गया था। यह एक सफल प्रोग्रामिंग भाषा है, सिवाय इसके कि यह बहुउद्देशीय प्रसाधन देने के कारण छोटे मशीनों के लिए बहुत बड़ा है।

4. पास्कल (Pascal) : सन् 1971 में *निकलॉस विर्थ* द्वारा पास्कल भाषा का विकास किया गया। इस समय अन्य भाषाओं में जो कमी थी उसे पास्कल में प्रदान करने की कोशिश की गई। इस भाषा में संरचित प्रोग्रामिंग तकनीकों (Structured Programming technique) की सुविधा प्रदान की गई। इसे विकसित करने का मूल प्रयोजन छात्रों को प्रोग्रामिंग के मूलभूत तत्वों से अवगत कराना था। यह शिक्षण कार्यों के लिए विकसित किया गया था।

5. बेसिक (BASIC–Beginner's All-purpose Symbolic Instruction Code) : 1964 में *जॉन जार्ज कैमी* और *थॉमस यूजीन कुर्टज* ने बेसिक भाषा का विकास किया। नये प्रोग्रामरों के लिए यह सरल तथा शक्तिशाली भाषा है। यह इनट्रैक्टिव उपयोग के लिए डिजाइन किया गया है। इसका उपयोग वैज्ञानिकों तथा व्यवसायियों दोनों द्वारा किया जाता है।

6. कोबोल (COBOL–Common Business Oriented Language) : इस भाषा का विकास व्यावसायिक हितों के लिए किया गया। इस भाषा में लिखे गये वाक्यों के समूह को *पैराग्राफ* कहते हैं। सभी पैराग्राफ मिलकर एक *सेक्शन* बनाते हैं और सेक्शनों से मिलकर *डिविजन* बनता है। कोबोल में गणितीय शब्दावली के लिए ADD, SUBTRACT और MULTIPLY का उपयोग होता है। यह अंग्रेजी भाषा की तरह है तथा इसमें सर्वाधिक उपयुक्त डाक्यूमेंटेसन संभव है।

7. लोगो (Logo) : इस भाषा का विकास कम्प्यूटर शिक्षा को सरल बनाने हेतु किया गया। इसमें चित्रण इतना सरल है कि छोटे बच्चे भी चित्रण कर सकते हैं। लोगो भाषा में चित्रण के लिए एक विशेष प्रकार की त्रिकोणाकार आकृति होती है जिसे *टरटल (turtle)* कहते हैं। यह टरटल निर्देशों द्वारा किसी भी तरफ घुम सकता है। जब टरटल चलता है तो पीछे एक रेखा बनाता जाता है जिससे अनेक प्रकार के चित्रों को सरलता से बनाया जा सकता है।

8. 'सी' (C) : सी प्रोग्रामिंग भाषा 1970 के दशक में *डेनिस रिची* द्वारा विकसित किया गया था। सी कम्पाईलर सारे मशीनों/कम्प्यूटरों पर कार्य करने में सक्षम है। अतः इसका उपयोग बहुत ही व्यापक रूप से होता है। यह सामान्य उद्देशीय (General purpose) प्रोग्रामिंग भाषा है।

इसका डिजाइन तो सिस्टम सॉफ्टवेयर बनाने के लिए हुआ था, पर इसका उपयोग अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर (Application Software) बनाने में भी काफी होता है।

9. सी ++ (C ++): यह सिस्टम प्रोग्रामिंग के साथ-साथ सामान्य उद्देश्य (General purpose) प्रोग्रामिंग भाषा है। यह सी से थोड़ा बेहतर है तथा ऑब्जेक्ट उन्मुख (Object oriented) प्रोग्रामिंग भाषा है। C ++, C की अपेक्षा कठिन प्रोग्रामिंग भाषा है।

10. कोमल (COMAL–Common Algorithmic Language): यह सन् 1973 में डेनमार्क के *बेनेडिक्ट लॉफस्टड* और *ब्रौज क्रिस्टनसन* के द्वारा विकास किया गया था। कोमल, बेसिक और पास्कल भाषा का मिला-जुला रूप है जो छात्रों को शिक्षा देने के लिए डिजाइन किया गया था।

11. प्रोलॉग (Prolog): यह प्रोग्रामिंग इन लॉजिक (Programming in Logic) का संक्षिप्त है। यह डाटा स्ट्रक्चर का धनी संग्रह है। इसका उपयोग बुद्धिमान सिस्टम (Intelligent System), विशेषज्ञ सिस्टम (Expert System) को विकसित करने में किया जाता है, जो तार्किक और भावनात्मक प्रोग्रामिंग में संभव है।

12. आर पी जी (RPG–Report Program Generator): यह 1961 में IBM द्वारा विकसित किया गया था। यह व्यावसायिक अनुप्रयोगों के लिए एक प्रोग्रामिंग भाषा है जो रिपोर्ट बनाकर देता है।

13. सी शार्प (C Sharp): सी शार्प को C# भी लिखा जाता है। C# एक कम्प्यूटर भाषा है, जो माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित की गई है। यह एक बहु कार्यात्मक तथा ऑब्जेक्ट ओरिएन्टेड प्रोग्रामिंग भाषा है।

14. जावा (Java): जावा मूल रूप से सन माइक्रोसिस्टम द्वारा विकसित किया गया है और 1995 में इसे जारी किया गया। जावा, सिन्टैक्स सी तथा C + + का डेरिभेटीव (Derivative) है। यह ऑब्जेक्ट ओरिएन्टेड भाषा है। यह सामान्य उद्देश्यीय प्रोग्रामिंग भाषा है जो विभिन्न विशेशताओं के कारण इंटरनेट या वर्ल्ड वाइड वेव के लिए उपयुक्त भाषा है।

### कमांड भाषा
### *Command Languages*

यह एक प्रोग्रामिंग भाषा है जिसके माध्यम से उपयोगकर्ता ऑपरेटिंग सिस्टम से संचार (Communication) स्थापित करता है।

कुछ कमांड भाषा निम्नलिखित हैं :

1. डी सी एल (DCL–Digital Command Language): ये DEC VAX/VMS ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ प्रयुक्त होता है।

2. शेल (Shell): शेल कमांड भाषा यूनिक्स ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ प्रयुक्त होता है। यूनिक्स का अधिकतर उपयोग वेब सर्वर या सर्वर में होता है।

3. एम एस डॉस (MS-DOS-Microsoft Disc Operating System): यह IBM के साथ प्रयुक्त होता है। इसके साथ अधिकतर डेटाबेस पैकेज डीबेस प्रयुक्त होता है।

### चौथी पीढ़ी की भाषा
### *4th GL*

तीसरी पीढ़ी की भाषाओं में प्रोग्राम लिखने के लिए बहुत सारे कोड लिखने होते हैं। इनमें त्रुटि ढूँढ़ना तथा कोई परिवर्तन करना कठिन होता है। परन्तु 4 थी पीढ़ी की भाषा/4th GL में निर्देशों की संख्या कम होती है अतः प्रोग्राम लिखना आसान होता है।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. ......... का उपयोग करते हुए पहले कम्प्यूटर प्रोग्राम किए गये थे।
(a) एसेंबिल लैंग्वेज (b) मशीन लैंग्वेज (c) सोर्स कोर्ड
(d) ओब्जेक्ट कोड (e) स्पगैटी कोड

2. 1964 में किसने बेसिक कम्प्यूटर भाषा का विकास किया ?
(a) निकोलस बर्थ (b) जॉन० जी० कैमी (c) ग्रेस मूरी हॉपर
(d) जिम क्लार्क (e) इनमें से कोई नहीं

3. पास्कल :
(a) कम्प्यूटर की एक भाषा है (b) कम्प्यूटर की इकाई है
(c) कम्प्यूटर का ऑपरेटिंग सिस्टम है
(d) कम्प्यूटर का एक प्रकार है (e) इनमें से कोई नहीं

4. प्रोग्रामन हेतु विकसित की गई सर्वप्रथम भाषा कौन है ?
(a) कोबोल (b) फोरट्रॉन (c) सी
(d) सी$^{++}$ (e) इनमें से कोई नहीं

5. ..........वे वर्डस हैं जिसे प्रोग्रामिंग लैंग्वेज ने अपने स्वयं के उपयोग हेतु अलग रखा है।
(a) कंट्रोल वर्ड्स (b) कंट्रोल स्ट्रक्चर्स (c) रिजर्व्ड वर्ड्स
(d) रिजर्व्ड कीस (e) इनमें से कोई नहीं
*(IBPS PO 2011)*

6. किसी प्रोग्राम का चित्र के रूप में प्रदर्शन क्या कहलाता है ?
(a) चार्ट (b) हल चार्ट (c) फ्लोचार्ट
(d) मिक्स चार्ट (e) इनमें से कोई नहीं

7. छोटे बच्चों को ग्राफिक रेखानुकृतियों की शिक्षा देने के लिए कम्प्यूटर में किस भाषा का प्रयोग किया जाता है ?
(a) पायलट (b) सी (c) लोगो
(d) कोमाल (e) इनमें से कोई नहीं

8. निम्नलिखित में से कौन-सी वैज्ञानिक कम्प्यूटर भाषा है ?
(a) BASIC (b) COBOL (c) FORTRAN
(d) PASCAL (e) इनमें से कोई नहीं

9. कम्प्यूटर भाषा FORTRAN किस क्षेत्र में उपयोगी है ?
(a) व्यवसाय (b) रेखाचित्र (c) विज्ञान
(d) वाणिज्य (e) इनमें से कोई नहीं

10. कम्प्यूटर भाषा COBOL किसके लिए उपयोगी है ?
(a) व्यावसायिक कार्य (b) ग्राफिक कार्य (c) वैज्ञानिक कार्य
(d) इनमें कोई नहीं (e) इनमें से कोई नहीं

11. किस कम्प्यूटर भाषा का प्रयोग वाणिज्यिक कार्यों में किया जाता है ?
(a) FORTRAN (b) BASIC (c) COBOL
(d) PASCAL (e) इनमें से कोई नहीं

12. अंग्रेजी भाषा के समान उच्चस्तरीय कम्प्यूटर भाषा है
(a) FORTRAN (b) PASCAL (c) COBOL
(d) C$^{++}$ (e) इनमें से कोई नहीं

13. किस भाषा में सर्वाधिक उपयुक्त डॉक्यूमेन्टेशन संभव है ?
(a) FORTRAN (b) COBOL (c) PASCAL
(d) $C^{++}$ (e) इनमें से कोई नहीं

14. FORTRAN, ALGOL, PASCAL आदि भाषाओं को सिखाने के लिए किस भाषा को 'नींव का पत्थर' कहा जाता है ?
(a) $C^{++}$ (b) BASIC (c) COBOL
(d) उपर्युक्त तीनों (e) इनमें से कोई नहीं

15. जटिल वैज्ञानिक गणनाओं के लिए प्रयोग किया जाता है:
(a) BASIC (b) FORTRAN (c) COBOL
(d) PASCAL (e) इनमें से कोई नहीं

16. BASIC भाषा का प्रयोग निम्न में से किस कार्य के लिए किया जाता है ?
(a) वाणिज्यिक कार्यों के लिए (b) वैज्ञानिक गणना हेतु (c) बच्चों को सिखाने हेतु
(d) प्रारंभ में सरल भाषा को सिखाने हेतु (e) इनमें से कोई नहीं

17. भाषा जिसे कम्प्यूटर बिना ट्रांसलेशन प्रोग्राम के समझता है, कहलाती है
(a) अमरीकन भाषा (b) मशीनी भाषा (c) गुप्त प्रच्छल भाषा
(d) उपर्युक्त तीनों (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*

18. कम्प्यूटर भाषा JAVA के आविष्कारक कौन हैं ?
(a) IBM (b) माइक्रोसॉफ्ट (c) सन माइक्रोसिस्टम
(d) इनफोसिस्टम (e) इनमें से कोई नहीं

19. अधिकतर कम्प्यूटर समझ सकता है
(a) अंग्रेजी भाषा सदृश उच्चस्तरीय निर्देश (b) BASIC
(c) कोई भी भाषा (d) उपर्युक्त तीनों (e) इनमें से कोई नहीं

20. सारे कम्प्यूटरों में लागू होती है:
(a) बेसिक भाषा (b) कोबोल भाषा (c) मशीनी भाषा
(d) फोरट्रान भाषा (e) इनमें से कोई नहीं *[MBA Entrance AMU 1995]*

21. ......... की-बोर्ड, सिंवाल्स का एक सेट और स्टेटमेंट कन्स्ट्रक्ट करने के लिए नियमों का एक सेट है, जिसके द्वारा मानव कम्प्यूटर द्वारा निष्पादित किये जाने वाले अनुदेशों को संप्रेषित कर सकता है।
(a) कम्प्यूटर प्रोग्राम (b) प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (c) एसेंबल
(d) सिंटैक्स (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

22. इंटरनेट पर प्रयुक्त कम्प्यूटर लैंग्वेज है
(a) बेसिक (b) कोबोल (c) जावा
(d) पास्कल (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

23. मल्टीमीडिया वेबपेज, वेबसाइट और वेब आधारित एप्लिकेशन विकसित विकसित करने के लिए सबसे लोकप्रिय लैंग्वेज निम्न में से कौन-सी है ?
(a) कोबोल (b) जावा (c) बेसिक
(d) एसेम्बलर (e) इनमें से कोई नहीं *(Punjab & Sind 2010)*

24. यूनिक्स नामक ऑपरेटिंग प्रणाली विशेष रूप से ...... हेतु प्रयोग में लायी जाती है।
(a) डेस्कटॉप कंप्यूटर (b) लैपटॉप कंप्यूटर (c) सुपर कंप्यूटर
(d) वेब सर्वर्स (e) ये सभी *(Allahabad Bank PO 2011)*

25. C, BASIC, COBOL और जावा ...... भाषाओं के उदाहरण हैं।
(a) लो-लेवल (b) कंप्यूटर (c) सिस्टम प्रोग्रामिंग
(d) हाइ-लेवल (e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

26. किस प्रोग्रामिंग लैंग्वेज को ट्रांसलेटर की जरूरत नहीं होती है ?
(a) BASIC (b) हाई लेवल लैंग्वेज (c) एसेंबली लैंग्वेज
(d) C (e) मशीन लैंग्वेज *(IBPS Clerk 2011)*

27. निम्नलिखित में से कौन-सा मशीन इंडिपेंडेंट प्रोग्राम है ?
(a) हाई लेवल लैंग्वेज (b) लो लेवल लैंग्वेज (c) एसेंबली लैंग्वेज
(d) मशीन लैंग्वेज (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*

28. एसेम्बली लैंग्वेज क्या है ?
(a) मशीन लैंग्वेज
(b) हाई-लेवल प्रोग्रामिंग लैंग्वेज
(c) लो-लेवल प्रोग्रामिंग लैंग्वेज
(d) कंप्यूटरों को असैम्बल करने के लिए लैंग्वेज
(e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*

## उत्तर

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (b) | 2. (b) | 3. (a) | 4. (b) | 5. (c) | 6. (c) | 7. (c) |
| 8. (c) | 9. (c) | 10. (a) | 11. (c) | 12. (c) | 13. (b) | 14. (b) |
| 15. (b) | 16. (d) | 17. (b) | 18. (c) | 19. (a) | 20. (c) | 21. (a) |
| 22. (c) | 23. (b) | 24. (d) | 25. (d) | 26. (e) | 27. (a) | 28. (c) |

★★★

07

# डेटा प्रतिनिधित्व और संख्या प्रणाली



## (Data Representation and Number System)

डेटा प्रतिनिधित्व कम्प्यूटर के अन्दर डेटा को संग्रह करने की विधि है। कम्प्यूटर विभिन्न प्रकार के डेटा का संग्रह करता है; जैसे–संख्या, टेक्सट, ग्राफिक्स, ध्वनि इत्यादि।

ये सारे डेटा हमें अलग-अलग लगते हैं परन्तु कम्प्यूटर में ये सारे डेटा को एक ही स्वरूप में संग्रहित किया जाता है। यह स्वरूप है 0 तथा 1 के क्रम में (अर्थात् डिजिटल रूप में) कम्प्यूटर ये सारी संग्रहित जानकारी का प्रतिनिधित्व करने के लिए सांख्यिक कोड (numeric code) का उपयोग करते हैं।

सामान्यतः हमलोग 0 से 9 का उपयोग कर कोई भी संख्या लिखते हैं; इसका आधार 10 (Decimal Number System) होता है। परन्तु कम्प्यूटर में कोई भी पूरी संख्या 0 और 1 के द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाता है।

कम्प्यूटर में प्रयोग होने वाली संख्या पद्धतियाँ निम्नलिखित हैं—

1. द्विआधारी संख्या पद्धति (Binary Number System)
2. आक्टल संख्या पद्धति (Octal Number System)
3. हेक्साडेसिमल संख्या पद्धति (Hexadecimal Number System)

### द्विआधारी संख्या पद्धति

*Binary Number System*

कम्प्यूटर गणना के लिए केवल दो संख्या 0 तथा 1 का उपयोग करता है जो कम्प्यूटर के परिपथ में प्रवाहित हो रही विद्युत धारा की 'ऑन' तथा 'ऑफ' दो स्थिति का संकेतात्मक मान है। जब परिपथ में धारा प्रवाहित हो रही है तब उसका संकेतात्मक मान 1 होता है अन्यथा 0 होता है। इन 0 तथा 1 को बाइनरी संख्या कहते हैं एक बाइनरी संख्या को बिट (Bit) कहते हैं। इस संख्या पद्धति का उपयोग कम्प्यूटर द्वारा डेटा संग्रह या गणना करने के लिए होता है।




चित्र की सहायता से अब हम देख सकते हैं कि कम्प्यूटर इन दोनों संख्या का उपयोग कर कैसे कार्य करता है। दशमलव प्रणाली (Decimal Number System) में अंकों का आधार 10 है तथा इसमें प्रत्येक अंक का अलग स्थान है। उसे हम उस अंक का स्थानीय मान कहते हैं।

जैसे– संख्या 17 में 1 का स्थानीय मान 10 तथा 7 का स्थानीय मान 1 है।

अर्थात् $(1 \times 10) + (7 \times 1) = 17$

इसी तरह बाइनरी प्रणाली में स्थानीय मान 2 पर आधारित है।

### संख्याओं के स्थानीय मान

| | स्थानीय मान | | | | | दशमलव के बाद स्थानीय मान | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंक पद्धति | हजार | सैकड़ा | दहाई | इकाई | . | −1 | −2 | −3 |
| दशमलव | $10^3 = 1000$ | $10^2 = 100$ | $10^1 = 10$ | $10^0 = 1$ | . | $10^{-1} = \frac{1}{10}$ | $10^{-2} = \frac{1}{100}$ | $10^{-3} = \frac{1}{1000}$ |
| द्विआधारी | $2^3 = 8$ | $2^2 = 4$ | $2^1 = 2$ | $2^0 = 1$ | . | $2^{-1} = \frac{1}{2}$ | $2^{-2} = \frac{1}{4}$ | $2^{-3} = \frac{1}{8}$ |
| ऑक्टल | $8^3 = 512$ | $8^2 = 64$ | $8^1 = 8$ | $8^0 = 1$ | . | $8^{-1} = \frac{1}{8}$ | $8^{-2} = \frac{1}{64}$ | $8^{-3} = \frac{1}{512}$ |
| हेक्साडेसिमल | $16^3 = 4096$ | $16^2 = 256$ | $16^1 = 16$ | $16^0 = 1$ | . | $16^{-1} = \frac{1}{16}$ | $16^{-2} = \frac{1}{256}$ | $16^{-3} = \frac{1}{4096}$ |

## द्विआधारी का दशमलव में रूपान्तरण

*Conversion from Binary to Decimal*

द्विआधारी को दशमलव में रूपान्तरित करने के लिए द्विआधारी संख्या के अंकों को उसके स्थानीय मान से गुणा कर प्राप्त सभी गुणनफल को जोड़ दिया जाता है।

उदाहरण– $100011_2$ को दशमलव में बदलें।

द्विआधारी संख्या = 1 0 0 0 1 1

स्थान = 5 4 3 2 1 0

मान = $2^5$ $2^4$ $2^3$ $2^2$ $2^1$ $2^0$

= 32 16 8 4 2 1

→ $1 \times 1 = 1$

→ $1 \times 2 = 2$

→ $0 \times 4 = 0$

→ $0 \times 8 = 0$

→ $0 \times 16 = 0$

→ $1 \times 32 = 32$

$\overline{\quad 35 \quad}$

अतः $100011_2 = 35_{10}$

## दशमलव का द्विआधारी में रूपान्तरण
## *Conversion from Decimal to Binary*

दशमलव को द्विआधारी संख्या में रूपान्तरित करने के लिए दशमलव संख्या को दो (2) द्वारा विभाजित करते हैं, फिर इसके भागफल को दो द्वारा पुनः तबतक विभाजित करते हैं, जबतक कि भागफल एक या शून्य न हो जाये।

उदाहरण– (1) $35_{10}$ द्विआधारी पद्धति में बदलें।

$\therefore \quad 35_{10} = 100011_2$

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 35 | शेष |
| 2 | 17 | 1 |
| 2 | 8 | 1 |
| 2 | 4 | 0 |
| 2 | 2 | 0 |
| | 1 | 0 |

नीचे से पढ़ते या लिखते हैं।

दशमलव के बाद वाले संख्या को द्विआधारी में बदलने के लिए 2 से लगातार गुणा करते हैं तथा इसके पूर्णांक (Integer) भाग को अलग लिखते जाते हैं। उदाहरण– $0.6875_{10}$ को द्विआधारी पद्धति में बदलें।

ऊपर से पढ़ते हैं

$$\begin{array}{rcr} & & 0.6875 \\ & & \times 2 \\ \hline 1 & \leftarrow & .3750 \\ & & \times 2 \\ \hline 0 & \leftarrow & .7500 \\ & & \times 2 \\ \hline 1 & \leftarrow & .5000 \\ & & \times 2 \\ \hline 1 & \leftarrow & .0000 \end{array}$$

$\therefore \quad 0.6875_{10} = 0.1011_2$

## ऑक्टल संख्या पद्धति
## *Octal Number System*

ऑक्टल संख्या पद्धति में 0 से 7 अर्थात् 8 अंकों के द्वारा संख्या का प्रतिनिधित्व किया जाता है। दशमलव संख्या पद्धति में हर स्थानीय मान 10 के गुणक में बढ़ता है तथा द्विआधारी संख्या पद्धति में 2 के गुणक में बढ़ता है, परन्तु ऑक्टल संख्या पद्धति में 8 के गुणक में बढ़ता है। इनमें आधार 8 होता है।

## ऑक्टल का दशमलव में रूपान्तरण
## *Conversion from Octal to Decimal*

ऑक्टल को दशमलव में रूपान्तरित करने के लिए ऑक्टल संख्या के अंकों को उसके स्थनीय मान से गुणा कर फिर सभी को जोड़ दिया जाता है।

उदाहरण– $175_8$ को दशमलव में बदलें।

$$175_8 = (1 \times 8^2) + (7 \times 8^1) + (5 \times 8^0)$$
$$= 64 + 56 + 5 = 125_{10}$$

अतः $175_8 = 125_{10}$

## दशमलव का ऑक्टल में रूपान्तरण

## *Conversion of Decimal to Octal*

दशमलव को ऑक्टल में रूपान्तरित करने के लिए दशमलव को 8 के द्वारा तब तक विभाजित किया जाता है जबतक कि भागफल 8 से कम हो जाये।

उदाहरण– $385_{10}$ को ऑक्टल में बदलें।

| 8 | 385 | शेष |
|---|---|---|
| 8 | 48 | 1 |
| | 6 | 0 |

नीचे से पढ़ते हैं।

अतः $385_{10} = 601_8$

## ऑक्टल का द्विआधारी में रूपान्तरण

## *Conversion from Octal to Binary*

ऑक्टल को द्विआधारी में रूपान्तरित करने की दो विधियाँ हैं।

1. ऑक्टल संख्या को द्विआधारी में रूपान्तरित करने के लिए पहले उसे दशमलव में रूपान्तरित करते हैं फिर दशमलव को बाइनरी में रूपान्तरित करते हैं।

उदाहरण– $725_8$ को द्विआधारी में बदलें।

$$725_8 = (7 \times 8^2) + (2 \times 8^1) + (5 \times 8^0)$$
$$= 448 + 16 + 5 = 469_{10}$$

फिर, $469_{10}$ को द्विआधारी में बदलते हैं।

| 2 | 469 | शेष |
|---|---|---|
| 2 | 234 | 1 |
| 2 | 117 | 0 |
| 2 | 58 | 1 |
| 2 | 29 | 0 |
| 2 | 14 | 1 |
| 2 | 7 | 0 |
| 2 | 3 | 1 |
| | 1 | 1 |

नीचे से पढ़ते हैं।

अतः $725_8 = 469_{10} = 111010101_2$

2. ऑक्टल संख्या को द्विआधारी संख्या के तीन अक्षरों के समूह द्वारा निरूपित किया जाता है।

जैसे– ऑक्टल संख्या 1 को द्विआधारी संख्या में 001 लिखते हैं।

अतः ऑक्टल संख्या को द्विआधारी में रूपान्तरित करने के लिए उसे उनके तीन अंकों के द्विआधारी समूह से परिवर्तित कर देते हैं।

उदाहरण– $725_8 = 111\ 010\ 101_2$

| ऑक्टल संख्या | तीन अंकों का द्विआधारी समूह |
|---|---|
| 0 | 000 |
| 1 | 001 |

| ऑक्टल संख्या | तीन अंकों का द्विआधारी समूह |
|---|---|
| 2 | 010 |
| 3 | 011 |
| 4 | 100 |
| 5 | 101 |
| 6 | 110 |
| 7 | 111 |

## द्विआधारी का ऑक्टल में रूपान्तरण
*Conversion from Binary to Octal*

द्विआधारी को ऑक्टल में रूपान्तरित करने की दो विधियाँ हैं।

प्रथम विधि में द्विआधारी संख्या को दायें से आरम्भ कर तीन-तीन द्विआधारी अंकों का समूह बना कर उसका ऑक्टल मान प्राप्त किया जाता है।

उदाहरण–

$$111010101_2 = \underbrace{111}\ \ \underbrace{010}\ \ \underbrace{101}$$
$$= 7 \quad 2 \quad 5 = 725_8$$

दूसरी विधि से द्विआधारी को ऑक्टल में रूपान्तरित करने के लिए द्विआधारी संख्या को पहले दशमलव में रूपान्तरित करते हैं, फिर उसे ऑक्टल में रूपान्तिरित किया जाता है।

उदाहरण–$111010101_2$ को ऑक्टल में बदलें।

$$111010101_2 = (1 \times 2^8) + (1 \times 2^7) + (1 \times 2^6) + (0 \times 2^5) + (1 \times 2^4) + (0 \times 2^3) + (1 \times 2^2) + (0 \times 2^1) + (1 \times 2^0)$$
$$= 256 + 128 + 64 + 16 + 4 + 1 = 469_{10}$$

फिर इसे ऑक्टल में बदलते हैं।

| 8 | 469 | शेष |
|---|---|---|
| 8 | 58 | 5 |
| | 7 | 2 |

नीचे से लिखते हैं।

अतः $111010101_2 = 725_8$

## हेक्साडेसिमल संख्या पद्धति
*Hexadecimal Number System*

हेक्साडेसिमल संख्या पद्धति में 0 से 15 अर्थात् 16 अंकों का उपयोग किया जाता है। इनमें 0 से 9 के अंक तथा 10 से 15 को A to F अल्फाबेट से निरुपित किया जाता है। हेक्साडेसिमल संख्या को बाइनरी के चार अंकों के समूह से दर्शाया जाता है; जैसे–हेक्साडेसिमल 1 संख्या का बाइनरी मान 0001 होता है। इसमें आधार 16 होता है, तथा हेक्साडेसिमल संख्या पद्धति में स्थानीय मान 16 के गुणक में बढ़ता है।

| हेक्साडेसिमल | दशमलव | चार अंकों का द्विआधारी समूह |
|---|---|---|
| 0 | 0 | 0000 |
| 1 | 1 | 0001 |
| 2 | 2 | 0010 |
| 3 | 3 | 0011 |
| 4 | 4 | 0100 |
| 5 | 5 | 0101 |
| 6 | 6 | 0110 |
| 7 | 7 | 0111 |
| 8 | 8 | 1000 |
| 9 | 9 | 1001 |
| A | 10 | 1010 |
| B | 11 | 1011 |
| C | 12 | 1100 |
| D | 13 | 1101 |
| E | 14 | 1110 |
| F | 15 | 1111 |

### हेक्साडेसिमल का दशमलव में रूपान्तरण
*Conversion of Hexadecimal to Decimal*

हेक्साडेसिमल को दशमलव में रूपान्तरित करने के लिए उसके अंकों को उसके स्थानीय मान से गुणा कर फिर सभी गुणनफल को जोड़ देते हैं।

उदाहरण–$10_{16}$ को दशमलव में बदलें।

$$10_{16} = 1 \times 16^1 + 0 \times 16^0$$
$$= 16 + 0 = 16_{10}$$

### दशमलव का हेक्साडेसिमल में रूपान्तरण
*Conversion of Decimal to Hexadecimal*

दशमलव को हेक्साडेसिमल में रूपान्तरित करने के लिए दशमलव आधारी संख्या को 16 के द्वारा तब तक विभाजित करते हैं जब तक कि भागफल 16 से कम न हो जाये।

उदाहरण– $382_{10}$ को हेक्साडेसिमल में बदलें।

| 16 | 382 | शेष |
|---|---|---|
| 16 | 23 | 14 = E |
| | 1 | 7 |

↑ नीचे से पढ़ते हैं।

अतः $382_{10} = 17E_{16}$

चूँकि हेक्साडेसिमल में 14 को E लिखते हैं।

## हेक्साडेसिमल का द्विआधारी में रूपान्तरण
## *Conversion of Hexadecimal to Binary*

हेक्साडेसिमल को द्विआधारी में रूपांतरित करने की दो विधियाँ हैं—

**1.** हेक्साडेसिमल को द्विआधारी में रूपान्तरित करने के लिए पहले दशमलव में बदलकर फिर उसे द्विआधारी में रूपान्तरित करते हैं।

उदाहरण– $B6A_{16}$ को द्विआधारी में बदलें।

$$B6A_{16} = (B \times 16^2) + (6 \times 16^1) + (A \times 16^0)$$
$$= (11 \times 256) + (6 \times 16) + (10 \times 1)$$
$$= 2816 + 96 + 10 = 2922_{10}$$

अब इसको द्विआधारी में रूपान्तरित करते हैं।

| 2 | 2922 | शेष |
|---|---|---|
| 2 | 1461 | 0 |
| 2 | 730 | 1 |
| 2 | 365 | 0 |
| 2 | 182 | 1 |
| 2 | 91 | 0 |
| 2 | 45 | 1 |
| 2 | 22 | 1 |
| 2 | 11 | 0 |
| 2 | 5 | 1 |
| 2 | 2 | 1 |
| | 1 | 0 |

नीचे से लिखते हैं।

$B6A_{16} = 101101101010_2$

**2.** हेक्साडेसिमल को द्विआधारी में रूपान्तरित करने के लिए उसके अंकों को द्विआधारी चार अंकों के समूह से बदल देते हैं।

उदाहरण– $B6A_{16}$ को द्विआधारी में बदलें।

$$B6A_{16} = \underbrace{1011}_{B}\quad \underbrace{0110}_{6}\quad \underbrace{1010}_{A}$$
$$= 101101101010_2$$

## द्विआधारी का हेक्साडेसिमल में रूपान्तरण
## *Conversion of Binary to Hexadecimal*

द्विआधारी को हेक्साडेसिमल में रूपान्तरित करने के लिए उसे दायें से चार-चार अंकों के समूह में विभाजित कर उसका हेक्साडेसिमल मान से रूपान्तरित कर देते हैं।

उदाहरण– $101101111_2$ को हेक्साडेसिमल में बदलें।

$\underbrace{0001}\quad \underbrace{0110}\quad \underbrace{1111} = 16F_{16}$

**द्विआधारी जोड़ (Binary Addition) :** द्विआधारी जोड़ भी दशमलव जोड़ के तरह ही होता है परन्तु इसमें केवल दो अंकों 0 तथा 1 का उपयोग होता है। सबसे दायें वाले कॉलम से जोड़ना आरम्भ करते हैं।

द्विआधारी जोड़ करने के लिए चार नियम हैं—

(i) $1 + 1 = 0$ (हासिल 1 को दूसरे कॉलम में जोड़ते हैं। $\because 1 + 1 = 10$)

(ii) $1 + 0 = 1$

(iii) $0 + 1 = 1$

(iv) $0 + 0 = 0$

उदाहरण– $1010_2 + 0111_2$ को जोड़ें।

$$\begin{array}{r} 1010 \\ 0111 \\ \hline 10001_2 \end{array}$$

अतः $1010_2 + 0111_2 = 10001_2$

द्विआधारी घटाव (Binary Subtraction) : यह भी केवल दो अंक 0 तथा 1 का घटाव है। सबसे दायें वाले कॉलम से घटाना आरम्भ करते हैं।

द्विआधारी घटाव करने के लिए चार नियम निम्नलिखित हैं—

(i) $0 - 0 = 0$ (ii) $1 - 1 = 0$ (iii) $1 - 0 = 1$

(iv) $0 - 1 = 1$ (निकटतम बायीं तरफ से 1 उधार लेते हैं।

उदाहरण– $11010_2 - 01001_2$ को घटायें।

$$\begin{array}{r} 11010 \\ 01001 \\ \hline 10011 \end{array}$$

अतः $11010_2 - 01001_2 = 10011_2$

द्विआधारी गुणा (Binary Multiplication) : यह सामान्य दशमलव गुणा की ही तरह किया जाता है। द्विआधारी अंक को दशमलव में बदल कर इसका गुणनफल निकालते हैं और फिर उसे द्विआधारी में बदला जाता है या द्विआधारी अंकों का ही गुणनफल निकाला जाता है।

इसकी दो विधियाँ है :

उदाहरण– $1101_2 \times 1100_2$ को गुणा करें

प्रथम विधि से,

$$\begin{array}{r} 1101_2 \\ \times 1100_2 \\ \hline 0000 \\ 0000\phantom{0} \\ 1101\phantom{00} \\ 1101\phantom{000} \\ \hline 1001110 0_2 \end{array}$$

दूसरी विधि से,

$1101_2 = 13_{10}$

$1100_2 = 12_{10}$

$$\begin{array}{r} 13 \\ \times 12 \\ \hline 26 \\ 13\phantom{0} \\ \hline 156 \end{array}$$

$156_{10} = 10011100_2$

द्विआधारी भाग (Binary Division) : यह भी दशमलव भाग के तरह ही किया जाता है। द्विआधारी भाग के नियम निम्नलिखित हैं—

(i) $0 \div 1 = 0$ (ii) $1 \div 1 = 1$

उदाहरण– $100001_2 \div 110_2$

```
110) 100001 (101.1
     110
     ×1001
       110
      ×110
       110
       000
```

अतः $100001_2 \div 110_2 = 101.1_2$

### बाइनरी मेमोरी
*Binary Memory*

कम्प्यूटर में डेटा को संग्रहित करने के यंत्र को मेमोरी कहते हैं। मेमोरी में डेटा बाइनरी रूप (0 तथा 1) में संग्रहित होता है।

बिट (Bit): यह कम्प्यूटर मेमोरी की सबसे छोटी इकाई है। एक बिट का केवल एक ही मान होता है, 0 या 1

निब्बल (Nibble): यह चार बिट का समूह है।

बाइट (Byte): यह आठ बिट का समूह हैं। डेटा को बाइट में मापा जाता है। किसी भी अक्षर, चिह्न या स्पेस के लिए कम से कम एक बाइट स्थान की आवश्यकता होती है।

शब्द (Word): यह बिट्स का समूह है। कम्प्यूटर जिसे एक इकाई के तरह व्यवहार करता है। शब्द की लंबाई विभिन्न मशीनों के अनुसार बदलता रहता है।

### मेमोरी माप
*Memory measurement*

4 बिट्स = 1 निब्बल

8 बिट्स = 1 बाइट्स

1024 बाइट्स = 1 किलो बाइट (KB)

1024 किलो बाइट्स = 1 मेगा बाइट (MB)

1024 मेगा बाइट्स = 1 गीगा बाइट (GB)

1024 गीगा बाइट्स = 1 टेरा बाइट (TB)

### कम्प्यूटर कोड्स
*Computer Codes*

कम्प्यूटर में कैरेक्टर जैसे अल्फाबेट, संख्या या कोई चिह्न बिट्स के समूहों में स्टोर किया जाता है, जो किसी विशेष द्विआधारी पैटर्न पर आधारित होता है। ये विशेष द्विआधारी पैटर्न भिन्न-भिन्न प्रकार का होता है। जिसे कम्प्यूटर कोड्स कहते हैं।

कम्प्यूटर कोडींग सिस्टम विभिन्न प्रकार के होते हैं—

1. बी सी डी (BCD–Binary Coded Decimal): इसे *पैकेट दशमलव (Packet Decimal)* भी कहते हैं। इसमें दशमलव संख्या के प्रत्येक अंक को द्विआधारी के चार अंकों के समूह से परिवर्तित कर दिया जाता है।

BCD टेबल

| दशमलव | BCD |
|---|---|
| 0 | 0000 |
| 1 | 0001 |
| 2 | 0010 |
| 3 | 0011 |
| 4 | 0100 |
| 5 | 0101 |
| 6 | 0110 |
| 7 | 0111 |
| 8 | 1000 |
| 9 | 1001 |

2. आस्की कोड (ASCII) : यह अमेरिकन स्टैंडर्ड कोड फॉर इनफॉर्मेशन इंटरचेंज का संक्षिप्त नाम है। ASCII सिस्टम में एक कैरेक्टर को 7 बिट्स से निरूपित करते हैं तथा 256 कैरेक्टर निर्मित किये जा सकते हैं।

3. एब्सेडिक कोड (EBCDIC) : यह एक्सटेन्डेड बाइनरी कोडेड डेसीमल इंटरचेंज कोड का संक्षिप्त नाम है.। इस सिस्टम में एक कैरेक्टर को 8 बिट्स से निरूपित करते हैं। आस्की तथा एब्सेडिक सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला कोडिंग सिस्टम है।

## लॉजिक गेट

*Logic Gate*

सभी डिजिटल सिस्टम केवल तीन आधारभूत गेट से बने होते हैं। ये तीनों क्रमशः AND गेट, OR गेट तथा NOT गेट हैं। गेट एक इलेक्ट्रॉनिक सर्किट है जहाँ 1 या 1 से अधिक इनपुट डाल कर आउटपुट प्राप्त कर सकते हैं।

AND गेट—AND गेट के सर्किट को इस प्रकार दर्शाया जाता है।




| स्विच A | स्विच B | स्विच C |
|---|---|---|
| ऑफ (0) | ऑफ (0) | ऑफ (0) |
| ऑफ (0) | ऑन (1) | ऑफ (0) |
| ऑन (1) | ऑफ (0) | ऑफ (0) |
| ऑन (1) | ऑन (1) | ऑन (1) |

अर्थात् $C = A * B$

OR गेट—OR गेट के सर्किट को इस प्रकार दर्शाया जाता है।



| स्विच A | स्विच B | स्विच C |
|---|---|---|
| ऑफ (0) | ऑफ (0) | ऑफ (0) |
| ऑफ (0) | ऑन (1) | ऑन (1) |
| ऑन (1) | ऑफ (0) | ऑन (1) |
| ऑन (1) | ऑन (1) | ऑन (1) |

अर्थात् $C = A + B$

NOT गेट—NOT गेट के सर्किट को इस प्रकार दर्शाया जाता है।




| स्विच A | स्विच B |
|---|---|
| ऑफ (0) | ऑन (1) |
| ऑन (1) | ऑफ (0) |

अर्थात् $B = \overline{A}$

इन तीनों गेटों की सहायता से अन्य गेट भी बनाये जाते हैं—

NAND गेट 


अर्थात् $C = \overline{A \cdot B}$

NOR गेट 


अर्थात् $C = \overline{A + B}$

XOR गेट 


$C = A \oplus B$

NAND गेट तथा NOR गेट *यूनिवर्सल गेट* कहलाते हैं, क्योंकि इनके द्वारा कोई भी डिजिटल सर्किट का निर्माण किया जा सकता है।

## वस्तुनिष्ट प्रश्न

1. कम्प्यूटर डाटा स्टोर और गणनाएं करने के लिए .... नंबर सिस्टम का प्रयोग करते हैं।
   (a) दशमलव (b) हेक्साडेसिमल (c) ओक्टल
   (d) बाइनरी (e) इनमें से कोई नहीं
   *[SBI 2009, IBPS PO 2011]*
2. निम्नलिखित में से स्टोरेज का सबसे बड़ा यूनिट कौन-सा है?
   (a) GB (b) KB (c) MB
   (d) TB (e) इनमें से कोई नहीं
   *(IBPS Clerk 2011)*
3. पद बिट ...... का लघु रूप है—
   (a) मेगाबाइट (b) बाइनरी लैंग्वेज (c) बाइनरी डिजिट
   (d) बाइनरी नंबर (e) इनमें से कोई नहीं

4. ....... लगभग एक बिलियन बाइट्स होते हैं—
(a) किलोबाइट (b) बिट (c) गिगाबाइट
(d) मेगाबाइट (e) इनमें से कोई नहीं

5. निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?
(a) बाइनरी नम्बर में बाइट एक सिंगल डिजिट होता है
(b) बिट डिजिटल नम्बर्स के एक समूह को रिप्रेजेंट करता है
(c) आठ-डिजिट के बाइनरी नम्बर को बाइट कहते हैं
(d) आठ-डिजिट के बाइनरी नम्बर को बिट कहते हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

6. बाइनरी चॉइस में कितने विकल्प होते हैं?
(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो
(d) यह कंप्यूटर में मेमरी की मात्रा पर निर्भर करता है
(e) यह कंप्यूटर के प्रोसेसर की स्पीड पर निर्भर करता है

7. एक बाइट से कितने मूल्य निरूपित किए जा सकते हैं?
(a) 8 (b) 16 (c) 64
(d) 256 (e) 512

8. एक मेगाबाइट लगभग.......के समान होता है।
(a) 1,000 बिट्स (b) 1,000 बाइट्स (c) 1 मिलियन बाइट्स
(d) 1 मिलियन बिट्स (e) 2,000 बाइट्स

9. कम्प्यूटर मेमोरी की सबसे छोटी इकाई क्या कहलाती है?
(a) बाइट (b) बिट (c) मेगाबाइट
(d) उपर्युक्त सभी (e) इनमें से कोई नहीं

10. कितना बाइट मिलाकर एक किलोबाइट बनता है?
(a) 612 (b) 1024 (c) 2048
(d) 4096 (e) 8192 *(IBPS Clerk 2011)*

11. इनमें से कौन-सा यूनिट स्टोरेज मापने के उपयोग में लाया जाता है?
(a) Lb (b) Mg (c) Tb
(d) GHz (e) Sb

12. बाइनरी नंबर के अन्तर्गत जिस संख्या विधि पर काम किया जाता है उसे क्या कहा जाता है?
(a) दशमलव (b) बाइनरी (c) बाइट
(d) बिट (e) इनमें से कोई नहीं

13. बाइनरी नंबर प्रणाली में निम्नांकित में से कितने अंक होते हैं?
(a) एक (b) दो (c) तीन
(d) चार (e) इनमें से कोई नहीं

14. बाइनरी प्रणाली के दो अंक कौन-कौन से होते हैं?
(a) 1 एवं 9 (b) 1 एवं 0 (c) 1 एवं 4
(d) 1 एवं 2 (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*

15. अक्षरों तथा चिह्नों को बाइटों में स्टोर करने की विधि को क्या कहते हैं?
(a) नम्बर सिस्टम (b) अल्फा सिस्टम (c) बाइट सिस्टम
(d) कोडिंग सिस्टम (e) इनमें से कोई नहीं

16. आजकल सबसे ज्यादा प्रयोग में आने वाला कोडिंग सिस्टम कौन-सा है ?
(a) आस्की एवं एब्सडिक (b) आस्की (c) एब्सडिक
(d) इनमें से कोई नहीं (e) उपर्युक्त सभी

17. आठ लगातार बिटों की सीरीज को क्या कहा जाता है ?
(a) बिट (b) बाइट (c) नम्बर
(d) किलोबाइट (e) इनमें से कोई नहीं

18. 56 किलोबाइट प्रति सेकेंड के मोडेम का प्रयोग कर तीन मेगाबाइट के फाइल के डाउनलोड होने में कितना समय लगेगा ?
(a) 15 मिनट (b) 30 मिनट (c) 60 मिनट
(d) 90 मिनट (e) इनमें से कोई नहीं

19. ……… संख्या के द्विआधारी कोड में विद्युत स्पन्दन का 'न होना' दर्शाता है।
(a) 1 (b) 0 (c) 3
(d) 2 (e) 5

20. 10010110 या 01100101 जो आठ बिट्स का समूह है, ……… कहलाता है।
(a) निबल (b) बाईट (c) बिट
(d) रोबोट (e) इनमें से कोई नहीं

21. कम्प्यूटर में किसी शब्द की लम्बाई ……… में मापी जीती है।
(a) बाइट (b) मिलीमीटर (c) मीटर
(d) बिट्स (e) इनमें से कोई नहीं

22. द्विआधारी कोड के अनुसार विद्युतीय स्पन्दन का होना....संख्या को प्रदशित करती है।
(a) 0 (b) 1 (c) 2
(d) 4 (e) 5

23. 1001 जो चार बिट्स की श्रेणी है....कहलाता है ?
(a) बाइट (b) निबल (c) बिट
(d) इनपुट (e) इनमें से कोई नहीं

24. कम्प्यूटर में किसी शब्द की लम्बाई किसमें मापते है ?
(a) बाइट (b) बिट (c) मीटर
(d) मिमी (e) इनमें से कोई नहीं

25. कम्प्यूटर डाटा की सबसे छोटी इकाई है—
(a) बाइट (b) बिट (c) रिकार्ड
(d) फाइल (e) इनमें से कोई नहीं
*(IAS 1987, IBPS Clerk 2011)*

26. लॉजिक गेट (Logic Gate) क्या है ?
(a) एक सॉफ्टवेयर (b) एक प्रकार का सर्किट (c) एक विशेष सीडी
(d) एक कम्प्यूटर गेम (e) इनमें से कोई नहीं

27. मेगाबाइट (Mega Byte) में मापते हैं—
(a) भूकम्प की तीव्रता (b) जनसंख्या घनत्व (c) शक्ति व्यय की क्षमता
(d) कम्प्यूटर की स्मृति क्षमता (e) इनमें से कोई नहीं

28. एक किलोबाइट (1 KB) किसके तुल्य होता है ?
(a) 1000 बाइट (b) 1024 बाइट (c) 10000 बाइट
(d) 100000 बाइट (e) इनमें से कोई नहीं
*(IBPS Clerk 2011)*

29. एक कम्प्यूटर की स्मृति सामान्य तौर से किलोबाइट अथवा मेगाबाइट के रूप में व्यक्त की जाती है। एक बाइट बना होता है—
(a) आठ द्विआधारी अंकों का (b) दो द्विआधारी अंकों का (c) आठ दशमलव अंकों का
(d) दो दशमलव अंकों का (e) इनमें से कोई नहीं *[IAS 2000]*

30. निम्न में से कौन-सा *सत्य* है?
(a) बाइट, बाइनरी, नंबर में एक अंकीय होती है
(b) बिट, डिजिटल नंबरों की ग्रुपिंग का प्रतिनिधित्व करता है
(c) आठ अंकीय बाइनरी नंबर को बाइट कहते हैं
(d) आठ अंकीय बाइनरी नंबर को बीट कहते हैं
(e) इनमें से कोई नहीं *(Union Bank of India Clerk 2011)*

31. कंप्यूटर संक्षिप्ताक्षर KB का सामान्यतः क्या अर्थ होता है?
(a) की ब्लॉक (b) केर्नल बूट (c) किलो बाइट
(d) किट बिट (e) इनमें से कोई नहीं
*(Allahabad Bank Clerk 2011, IBPS PO 2011, IBPS Clerk 2011)*

32. कंप्यूटर पर इनफार्मेशन किस रूप में स्टोर किया जाता है?
(a) एनालाग डाटा (b) डिजिटल डाटा (c) मॉडेम डाटा
(d) वाट्स डाटा (e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

33. सबसे बड़े से सबसे छोटे के क्रम में निम्नलिखित में से कौन-सा लिस्टेड है?
(a) TB, MB, GB, KB (b) GB, TB, MB, KB (c) TB, GB, KB, MB
(d) TB, GB, MB, KB (e) GB, MB, TB, KB *(IBPS Clerk 2011)*

34. निम्न में से कौन-सा बाइनरी नंबर का उदाहरण है?
(a) 6 AH 1 (b) 100101 (c) 005
(d) ABCD (e) 23456 *(IBPS Clerk 2011)*

35. कितने किलोबाइट से एक मेगाबाइट बनता है?
(a) 128 (b) 1024 (c) 256
(d) 512 (e) 64 *(IBPS Clerk 2011)*

36. कंप्यूटर में, एक निबल कितने बिट सूचित करती है?
(a) 4 (b) 8 (c) 16
(d) 32 (e) 64 *(IBPS Clerk 2011)*

37. बाइनरी सिस्टम एक नंबर सिस्टम है जिसका आधार है—
(a) 2 (b) 4 (c) 8
(d) 10 (e) 16 *(IBPS Clerk 2011)*

38. कितने मेगाबाइट से एक गीगाबाइट बनता है?
(a) 1024 (b) 128 (c) 256
(d) 512 (e) 64 *(IBPS Clerk 2011)*

39. ASCII का पूर्ण रूप क्या है?
(a) American Special Computer for Information Interaction
(b) American Standard Computer for Information Interchange

(c) American Special Code for Information Interchange
(d) American Special Computer for Information Interchange
(e) American Standard Code for Information Interchange

*(IBPS Clerk 2011)*

**40.** बाइट 0 और ....... के बीच किसी भी संख्या को निरूपित कर सकता है।
(a) 2 (b) 255 (c) 256
(d) 1024 (e) 1025

*(IBPS Clerk 2011)*

**41.** सबसे ज्यादा प्रयोग में आने वाला कोड कौन-सा है जो प्रत्येक करेक्टर को विशिष्ट 8–बिट कोड के रूप में निरूपित करता है?
(a) ASCII (b) यूनिकोड (c) बाइनरी नंबरिंग सिस्टम
(d) EBCDIC (e) ACSII

*(IBPS Clerk 2011)*

**42.** कंप्यूटर की सूचना डिजिटल होती है जिसका अर्थ है कि यह ..... से बनी होती है।
(a) डिजिटों (b) एनालॉग यूनिटों (c) इनपुट
(d) बाइटों (e) आउटपुट

*(IBPS Clerk 2011)*

**43.** बाइनरी सिस्टम ..... की शक्ति का प्रयोग करता है।
(a) 10 (b) 4 (c) 256
(d) 8 (e) 2

*(IBPS Clerk 2011)*

**44.** ASCII में ..... कैरेक्टर निर्मित किए जा सकते हैं।
(a) 255 (b) 1,024 (c) 256
(d) 128 (e) 512

*(IBPS Clerk 2011)*

**45.** लगभग 1,000 मेगाबाइट एक ..... होता है।
(a) टेराबाइट (b) किलोबाइट (c) पेटाबाइट
(d) गीगाबाइट (e) मेटाबाइट

*(IBPS Clerk 2011)*

## उत्तर

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (d) | 3. (c) | 4. (c) | 5. (c) | 6. (c) | 7. (a) |
| 8. (d) | 9. (b) | 10. (b) | 11. (c) | 12. (b) | 13. (b) | 14. (b) |
| 15. (d) | 16. (a) | 17. (b) | 18. (e) | 19. (b) | 20. (b) | 21. (d) |
| 22. (b) | 23. (b) | 24. (b) | 25. (b) | 26. (b) | 27. (d) | 28. (b) |
| 29. (a) | 30. (c) | 31. (c) | 32. (b) | 33. (d) | 34. (b) | 35. (b) |
| 36. (a) | 37. (a) | 38. (a) | 39. (e) | 40. (c) | 41. (d) | 42. (a) |
| 43. (e) | 44. (c) | 45. (d) | | | | |

★★★



08

# सॉफ्टवेयर
## (Software)

किसी भी कम्प्यूटर सिस्टम का प्रत्येक भाग या तो हार्डवेयर है या सॉफ्टवेयर है। कम्प्यूटर के भौतिक (Physical) बनावट (छू कर महसूस करने योग्य भाग) को *हार्डवेयर* कहते हैं। हार्डवेयर के अन्तर्गत डाटा इनपुट के लिए प्रयुक्त कम्प्यूटर तथा उससे जुड़े सभी साधन हैं। प्रिन्टर, की-बोर्ड और मॉडम जैसी बाहरी डिवाइसों को पेरिफेरल डिवाइस कहते हैं।

*सॉफ्टवेयर,* प्रोग्रामिंग भाषा द्वारा लिखे गये निर्देशों की शृंखला है, जिसके अनुसार दिये गये डेटा का प्रोसेस होता है। बिना सॉफ्टवेयर के कम्प्यूटर कोई भी कार्य नहीं कर सकता है। इसका प्राथमिक उद्देश्य डाटा को सूचना में परिवर्तित करना है। सॉफ्टवेयर के निर्देशों के अनुसार ही हार्डवेयर भी कार्य करता है। इसे *प्रोग्राम* भी कहते हैं। कम्प्यूटर प्रोग्रामों को लिखने वाले और उनका परीक्षण करने वाले व्यक्तियों को प्रोगामर कहते हैं। हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के बीच संचार स्थापित करने को *इंटरफ़ेस (Interface)* कहते हैं।

कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर विभिन्न तरह के होते हैं। सामान्यतः इसे तीन वर्गों में वर्गीकृत किया जाता है :

सॉफ्टवेयर

| सिस्टम सॉफ्टवेयर | अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर | प्रोग्रामिंग सॉफ्टवेयर |
|---|---|---|
| 1. ऑपरेटिंग सिस्टम | 1. चिकित्सा सॉफ्टवेयर | 1. टेक्सट एडीटर |
| 2. लोडर | 2. शैक्षणिक सॉफ्टवेयर | 2. कम्पाइलर |
| 3. डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम (DBMS) | 3. वर्ड प्रोसेसर | 3. इन्टरप्रेटर |
| 4. ट्रान्सलेटर (Translator) | 4. स्प्रेड शीट | |
| 5. डेटा संचार सॉफ्टवेयर (Data Communication Software) | | |
| 6. डिभाइस ड्राइभर (Device Driver) | | |

1. सिस्टम सॉफ्टवेयर (System Software)
2. अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर (Application Software)
3. प्रोग्रामिंग सॉफ्टवेयर (Programming software)

### 1. सिस्टम सॉफ्टवेयर

यह कम्प्यूटर हार्डवेयर को इसप्रकार नियंत्रित करता है कि अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर अच्छी तरह से चल सके। जैसे; ऑपरेटिंग सिस्टम, डिवाइस ड्राइवर, विंडोज सिस्टम आदि।

### 2. अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर

यह यूजर को एक या एक से अधिक कोई विशेष कार्य पूरा करने की अनुमति देता है। उच्च स्तरीय की कम्प्यूटर भाषाओं का उपयोग कर अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर बनाये जाते हैं। सॉफ्टवेयर प्रोग्राम अंग्रेजी भाषा का प्रयोग करते हुए लिखा जाता है, अतः यूजर आसानी से

कम्प्यूटर का उपयोग कर सकता है; जैसे–औद्योगिक स्वचालन (Industrial Automation), व्यापार सॉफ्टवेयर, चिकित्सा सॉफ्टवेयर, शैक्षणिक सॉफ्टवेयर, वर्ड प्रौसेसर आदि।

**3. प्रोग्रामिंग सॉफ्टवेयर**

यह आमतौर पर कम्प्यूटर प्रोग्राम लिखने में एक प्रोग्रामर की सहायता करने के लिए उपकरण प्रदान करता है; जैसे–पाठ संपादक (Text editors), कम्पाइलर (Compiler), डि-बगर (Debugger), इन्टरप्रेटर (Interpreter) आदि। प्रोग्राम में त्रुटि जिससे गलत या अनुपयुक्त परिणाम उत्पन्न होते हैं उसे बग (Bug) कहते हैं। ज्ञात सॉफ्टवेयर बग के लिए इंटरनेट पर उपलब्ध छोटा प्रोग्राम जो निःशुल्क रिपेयर करता है, उसे पैच कहते हैं। सॉफ्टवेयर कोड में बग ढूँढने की प्रक्रिया को डीबगिंग (Debugging) कहते हैं।

## ऑपरेटिंग सिस्टम
*Operating System*

सर्वप्रथम जब हम कम्प्यूटर ऑन करते हैं तो हमारे मदरबोर्ड पर BIOS (Basic Input Output System) ROM चिप ढूँढ़ता है। इस BIOS चिप में विभिन्न एक्सपैंसन स्लॉट, पोर्ट, ड्राइव तथा आपरेटिंग सिस्टम के उपयोग के लिए निर्देश डाला (Burn) रहता है। कम्प्यूटर ऑन होते ही बुट सिक्वेंस या स्टार्ट अप प्रौसेस आरंभ होता है, जिसके अर्न्तगत BIOS चिप से निर्देश (Instruction) तथा प्रोग्रामिंग कोड लोड करता है। तत्पश्चात् क्रम में निर्देश देता है। बाह्य (External) तथा आंतरिक (Internal) उपकरणों (Equipment) की सूची और कई सेल्फ टेस्ट को कार्यान्वित करता है जिसे Power On Self Test कहते हैं । कम्प्यूटर इस टेस्ट के दौरान किसी त्रुटि का पता होने पर Error code प्रदान करता है। यह error code हार्डवेयर जैसे मेमोरी, की-बोर्ड, मॉनिटर एवं डिस्क ड्राइव्स में कोई कठिनाई आने पर देता है।

Power On Self Test सफलतापूर्वक समाप्त होने के पश्चात् बूट स्ट्रैप की प्रक्रिया आरंभ होती है जिसे बूटिंग (Booting) कहते हैं। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत ऑपरेटिंग सिस्टम आरंभ (Start) करता है। इस प्रक्रिया में ऑपरेटिंग सिस्टम को कम्प्यूटर सेकेन्डरी मेमोरी या ऑक्जिलरी मेमोरी से मेन मेमोरी या RAM में लोड करता है। इन प्रक्रिया में सारे कम्पोनेन्ट कम्प्यूटर सिस्टम से ठीक से जुड़े हैं तथा कार्य कर रहे हैं यह भी सुनिश्चित हो जाता है।

कम्प्यूटर हार्डवेयर हमारी भाषा नहीं समझते हैं, वे द्विआधारी (Binary Number) 1 अथवा 0की भाषा समझते हैं, ऑपरेटिंग सिस्टम, हार्डवेयर, एप्लिकेशन सिस्टम तथा उपयोगकर्ता के बीच एक माध्यम का कार्य करता है। इसका कार्य कम्प्यूटर को चलाना तथा उसज काम करने योग्य बनाये रखना है। ये हमारे दिये निर्देशों अथवा डेटा को मशीनी भाषा में बदलता है तथा परिणाम (output) को पुनः हमारी भाषा में बदलकर एक माध्यम के रूप में कार्य करता है; जैसे– विन्डोज 95, 98, विस्टा 2000, XP, MS-DOS (डिस्क ऑपरेटिंग सिस्टम) यूनिक्स, लिनिक्स आदि।

कम्प्यूटर एप्लिकेशन तथा नियंत्रण के आधार पर ऑपरेटिंग सिस्टम पाँच प्रकार के होते हैं :

1. वास्तविक समय ऑपरेटिंग सिस्टम (Real time operating system) :इसका मुख्य उद्देश्य यूजर को तिव्र Responce time उपलब्ध कराना है। ये प्रणाली मशीनरी, वैज्ञानिक और औद्योगिक उपकरणों को नियंत्रित करने के लिए उपयोग किया जाता है। इसमें उपयोगकर्ता का हस्तक्षेप कम होता है, तथा एक प्रोग्राम के परिणाम का दूसरे प्रोग्राम में इनपुट डेटा के रूप में प्रयोग होता है। वास्तविक समय ऑपरेटिंग सिस्टम का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा यह है कि एक विशेष ऑपरेशन एक निश्चित समय अवधि में ही पूर्ण हो जाये, नहीं तो आगे के प्रोग्राम में

त्रुटि आ जायेगी तथा परिणाम रुक जायेगा। उदाहरण– वैज्ञानिक अनुसंधान, रेलवे आरक्षण, उपग्रहों का संचालन आदि।

2. टाइम शेयरिंग सिस्टम (Time sharing operating system): इसमें यूजर को एक ही संसाधन का साझा उपयोग करना होता है। ऑपरेटिंग सिस्टम विभिन्न यूजर के आवश्यकताओं को संतुलित करता है कि हर प्रोग्राम जो वे उपयोग कर रहे हैं पर्याप्त है या नहीं। इस ऑपरेटिंग सिस्टम में मेमोरी का सही प्रबंधन आवश्यक होता है। इसमें प्रत्येक प्रोग्राम को CPU का बराबर समय मिलता है।

3. एकल काम ऑपरेटिंग सिस्टम (Single tasking operating system): इस प्रकार के ऑपरेटिंग सिस्टम एक यूजर को प्रभावी रूप से एक समय में एक ही काम करने की अनुमति देता है।

4. बैच प्रोसेसिंग ऑपरेटिंग सिस्टम (Batch processing operating system) : इस सिस्टम में काम समूह में होता है। अर्थात् ऑपरेटिंग सिस्टम जब सारे कार्य समूह में यूजर के हस्तक्षेप के बिना प्राथमिकता के आधार पर करता है तो उस सिस्टम को बैच प्रोसेसिंग सिस्टम कहते हैं; जैसे– पेरौल (Payroll) बनाना, बिलिंग (Billing) आदि।

5. बहु प्रोग्रामिंग ऑपरेटिंग सिस्टम (Multi programming operating system): ऐसे सिस्टम में ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा एक से अधिक प्रोग्राम या कार्य एक ही साथ कार्य करते हैं। हर कार्य को CPU का एक निश्चित समय दिया जाता है जिसे टाइम स्लाइसिंग कहते हैं।

6. मल्टी प्रौसेसिंग ऑपरेटिंग सिस्टम (Multi Processing operating system) या पैरेलल प्रौसेसिंग सिस्टम (Parallel Processing system): इस सिस्टम में एक ही कम्प्यूटर सिस्टम में दो या अधिक सेन्ट्रल प्रौसेसिंग यूनिट का उपयोग होता है।

## कुछ महत्वपूर्ण ऑपरेटिंग सिस्टम

1. एम एस डॉस MS-DOS (Disc Operating System): व्यापक रूप से पर्सनल कम्प्यूटर में स्थापित (Installed) माइक्रोसॉफ्ट का प्रथम ऑपरेटिंग सिस्टम था। यह सरल गैरसुचित्रित (Non-graphical), कमांड लाइन ऑपरेटिंग सिस्टम है। यह सरल है परन्तु यूजर फ्रेन्डली नहीं, क्योंकि इसमें कमांड याद रखना होता है। इसका सर्वाधिक लोकप्रिय संस्करण 7.0 है।

2. एम एस विंडोज (Microsoft windows): यह माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित ग्राफिकल यूजर इंटरफेस ऑपरेटिंग सिस्टम है। इसमें एम एस डॉस के कमियों को ध्यान में रखा गया तथा इसे यूजर फ्रेंडली बनाया गया। इसके अन्य संस्करण विंडोज-95, विंडोज-98, विंडोज एक्सपी, विंडोज विस्टा भी हैं। सर्वाधिक वर्तमान सर्वर संस्करण विंडोज सर्वर 2008 है। इसे सिखना तथा इसपर काम करना भी सरल है।

3. यूनिक्स (Unix): यह सन् 1969 में AT&T कर्मचारियों (Employees) द्वारा वेल प्रयोगशाला में विकसित ऑपरेटिंग सिस्टम है। जिनमें केन थॉमसन (Ken Thompson), डेनिस रिची (Dennis Ritchic), डगलस मैक्लरॉय (Douglas Mcllroy) तथा जो ओसाना (Joe Ossanna) शामिल थे। सर्वर तथा वर्क-स्टेशन दोनों में यूनिक्स ऑपरेटिंग सिस्टम का वृहत उपयोग होता है। यूनिक्स असेम्बली भाषा में सर्वप्रथम लिखा गया था। सन् 1973 में इसे C प्रोग्रामिंग भाषा में दोबारा लिखा गया। इसमें करनल Kernal) द्वारा डेटा प्रबंधन होता है।

4. लाइनक्स (Linux): सन् 1991 में इसका प्रथम संस्करण लाया गया था। यह यूनिक्स के तरह कम्प्यूटर ऑपरेटिंग सिस्टम है जो लाइनक्स करनल (Linux Kernal) पर आधारित है। इसका उपयोग मुख्यतः सर्वर में ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए होता है। यह ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर है।

### वर्चुअल मेमोरी
*Virtual Memory*

यह एक काल्पनिक स्मृति क्षेत्र है जो ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा समर्थित (Supported) है। इसे हम मेमोरी एड्रेस का विकल्प भी मान सकते हैं जिसे प्रोग्राम निर्देश तथा डेटा संग्रह के लिए उपयोग करता है। वर्चुअल मेमोरी का उद्देश्य एड्रेस स्पेस को बढ़ाना है। यह हार्ड डिस्क पर स्पेस है जिसे CPU extended RAM की तरह प्रयोग करता है। इसे लॉजिकल मेमोरी भी कहा जा सकता है तथा यह ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा नियंत्रित होता है।

### ट्रांसलेटर
*Translator*

ट्रांसलेटर, प्रोग्राम या निर्देशों की शृंखला है जो प्रोग्रामिंग भाषा को मशीनी भाषा में रूपान्तरित कर देता है। यह तीन प्रकार के होता है :

1. असेम्बलर (Assembler) : यह असेम्बली भाषा में लिखे गये प्रोग्राम को मशीनी भाषा में रूपान्तरित करता है।

2. कम्पाइलर (Compiler) : कम्पाइलर एक प्रोग्राम है जो उच्चस्तरीय भाषा में लिखे गये प्रोग्राम या स्रोत (Source) कोड को मशीनी भाषा या object प्रोग्राम में रूपान्तरित करता है। यह पूरे प्रोग्राम को एक बार में पढ़ता है तथा सारी गलतियों को बताता है। गलतियाँ दूर होने पर प्रोग्राम को मशीन भाषा में रूपान्तरित कर देता है।

3. इंटरप्रेटर (Interpreter) : यह उच्चस्तरीय प्रोग्रामिंग भाषा में दिये गये निर्देशों को निम्नस्तरीय मशीन भाषा में ट्रांसलेट करता है। इंटरप्रेटर हर निर्देश को एक-एक कर ट्रांसलेट करता है। एक निर्देश को ट्रांसलेट कर बिना संग्रहित किये क्रियान्वयित (execute) करता है, फिर तब दूसरे निर्देश को ट्रांसलेट करता है। इस तरह जब सारा प्रोग्राम क्रियान्वयित हो जाता है तो अन्त में प्रतिक्रिया (Response) देता है।

### डिवाइस ड्राइवर
*Device Driver*

इसे *सॉफ्टवेयर ड्राइवर* भी कहते हैं। यह एक कम्प्यूटर प्रोग्राम है जो उच्चस्तरीय कम्प्यूटर प्रोग्राम को हार्डवेयर डिवाइस के साथ संबंध स्थापित करने (intract) में सहायता करता है। कम्प्यूटर बस या संचार सब सिस्टम जिससे हार्डवेयर जुड़ा है के द्वारा डिवाइस ड्राइवर संबंध स्थापित करता है।

### अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर
*Application Software*

उपयोगिता के आधार पर अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर दो प्रकार के हाते हैं :

1. विशेष अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर (Special Application Software) : यह किसी विशेष कार्य को पूरा करने में सक्षम होता है। जैसे– मौसम विज्ञान, वायुयान नियंत्रण, टिकट आरक्षण, आदि के लिए विशेष अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर उपयोग होता है।

2. सामान्य अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर (General Function Application Software) : इसे अनेक उपयोगकर्ता उपयोग कर सकते हैं। जब आवश्यकता बहुत सामान्य सी होती है, तब अनुप्रयोग पैकेज भी प्रयोग किया जा सकता है।

कुछ सामान्य अनुप्रयोग पैकेज निम्नलिखित हैं :

(a) इलेक्ट्रॉनिक स्प्रेडशीट (Electronic spreadsheet) : यह स्क्रीन पर संख्या को टेबल के रूप में प्रकट करने में सक्षम होता है, तथा उसकी गणना कर सकता है। उन संख्याओं को

ग्राफ तथा चार्ट के रूप में भी व्यक्त कर सकते हैं। जैसे– माइक्रोसॉफ्ट एक्सल, लोटस 123, के-स्प्रेड, ओपेन कैल्क आदि।

(b) वर्ड प्रोसेसर (Word Processor) : यह कम्प्यूटर स्क्रीन पर दस्तावेज तैयार करने में सहायता करता है। उस दस्तावेज को रूपान्तरित, संग्रहित तथा प्रिन्ट किया जा सकता है; जैसे– वर्ड स्टार (Word Star), वर्ड पैड (Word Pad), एम एस वर्ड (MS-Word), के-वर्ड, ओपेन राइटर आदि।

(c) कम्प्यूटर ग्राफिक्स (Computer Graphics) : इस प्रोग्राम को डिजाइन, ग्राफ और चार्ट बनाने तथा संशोधन करने के लिए उपयोग किया जाता है। जैसे– CAD (Computer Aided Design), CAM (Computer Aided Manufacturing), हारवर्ड ग्राफिक्स इत्यादि।

(d) डेस्कटॉप पब्लिशिंग (DTP–Desk Top Publishing) : कम कीमत पर अच्छी गुणवत्ता के साथ प्रकाशन के लिए DTP सॉफ्टवेयर प्रयोग किया जाता है। यह इनपुट, वर्ड-प्रोसेसर या सीधे DPT सिस्टम से लेता है और इसमें इलेक्ट्रॉनिक रूप से ग्राफिक्स जोड़कर पेज पूरा किया जाता है। फिर उच्च रिजोल्यूसन आउटपुट यंत्र से प्रिन्ट कर लिया जाता है। जैसे– पेज मेकर, कोरल ड्रॉ, माइक्रोसॉफ्ट पब्लिशर इत्यादि।

(e) डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम या डाटाबेस सॉफ्टवेयर (DISMS–Data Base Management System or Database Software) : इस सिस्टम के अन्तर्गत जो भी डेटा हम कम्प्यूटर में स्टोर करना चाहते हैं, उसे इनपुट करने, परिवर्तन करने, क्रमबद्ध करने तथा रिपोर्ट तैयार करने की सुविधा देता है। यह डेटा का सुनियोजित रिकार्ड रखने में सक्षम होता है; जैसे– डी-बेस IV, एम एस एक्सल आदि।

(f) रिपोर्ट जेनरेटर (Report Generator) : यह डेटाबेस से डेटा लेकर प्रयोक्ता के आवश्यकतानुसार विभिन्न तरह के रिपोर्ट तैयार करता है; जैसे–RPG (रिपोर्ट प्रोग्राम जेनरेटर)।

(g) एकाउंटिंग पैकेज (Accounting Package) : इस प्रोग्राम के उपयोग से वित्तीय लेखांकन (Accounting), बैंक खातों, स्टॉक, आय और व्यय का लेखा-जोखा सरलता से होता है; जैसे–टैली (Tally)।

(h) प्रस्तुति सॉफ्टवेयर (Presentation Software) : इसका उपयोग शब्दों और चित्रों को सजाकर कहानी कहने, सार्वजनिक प्रस्तुति या सूचना देने में होता है। उदाहरण– पावर प्वाइंट, फ्रिलान्स, पेज, पेज मिल इत्यादि। प्रस्तुति सॉफ्टवेयर को *प्रस्तुति ग्राफिक्स* भी कहते हैं।

| Operating System | Word Processing | Spread sheet | Presentation | Database |
|---|---|---|---|---|
| MS-DOS- | Word Star | Lotus 1-2-3 | | D base |
| MS-Windows | Word Pad | MS-Excel | MS-Power Point | MS-Access |
| | MS-Word | | Page Maker | |
| Linux- | K-Word | K-Spread | K-Presentes | |
| | Ab-Word | Open Calc | | |
| | Open writer | Star Calc | Star Impress | Star Base |
| | Star writer | | | |

टंकी सिस्टम (Turnkey System): किसी विशेष अनुप्रयोग के लिए आवश्यक हार्डवेयर और साफ्टवेयर को ट्रंकी सिस्टम कहते हैं।

फ्री वेयर (Free Ware): फ्री वेयर एक साफ्टवेयर है जिसे बिना मूल्य चुकाये या इंटरनेट से फ्री डाउनलोड कर सकते हैं। जैसे—इस्टैंट मैसेजिंग और गूगल टूलबार।

## यूटीलिटी सॉफ्टवेयर
*Utility Software*

यह एक छोटा साफ्टवेयर है जो ऑपरेटिंग सिस्टम के कार्य क्षमता में वृद्धि करता है।

यह विशेष रूप से कम्प्यूटर हार्डवेयर, ऑपरेटिंग सिस्टम या अनुप्रयोग के प्रबंधन को एक साथ कार्य करने में सहायता करता है। यूटीलिटी सॉफ्टवेयर एक कार्य या कार्य का एक छोटा भाग पूरा (perform) करता है। इसकी सहायता से कम्प्यूटर का उपयोग करना और भी सरल हो जाता है।

1. डिस्क फार्मेटिंग (Disk Formating): यह हार्डडिस्क या दूसरे भंडारण माध्यम को उपयोग करने के पहले ऑपरेटिंग सिस्टम के अनुकूल बनाने में सहायता करता है।

2. डिस्क क्लिनर (Disk Cleaner): यह उपयोगकर्ता को हार्ड डिस्क भर जाने पर अनावश्यक प्रोग्राम को हटाने का निर्णय लेने में मदद करता है तथा हटाकर मेमोरी की क्षमता में वृद्धि करता है।

3. बैकअप प्रोग्राम (Backup Program): यह सॉफ्टवेयर कम्प्यूटर में स्टोर सारे सूचनाओं को कॉपी करके इच्छित जगह पर रखता है जिससे मेमोरी में कोई क्षति होने पर सारे सूचनाओं को फिर से संग्रहित किया जा सकता है।

4. डिस्क कम्प्रेसन (Disk Compression): ये सॉफ्टवेयर हार्ड डिस्क के सारे सूचनाओं को कॉम्प्रेस (Compress) कर देता है ताकि और सूचनाओं को इनमें संग्रहित किया जा सके। स्टोरेज की थोड़ी सी जगह में बहुत सी फाइलों को स्टोर करने के लिए फाइल कम्प्रेसन (Compression) का प्रयोग किया जाता है।

5. वायरस स्कैनर (Virus Scanner): ये कम्प्यूटर फाइल तथा फोल्डरों के वायरस को निष्क्रिय करने के लिए स्कैन करता है। इसे *एन्टीवायरस* भी कहते हैं।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** ............ एक प्रोग्राम है जिससे कंप्यूटर का उपयोग करना आसान हो जाता है।
(a) ओपरेटिंग सिस्टम (b) ऐप्लिकेशन (c) यूटिलिटी
(d) नेटवर्क (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

**2.** प्रोग्राम में त्रुटि (Error) जिससे गलत या अनुपयुक्त परिणाम उत्पन्न होते हैं, उसे .................. कहते हैं।
(a) बग (b) बाइट (c) एट्रिब्यूट
(d) यूनिट प्रोब्लम (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

**3.** कंप्यूटर का प्रत्येक कम्पोनेन्ट या तो ........होता है
(a) हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर
(b) सॉफ्टवेयर या CPU/RAM
(c) ऐप्लिकेशन सॉफ्टवेयर या सिस्टम सॉफ्टवेयर
(d) इनपुट डिवाइस या आउटपुट डिवाइस
(e) इनमें से कोई नहीं

4. सॉफ्टवेयर का प्राथमिक उद्देश्य डाटा को......में बदलना है।
(a) वेब साइट (b) सूचना (c) प्रोग्राम
(d) ऑब्जेक्ट (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*

5. ............., सॉफ्टवेयर कोड में त्रुटियां ढूंढने की एक प्रक्रिया है।
(a) कम्पाइलिंग (b) टेस्टिंग (c) रनिंग
(d) डीबगिंग (e) इनमें से कोई नहीं

6. वर्चुअल मेमरी क्या होती है?
(a) हार्ड डिस्क की मेमरी जिसे CPU एक्सटेंडेड RAM की तरह प्रयोग करता है
(b) RAM में होती है
(c) तभी आवश्यक होती है यदि आपके कंम्प्यूटर में कोई RAM न हो
(d) फ्लॉपी डिस्कों के लिए बैकअप डिवाइस
(e) इनमें से कोई नहीं

7. कंम्प्यूटर को.........बताता है कि इसके कम्पीनेंट्स का प्रयोग कैसे किया जाए?
(a) युटिलिटी (b) नेटवर्क (c) ऑपरेटिंग सिस्टम
(d) एप्लिकेशन प्रोग्राम (e) इनमें से कोई नहीं

8. यूजर, एप्लिकेशन सोफ्टवेयर, हार्डवेयर को कनेक्ट करते हुए, इंटरफेस के रूप में फंक्शन करते हुए किस प्रकार का सोफ्टवेयर कंप्यूटर प्रोसेसों को मैनेज करता है ?
(a) सिस्टम सोफ्टवेयर (b) यूटिलिटी प्रोग्राम (c) ट्रान्सलेटर
(d) आपरेटिंग सिस्टम (e) इनमें से कोई नहीं

9. ज्ञात सोफ्टवेयर बग के लिए रिपेअर जो सामान्यतः इंटरनेट पर बिना चार्ज उपलब्ध होता है उसे ...... कहते हैं।
(a) वर्शन (b) पैच (c) ट्यूटोरियल
(d) FAQ (e) इनमें से कोई नहीं

10. बैकअप क्या होता है?
(a) अपने नेटवर्क को अधिक कंपोनेन्ट जोड़ना
(b) मूल स्रोत से किसी भिन्न डेस्टिनेशन पर कॉपी कर के डाटा का संरक्षण करना
(c) नये डाटा से पुराना डाटा फिल्टर करना
(d) टेप पर डाटा को एक्सेस करना
(e) इनमें से कोई नहीं

11. कौन-सा प्रोग्राम कम्प्यूटर के विभिन्न भागों का नियंत्रण करता है और प्रयोक्ता को कम्प्यूटर के साथ इंटरऐक्ट करने देता है?
(a) यूटिलिटी सॉफ्टवेयर (b) ओपरेटिंग सिस्टम (c) वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर
(d) डाटाबेस प्रोग्राम (e) इनमें से कोई नहीं

12. प्रोग्रामों का समूह जो आपकी कंप्यूटर सिस्टम के चलने को कंट्रोल करता है और सूचना प्रोसेस करता है उसे......कहते हैं।
(a) ओपरेटिंग सिस्टम (b) कंप्यूटर (c) ऑफिस
(d) कंपाइलर (e) इंटरप्रीटर

13. अनुदेशों का सेट जो कंप्यूटर को क्या करना है यह बताता है, उसे.......कहते हैं।
(a) मेटर (b) इंस्ट्रक्टर (c) कंपाइलर
(d) प्रोग्राम (e) डिबग्गर *(RBI 2009, SBI 2009, IBPS Clerk 2011)*

14. ओपरेटिंग सिस्टम द्वारा सीधे हैंडल नहीं किए जाने वाले अधिकांश कार्य निम्नलिखित में से कौन-सा हैंडल कर सकता है ?
(a) वर्टिकल-मार्केट ऐप्लिकेशन्स (b) यूटिलिटीज
(c) एल्गोरियम्स (d) इंटेग्रेटेड सॉफ्टवेयर (e) कंपाइलर्स

15. कम्प्यूटर की भौतिक बनावट (छू कर महसूस करने योग्य भाग) कहलाती है—
(a) हार्डवेयर (b) सॉफ्टवेयर (c) की-बोर्ड
(d) मेमोरी (e) इनमें से कोई नहीं *(RBI 2009, IBPS Clerk 2011)*

16. डाटा का सुनियोजित रिकार्ड रखने के लिए सामान्यतया इनमें से किस सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाता है ?
(a) डाटाबेस सॉफ्टवेयर (b) वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर (c) ऑपरेटिंग सिस्टम
(d) यूटिलिटी सॉफ्टवेयर (e) इनमें से कोई नहीं

17. मूल स्रोत से किसी भिन्न डेस्टिनेशन पर कॉपी कर के डाटा का संरक्षण करना क्या कहलाता है ?
(a) मेश (b) बूट (c) बैकअप
(d) इन्स्टॉलेशन (e) इनमें से कोई नहीं

18. एम०एस०डॉस आधारित पर्सनल कम्प्यूटरों पर निम्न में से कौन-सा पैकेज डाटाबेस के रूप में अधिक पाया गया है ?
(a) डोबेस–3 (b) कोरल (c) वर्ड-स्टार
(d) आटोकैड (e) इनमें से कोई नहीं

19. DOS का पूरा नाम क्या है ?
(a) डिस्क ऑफ सिस्टम (b) डिस्क आपरेटिंग सिस्टम (c) डिवाइस आपरेटिंग सिस्टम
(d) डोर आपरेटिंग सिस्टम (e) इनमें से कोई नहीं

20. कम्प्यूटर पर काम करने के लिए मुख्यतः किसकी जरूरत पड़ती है ?
(a) हार्डवेयर (b) साप्टवेयर (c) स्कैनर
(d) 1 तथा 2 दोनों (e) इनमें से कोई नहीं

21. एम० एस० डॉस है—
(a) सिस्टम सॉफ्टवेयर (b) एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर (c) यूनिक सॉफ्टवेयर
(d) न्यू सॉफ्टवेयर (e) इनमें से कोई नहीं

22. पीसी डॉस का कौन-सा संस्करण सर्वाधिक लोकप्रिय है ?
(a) 6 (b) 7 (c) 8
(d) 9 (e) इनमें से कोई नहीं

23. यूनिक्स का विकास कब हुआ ?
(a) 1950 (b) 1955 (c) 1960
(d) 1969 (e) इनमें से कोई नहीं

24. यूनिक्स की मुख्य भाषा है—
(a) कोबोल (b) बेसिक (c) एसेंबली
(d) जावा (e) इनमें से कोई नहीं

25. किसी फर्म के सभी ट्रांजेक्शनों की एक ही बार में ग्रुपिंग और प्रोसैसिंग करने को क्या कहते हैं?
(a) डाटाबेस प्रबंध प्रणाली (b) बैच प्रोसैसिंग (c) रीअल टाइम सिस्टम
(d) ऑन लाइन सिस्टम (e) इनमें से कोई नहीं
*(IBPS PO 2011)*

26. कम्प्यूटर में काम करने के लिए किस सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया जाता है?
(a) सिस्टम (b) एप्लीकेशन (c) प्रोग्राम
(d) पैकेज (e) इनमें से कोई नहीं

27. कौन-सा सॉफ्टवेयर कम्प्यूटर के हार्डवेयर को नियंत्रित करता है?
(a) एप्लीकेशन (b) सिस्टम (c) प्रोग्राम
(d) मेमोरी (e) इनमें से कोई नहीं

28. कम्पाइलर कम्प्यूटर की किस प्रकार की भाषा है?
(a) उच्चस्तरीय भाषा (b) निम्नस्तरीय भाषा (c) पास्कल भाषा
(d) कोबोल भाषा (e) इनमें से कोई नहीं

29. उच्चस्तरीय भाषा में लिखे गये प्रोग्राम को कम्प्यूटर अपनी समझ के लिए निम्नस्तरीय भाषा में किसकी मदद से बदलता है?
(a) कम्पाइलर (b) इंटरप्रेटर (c) दोनों
(d) हार्डवेयर (e) इनमें से कोई नहीं

30. कम्प्यूटर में सिस्टम सॉफ्टवेयर का सबसे महत्वपूर्ण भाग कौन-सा होता है?
(a) कम्पाइलर (b) इंटरप्रेंटर (c) ऑपरेटिंग सिस्टम
(d) पैकेज (e) इनमें से कोई नहीं

31. कम्प्यूटर में उपयोग के लिए बाजार में बिकने वाले प्रोग्राम को क्या कहते हैं?
(a) सॉफ्टवेयर प्रोग्राम (b) सॉफ्टवेयर पैकेज (c) सॉफ्टवेयर सिस्टम
(d) सॉफ्टवेयर भाषा (e) इनमें से कोई नहीं

32. टर्नकी सिस्टम क्या है?
(a) हार्डवेयर तथा साफ्टवेयर की पूर्णता है। (b) साफ्टवेयर की पूर्णता
(c) भाषा की पूर्णता (d) हार्डवेयर की पूर्णता (e) इनमें से कोई नहीं

33. यूनिक्स के निर्माता हैं—
(a) रॉर्ड फेन्सन (b) केन थामसन (c) रमावर्त कैथरीन
(d) जानसन (e) जानसन एवं केन थामसन

34. यूनिक्स की विशेषताएँ क्या हैं?
(a) एक साथ अनेक काम (b) एक साथ अनेक लोग काम कर सकते हैं
(c) काफी सुरक्षित है (d) करनल (kernal) डाटा का प्रबंध करता है
(e) उपर्युक्त सभी

35. संकेतों का संग्रह, जो कि कम्प्यूटर को बताता है कि किसी विशेष काम को कैसे किया जायेगा, क्या कहलाता है?
(a) आंकड़ा संगणना (b) प्रोग्राम (c) फाइल
(d) सूचना (e) इनमें से कोई नहीं
*(IBPS Clerk 2011)*

36. निम्न में से कौन उपभोक्ता एवं हॉर्डवेयर के बीच एक मध्यस्थ (एजेंट) की तरह काम करता है ?
(a) कम्पाइलर (b) ओ० एस० (Operating system)
(c) ट्रांसलेटर (d) उपर्युक्त सभी (e) इनमें से कोई नहीं

37. कम्प्यूटर की असेम्बली भाषा में लिखे गये प्रोग्राम को मशीन भाषा में बदलने का काम कौन करता है ?
(a) असेम्बलर (b) कम्पाइलर (c) इंटरप्रिंटर
(d) प्रोसेसर (e) इनमें से कोई नहीं

38. हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के बीच संबंध बनाने की तकनीक या सुविधा को क्या कहा जाता है ?
(a) इंटरनेट (b) इंटरफेस (c) इंटरकॉम
(d) ईप्रोम (e) इनमें से कोई नहीं

39. किसी प्रोग्राम की मशीनी भाषा में किया गया अनुवाद क्या कहलाता है ?
(a) एनालॉग प्रोग्राम (b) ऑब्जेक्ट प्रोग्राम (c) पर्सनल प्रोग्राम
(d) ऑफिसियल प्रोग्राम (e) इनमें से कोई नहीं

40. प्रोग्रामिंग भाषा में लिखे गये मूल प्रोग्राम को क्या कहा जाता है ?
(a) यूथ प्रोग्राम (b) स्रोत-प्रोग्राम (c) फर्म प्रोग्राम
(d) लूप प्रोग्राम (e) इनमें से कोई नहीं

41. कैड शब्द का सम्बन्ध कम्प्यूटर में किससे है ?
(a) एकाउन्ट (b) डिजाइन से (c) मीडिया
(d) साइन्स से (e) आर्टस से

42. किस ऑपरेटिंग सिस्टम में उपयोगकर्ता एक साथ कई कम्प्यूटर ऑपरेट कर सकते हैं ?
(a) विंडोज (b) एम.एस.डॉस (c) टाइम शेयरिंग
(d) उपर्युक्त सभी (e) इनमें से कोई नहीं

43. कम्प्यूटर का सॉफ्टवेयर पेज मेकर किस ऑपरेटिंग सिस्टम से संबंध रखता है ?
(a) एम० एस० डॉस (b) यूनिक्स (c) विन्डोज
(d) उपर्युक्त सभी (e) इनमें से कोई नहीं

44. डाटाबेस में बैंक अप्स का क्या उपयोग होता है ?
(a) सिस्टम की कार्यप्रणाली को चेक करने में
(b) सुरक्षा के लिए (c) ट्रांजेक्शन का रिकार्ड प्रदान करने हेतु
(d) खोये हुए डाटा को वापस करने हेतु (e) इनमें से कोई नहीं

45. DOS का उपयोग क्या है ?
(a) ''इनपुट'' तथा 'आउटपुट' कार्यों को नियंत्रित करना
(b) यूजर तथा कम्प्यूटर के बीच संबंध स्थापित करना
(c) 1 तथा 2 दोनों (d) इंटरनेट में सहायता करना (e) इनमें से कोई नहीं

46. एक सॉफ्टवेयर, जो एच० एल० एल० प्रोग्राम को मशीनी भाषा में परिवर्तित करता है उसे कहते हैं—
(a) कम्पाइलर (b) एसेम्बल (c) लोडर
(d) इंटर प्रेटर (e) इनमें से कोई नहीं

47. कम्प्यूटर के संचालन में प्रयुक्त प्रोग्राम, नियम तथा कम्प्यूटर क्रियाओं से संबंधित अन्य लिखित (या चिप में दर्ज) सामग्री को कहा जाता है—
(a) सॉफ्टवेयर (b) हार्डवेयर (c) नेटवर्क
(d) फर्मवेयर (e) इनमें से कोई नहीं

48. ओरेकल (Oracle) है—
(a) एक प्रचालन तंत्र (b) शब्द संसाधक सॉफ्टवेयर (c) डाटाबेस सॉफ्टवेयर
(d) उपर्युक्त तीनों (e) इनमें से कोई नहीं

49. कौन-सा सॉफ्टवेयर शब्द संसाधन में प्रयोग किया जाता है ?
(a) पेजमेकर (b) वर्ड स्टार (c) एम० एस० वर्ड
(d) उपर्युक्त तीनों (e) इनमें से कोई नहीं

50. 'टैली' (Tally) सॉफ्टवेयर का प्रयोग किस काम के लिए किया जाता है ?
(a) DTP (b) संचार (c) नेटवर्किंग
(d) एकाउंटिंग (e) इनमें से कोई नहीं

51. असेम्बलर का कार्य है—
(a) बेसिक भाषा को यंत्र भाषा में परिवर्तित करना
(b) उच्चस्तरीय भाषा को यंत्र भाषा में परिवर्तित करना
(c) असेम्बली भाषा की यंत्र भाषा में परिवर्तित करना
(d) असेम्बली भाषा को उच्च स्तरीय भाषा में परिवर्तित करना

*(उत्तरांचल PCS 2005, IBPS Clerk 2011)*

52. C.A.D. का तात्पर्य है—
(a) कम्प्यूटर एल्गोरिथम फॉर डिजाइन
(b) कम्प्यूटर एडेड डिजाइन (c) कम्प्यूटर एप्लीकेशन इन डिजाइन
(d) उपर्युक्त तीनों (e) इनमें से कोई नहीं

53. यूजर यह कैसे निर्धारित कर सकता है कि कम्प्यूटर पर कौन-सा प्रोग्राम उपलब्ध है ?
(a) हार्ड डिस्क की प्रोपर्टिज चेक करके
(b) बूटिंग प्रौसेस के दौरान इनस्टाल्ड प्रोग्राम देखकर
(c) इनस्टाल्ड प्रोग्राम की लिस्ट के ऑपरेटिंग सिस्टम चेक कर
(d) डिस्क पर सेव की गई विद्यमान फाइलें चेक करके

*(SBI 2009)*

(e) इनमें से कोई नहीं

54. रीज्यूम बनाने के लिए किस सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाता है ?
(a) Ms-Word (b) Pagemaker (c) 1 और 2 दोनों
(d) Java (e) इनमें से कोई नहीं

55. हार्डवेयर में शामिल है—
(a) डाटा इनपुट करने के लिए प्रयुक्त सभी साधन
(b) डाटा इनपुट और आउटपुट करने लिए प्रयुक्त कम्प्यूटर और उससे जुड़े सभी साधन
(c) इन्ट्रक्सन के सेट (d) सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (e) इनमें से कोई नहीं

56. कम्प्यूटर प्रोग्रामों को लिखने वाले और उनका परीक्षण करने वाले व्यक्तियों को क्या कहते हैं।
(a) प्रोग्रामर (b) कम्प्यूटर विज्ञानी (c) सॉफ्टवेयर इंजीनियर
(d) प्रोजेक्ट डेवलपर (e) इनमें से कोई नहीं

**57.** MS–Word ......... का उदाहरण है।
(a) ऑपरेटिंग सिस्टम (b) एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर (c) प्रोसेसिंग डिवाइस
(d) इनपुट डिवाइस (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

**58.** कम्प्यूटर के कम्पोनेंट ठीक से ऑपरेट हो रहे हैं और कनेक्टेड हैं यह सुनिश्चित करने के लिए कौन-सा प्रौसेस चेक करता है?
(a) बूटिंग (b) प्रौसेसिंग (c) सेविंग
(d) एडिटिंग (e) इनमें से कोई नहीं

**59.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?
(a) वर्चुअल मैमरी हार्ड ड्राइव पर स्पेस है जहाँ आपरेटिंग सिस्टम मैमरी-बाउंड होने पर डाटा स्टोर करना आरंभ करती है
(b) RAM से डाटा एक्सेस करना वर्चुअल मैमरी से डाटा एक्सेस करने से धीमा होता है
(c) वर्चुअल मैमरी से डाटा प्रयुक्त करते समय, ओपरेटिंग सिस्टम RAM फाइल नामक फाइल बिल्ड करती है
(d) यदि कोई कंप्यूटर मैमरी-बाउंड है तो अधिक RAM जोड़ने से समस्या हल नहीं होगी
(e) इनमें से कोई नहीं

**60.** जब आप कम्प्यूटर ऑन करते हैं तब बूट रूटिन यह टेस्ट करता है—
(a) RAM टेस्ट (b) डिस्क ड्राइव टेस्ट (c) मेमोरी टेस्ट
(d) पॉवर ऑन सेल्फ टेस्ट (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

**61.** कम्प्यूटर को बनानेवाले फिजीकल कम्पोनेन्टस को ............... कहते हैं।
(a) ऑपरेटिंग सिस्टम (b) हार्डवेयर (c) सॉफ्टवेयर
(d) ब्राउजर (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

**62.** मल्टीपल प्रौसेसर द्वारा दो या अधिक प्रोग्रामों का साथ-साथ प्रौसेसिंग निम्नलिखित हैं—
(a) मल्टी प्रोग्रामिंग (b) मल्टीटास्किंग (c) टाइम शेयरिंग
(d) मल्टी प्रौसेसिंग (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009, IBPS PO 2011)*

**63.** किसी प्रोग्राम के मानव द्वारा पठनीय वर्शन को.......कहते हैं।
(a) सोर्स कोड (b) प्रोग्राम कोड (c) ह्यूमन कोड
(d) सिस्टम कोड (e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad PO 2010)*

**64.** ......एक बार में एक स्टेटमेंट को कन्वर्ट और एक्जीक्यूट करता है।
(a) कम्पाइलर (b) इंटरप्रेटर (c) कनवर्टर
(d) इन्स्ट्रक्शन्स (e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad PO 2010)*

**65.** शब्द......किसी उपकरण को यह डेजिग्नेट करता है कि जिसे कंप्यूटर से उसकी फंक्शनैलिटी बढ़ाने के लिए जोड़ा जा सकता है।
(a) डिजिटल डिवाइस (b) सिस्टम ऐड-ऑन (c) डिस्क पैक
(d) पैरिफेरल डिवाइस (e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad PO 2010)*

**66.** यदि कंप्यूटर में प्रिंटर या स्कैनर जैसी नई डिवाइस अटैच की जाती है तो डिवाइस का प्रयोग किए जाने से पहले इसका .........इंस्टाल किया जाना चाहिए।
(a) बफर (b) ड्राइवर (c) पेजर
(d) सर्वर (e) इनमें से कोई नहीं *(Punjab & Sind 2010)*

67. कम्पाइलिंग से .........क्रिएट होता / होती है।
(a) प्रोग्राम स्पेसिफिकेशन (b) एल्गोरिद्म (c) एक्जीक्यूटेबल प्रोग्राम
(d) सब रूटीन (e) इनमें से कोई नहीं *(Punjab & Sind 2010)*

68. कंप्यूटर इन्स्ट्रक्शन लिखने के प्रोसैस को ........ कहते हैं।
(a) एसेम्बलिंग (b) कम्पाइलिंग (c) एक्जीक्यूटिंग
(d) कोडिंग (e) इनमें से कोई नहीं *(Punjab & Sind 2010)*

69. सामान्य शब्द ''पेरिफरल इक्विपमेंट'' का प्रयोग किसलिए किया जाता है?
(a) कंप्यूटर सिस्टम के साथ अटैच की गई कोई भी डिवाइस
(b) बड़े पैमाने के कंप्यूटर सिस्टम
(c) प्रोग्राम कलेक्शन
(d) कार्यालय के दूसरे उपकरण जो डेस्कटॉप कंप्यूटर से न जुड़े हो
(e) इनमें से कोई नहीं *(Punjab & Sind 2010)*

70. हार्डवेयर में क्या शामिल है?
(a) कंप्यूटर में डाटा इनपुट करने के लिए प्रयुक्त सभी डिवाइसें
(b) अनुदेशों का समूह जिन्हें कंप्यूटर रन करता है या एक्जीक्यूट करता है
(c) कंप्यूटर और इससे जुड़ी वे सभी डिवाइसें जो डाटा के इनपुट और आउटपुट के लिए प्रयुक्त होती है
(d) सेंट्रल प्रोसैसिंग यूनिट, मेमरी व स्टोरेज सहित इनफारमेशन को प्रोसैस करने में लगी सभी डिवाइसें
(e) इनमें से कोई नहीं *(Union Bank of India Clerk 2011)*

71. .....वह प्रोग्राम है जो कंप्यूटर को प्रयोग करने में आसान बना देता है।
(a) एप्लिकेशन (b) युटिलिटी (c) नेटवर्क
(d) आपरेटिंग सिस्टम (e) इनमें से कोई नहीं *(Union Bank of India Clerk 2011)*

72. डिवाइस ड्राइवर क्या है?
(a) बाहरी स्टोरेज डिवाइसों के लिए टाइनी पावर कॉर्ड
(b) विशेषज्ञ, जो डिवाइसों के कार्यनिष्पादन को अधिकतम करना जानते हैं
(c) छोटे, विशेष उद्देश्य वाले प्रोग्राम
(d) आपरेटिंग सिस्टम के सबसे भीतरी पुर्जे
(e) आपरेटिंग सिस्टमों के सब्स्टीट्यूट *(Union Bank of India Clerk 2011)*

73. कंप्यूटर बूट "boot' नहीं कर सकता यदि, उसमें ........ नहीं होता।
(a) कंपाइलर (b) लोडर (c) ऑपरेटिंग प्रणाली
(d) अँसेंब्लर/ संग्राहक (e) इनमें से कोई नहीं *(Union Bank of India Clerk 2011)*

74. नीचे सूचीबद्ध चार शब्दों में से कौन-सा उनसे सम्बद्ध नहीं है?
(a) एप्लिकेशन (b) पेरिफेरल (c) प्रोग्राम
(d) सॉफ्टवेयर (e) इनमें से कोई नहीं
*(Union Bank of India Clerk 2011, IBPS Clerk 2011)*

75. ऑपरेटिंग प्रणाली और कंप्यूटर में प्रोसेसर इनके मिश्रण को...........कंप्यूटर्स के रूप में संदर्भित किया जाता है।
(a) फर्मवेयर (b) स्पेसिफिकेशन (c) न्यूनतम जरूरत
(d) प्लॅटफार्म (e) इनमें से कोई नहीं *(Bank of Baroda 2011)*

**76.** फ्री वेयर के दो उदाहरण क्या हैं?
(a) विनझिप और लिनक्स
(b) शेयरवेयर और फाइल शेयरिंग
(c) माइक्रोसॉफ्ट वर्ड और गूगल टूलबार
(d) इंस्टंट मेसेजिंग और गूगल टूलबार
(e) माइक्रोसॉफ्ट पॉवर पॉइंट व माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल *(Allahabad Bank PO 2011)*

**77.** वेंडर-सृजित / क्रिएटेड प्रोग्रॅम में संशोधनों को........कहा जाता है।
(a) पैचेस (b) अँटीवायरसेस (c) होल्स
(d) फिक्सेस (e) ओवरलैपस् *(Allahabad Bank PO 2011)*

**78.** प्रत्येक कंप्यूटर में.........है और कई में.........भी होता है।
(a) ऑपरेटिंग प्रणाली, क्लायंट / ग्राहक प्रणाली
(b) ऑपरेटिंग प्रणाली, अनुदेश सैट्स
(c) ॲप्लिकेशन प्रोग्रॅम्स, ऑपरेटिंग प्रणाली
(d) ॲप्लिकेशन प्रोग्रॅम्स, ग्राहक / क्लाएंट प्रणाली
(e) ऑपरेटिंग प्रणाली, ॲप्लिकेशन प्रोग्रॅम *(Allahabad Bank PO 2011)*

**79.** निम्न में से कौन से प्रकार का कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर जिसे खरीदा नहीं जा सकता?
(a) ऑफ-द-शेल्फ (b) टेलर मेड (c) कस्टम-विकसित
(d) ऑफ-द-शेल्फ बदलावोंसहित
(e) ये सभी खरीदे जा सकते हैं *(Allahabad Bank PO 2011)*

**80.** कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर की परिभाषा ऐसी हो सकती है.........
(a) कंप्यूटर और उसके सहयोगी साधन / उपकरण
(b) ऐसे अनुदेश जो कंप्यूटर को बताते हैं कि क्या करना है
(c) कंप्यूटर के घटक जो लक्ष्यपूर्ति का कार्य करते हैं
(d) कंप्यूटर और नेटवर्क के बीच का इंटरफेस / चर्चा
(e) कंप्यूटर और उसके डाटा बेस के बीच का इंटरएक्शन/परिचर्चा
*(Allahabad Bank PO 2011)*

**81.** पहले से चल रहे कंप्यूटर को रीस्टार्ट करना.......कहलाता है।
(a) बूटिंग (b) स्टार्टिंग (c) रीबूटिंग
(d) सैकंड-स्टार्टिंग (e) इनमें से कोई नहीं
*(Allahabad Bank Clerk 2011, IBPS Clerk 2011)*

**82.** कंप्यूटर उपकरण को क्या कहते हैं?
(a) हार्डवेयर (b) बाइट (c) माउस
(d) सॉफ्टवेयर (e) डिफॉल्ट *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

**83.** उस हार्डवेयर के लिए प्रयुक्त सामान्य शब्द कौन सा है जो जरूरी नहीं कि कंप्यूटर के मूल कार्य के लिए हो, बल्कि बाहर से जुड़ा हो?
(a) आइकन (b) बिट (c) कीबोर्ड
(d) प्रिंटर (e) पेरिफेरल *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

**84.** सिस्टम के ......... में प्रोग्राम या इन्स्ट्रक्शन होते हैं।
(a) पेरिफेरल (b) सॉफ्टवेयर (c) इनफारमेशन्
(d) आइकन (e) हार्डवेयर *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

85. कंप्यूटर के प्रत्येक प्रोग्राम, डाटा और सिस्टम फाइल की प्रति ....... बैकअप में होती है।
(a) रिस्टोरेशन (b) बूटस्ट्रैप (c) डिफरंशियल
(d) फुल (e) इनमें से कोई नहीं
*(Allahabad Bank Clerk 2011)*

86. आपके कंप्यूटर का प्रत्येक घटक या तो .........
(a) एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर होता है या सिस्टम सॉफ्टवेयर
(b) सॉफ्टवेयर होता है या CPU/RAM
(c) हार्डवेयर होता है या सॉफ्टवेयर
(d) इनपुट डिवाइस होता है या आउटपुट डिवाइस
(e) इनमें से कोई नहीं
*(Allahabad Bank Clerk 2011)*

87. कंप्यूटर कंट्रोल करने संबंधी इंस्ट्रक्शन्स या प्रोग्रामों को ..... कहते हैं।
(a) सॉफ्टवेयर (b) हार्डवेयर (c) ह्यूमनवेयर
(d) प्रोग्रामर (e) एनालिस्ट्स
*(IBPS Clerk 2011)*

88. ..... , एक समय में एक कथन को कन्वर्ट और एक्जेक्यूट करता है।
(a) कन्वर्टर (b) कंपाइलर (c) इंस्ट्रक्टर
(d) इंटरप्रेटर (e) इनमें से कोई नहीं
*(IBPS Clerk 2011)*

89. एसेंब्लर के बारे में निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं है?
(a) एसेंब्ली लैंग्वेज के इंस्ट्रक्शन्स को मशीन लैंग्वेज में ट्रांसलेट करता है
(b) यह C प्रोग्राम को ट्रांसलेट नहीं करता है
(c) यह प्रोग्राम एक्जेक्यूशन में शामिल होता है
(d) एक ट्रांसलेटिंग प्रोग्राम है
(e) यह BASIC प्रोग्राम को ट्रांसलेट नहीं करता है
*(IBPS Clerk 2011)*

90. निम्नलिखित में से कौन-सा हार्डवेयर का एक उदाहरण नहीं है?
(a) माउस (b) प्रिंटर (c) मॉनिटर
(d) ऑपरेटिंग सिस्टम (e) स्कैनर
*(IBPS Clerk 2011)*

91. स्टोरेज की थोड़ी सी जगह में बहुत सी फाइलों को स्टोर करने के लिए निम्न में से किसका प्रयोग किया जा सकता है?
(a) फाइल एड्जेस्टमेंट (b) फाइल कॉपिंग (c) फाइल रीडिंग
(d) फाइल कम्पैटिबिलिटी (e) फाइल कम्प्रैशन
*(IBPS Clerk 2011)*

92. निम्न में से कौन-सा हार्डवेयर है, सॉफ्टवेयर नहीं?
(a) एक्सेल (b) प्रिंटर ड्राइवर (c) आपरेटिंग सिस्टम
(d) पावर पाइंट (e) कंट्रोल यूनिट
*(IBPS Clerk 2011)*

93. निम्न में से कौन-सा कम्पाइलर के बारे में सत्य नहीं है?
(a) उच्च स्तरीय भाषा के इन्स्ट्रक्शन का मशीन की भाषा में अनुवाद करता है
(b) सारे सोर्स प्रोग्राम का मशीन की भाषा के प्रोग्राम में अनुवाद करता है
(c) यह प्रोग्राम के एक्जीक्यूशन में शामिल होता है
(d) यह अनुवाद का प्रोग्राम है
(e) यह प्रोग्राम रन करने के लिए उपयोगी है
*(IBPS Clerk 2011)*

**94.** प्रिंटर और मॉनिटर जैसे पेरिफेरल उपकरणों को ..... माना जाता है।
(a) डाटा (b) सॉफ्टवेयर (c) हार्डवेयर
(d) इनफारमेशन (e) इनमें से कोई नहीं
*(IBPS Clerk 2011)*

**95.** यह कंप्यूटर सिस्टम का वह भाग है जिसे कोई छू नहीं सकता .....
(a) हार्डवेयर (b) प्रिंटर (c) माउस
(d) स्कैनर (e) सॉफ्टवेयर
*(IBPS Clerk 2011)*

**96.** वर्ड प्रोसैसर का श्रेष्ठ उपयोग किसके लिए होगा ?
(a) तस्वीर पेंट करने के लिए (b) आकृति ड्रॉ करने के लिए (c) कहानी टाइप करने के लिए
(d) आय व व्यय का हिसाब लगाने के लिए
(e) इनमें से कोई नहीं
*(IBPS Clerk 2011)*

**97.** निम्न में से कौन-सा हार्डवेयर है, सॉफ्टवेयर नहीं है?
(a) एक्सेल (b) प्रिंटर ड्राइवर (c) ऑपरेटिंग सिस्टम
(d) पावर पाइंट (e) CPU
*(IBPS Clerk 2011)*

**98.** ...... कमांड्स को सम्पन्न करने की प्रक्रिया है।
(a) फेचिंग (b) स्टोरिंग (c) डीकोडिंग
(d) एक्जीक्यूटिंग (e) इनमें से कोई नहीं
*(IBPS Clerk 2011)*

**99.** POST का पूर्ण रूप क्या है ?
(a) Power On Self Test (b) Program On Self Test
(c) Power On System Test (d) Program On System Test
(e) Power Off System Test
*(IBPS Clerk 2011)*

**100.** लाइनेक्स ..... किस्म का सॉफ्टवेयर है।
(a) शेयरवेयर (b) कमर्शियल (c) प्रॉपराइटरी
(d) ओपन सोर्स (e) हिडन टाइप
*(IBPS Clerk 2011)*

**101.** ऑपरेटिंग सिस्टम और युटिलिटी प्रोग्राम सॉफ्टवेयर के उस वर्ग के हैं जिन्हें ..... कहा जाता है।
(a) एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर (b) सीक्वेंशियल सॉफ्टवेयर (c) सॉफ्टवेयर स्वीट्स
(d) BIOS सॉफ्टवेयर (e) सिस्टम सॉफ्टवेयर
*(IBPS Clerk 2011)*

**102.** प्रिंटर, कीबोर्ड और मोडम जैसी बाहरी डिवाइसें ...... कहलाती हैं।
(a) ऐड-ऑन डिवाइसें (b) पेरिफेरल्स (c) एक्स्ट्रा हार्डवेयर डिवाइसें
(d) PC एक्सपैंशन स्लॉट एड-ऑन्स (e) स्पैशल-बाइस
*(IBPS Clerk 2011)*

**103.** लाइनक्स एक ..........
(a) कंप्यूटर सिस्टम है (b) ऑपरेटिंग सिस्टम है
(c) एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर का पीस है (d) CPU डिवाइस का एक प्रकार है
(e) हार्डवेयर है
*(IBPS Clerk 2011)*

**104.** जब एक कंप्यूटर में दो प्रोसेसर लगाए जाते हैं, तो उसे ...... कहते हैं।
(a) डबल प्रोसैसिंग (b) सीक्वेंशियल प्रोसैसिंग (c) CPU डुप्लिकेट प्रोसैसिंग
(d) क्लस्ट्रिंग (e) पैरेलल प्रोसैसिंग
*(IBPS Clerk 2011)*

## उत्तर

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 2. | (a) | 3. | (a) | 4. | (b) | 5. | (d) | 6. | (a) | 7. | (a) |
| 8. | (d) | 9. | (b) | 10. | (b) | 11. | (b) | 12. | (a) | 13. | (d) | 14. | (b) |
| 15. | (a) | 16. | (a) | 17. | (c) | 18. | (a) | 19. | (b) | 20. | (d) | 21. | (a) |
| 22. | (b) | 23. | (d) | 24. | (c) | 25. | (c) | 26. | (b) | 27. | (b) | 28. | (b) |
| 29. | (c) | 30. | (c) | 31. | (b) | 32. | (a) | 33. | (b) | 34. | (e) | 35. | (b) |
| 36. | (b) | 37. | (a) | 38. | (b) | 39. | (b) | 40. | (b) | 41. | (b) | 42. | (c) |
| 43. | (c) | 44. | (d) | 45. | (c) | 46. | (a) | 47. | (a) | 48. | (c) | 49. | (d) |
| 50. | (d) | 51. | (c) | 52. | (b) | 53. | (b) | 54. | (c) | 55. | (c) | 56. | (a) |
| 57. | (b) | 58. | (a) | 59. | (a) | 60. | (d) | 61. | (b) | 62. | (d) | 63. | (b) |
| 64. | (b) | 65. | (d) | 66. | (b) | 67. | (c) | 68. | (d) | 69. | (a) | 70. | (c) |
| 71. | (b) | 72. | (c) | 73. | (c) | 74. | (b) | 75. | (d) | 76. | (d) | 77. | (a) |
| 78. | (e) | 79. | (e) | 80. | (b) | 81. | (c) | 82. | (a) | 83. | (e) | 84. | (b) |
| 85. | (d) | 86. | (c) | 87. | (a) | 88. | (d) | 89. | (c) | 90. | (d) | 91. | (e) |
| 92. | (e) | 93. | (d) | 94. | (c) | 95. | (e) | 96. | (c) | 97. | (e) | 98. | (d) |
| 99. | (a) | 100. | (d) | 101. | (e) | 102. | (b) | 103. | (b) | 104. | (e) | | |

★★★

09

# डेटा संचार
## (Data Communication)



डेटा संचार दो या दो से अधिक कम्प्यूटर केन्द्रों के बीच डिजिटल या एनालॉग डेटा का स्थानान्तरण है, जो आपस में संचार चैनल से जुड़ा होता है।

### डेटा संचार के लाभ

- डेटा को भौतिक रूप (Physical) से भेजने में तथा डेटा तैयार करने में लगने वाले समय की बचत।
- आधुनिक कम्प्यूटर के प्रोसेसिंग शक्ति तथा संग्रहण क्षमता का पूर्ण उपयोग।
- फाइल से सूचनाओं की तीव्र प्राप्ति।
- फाइलों के नकल से बचाव तथा शुद्धता।
- कम खर्च में डेटा का आदान-प्रदान।

### संचार चैनल के प्रकार
*Types of Transmission Channel*

संचार चैनल मुख्यतः तीन प्रकार के होते हैं

**1. सिम्पलेक्स चैनल**
*Simplex Channel*

A ⟶ B
प्रेषक (Sender) प्राप्तकर्ता (Receiver)

इसमें डेटा का प्रवाह हमेशा एक ही दिशा में होता है। जैसे– रेडियो स्टेशन से रेडियो सिग्नल श्रोताओं के पास पहुँचता है, पर श्रोता वापस उन्हें रेडियो स्टेशन स्थानांतरित नहीं कर सकता है। सिग्नल एक ही दिशा में अर्थात् 'A' से 'B' की ओर जाता है।

**2. अर्द्ध डुप्लेक्स चैनल**
*Half Duplex Channel*

A ⇄ B
प्रेषक या प्राप्तकर्ता (Sender or Receiver) प्राप्तकर्ता या प्रेषक (Receiver or Sender)

इस चैनल में डेटा का प्रवाह दोनों दिशाओं में होता है। परन्तु एक समय में किसी एक ही दिशा में डेटा का प्रवाह होता है, अर्थात् 'A' से 'B' या 'B' से 'A' की ओर। जैसे– टेलीफोन लाइन।

**3. पूर्ण डुप्लेक्स चैनल**
*Full Duplex Channel*

(प्रेषक) A ⟶ B (प्राप्तकर्ता)
(प्राप्तकर्ता) A ⟵ B (प्रेषक)

इस चैनल में डेटा का प्रवाह दोनों दिशाओं में एक साथ हो सकता है। एक ही समय में टा 'A' से 'B' की ओर तथा 'B' से 'A' की ओर आ-जा सकता है।

## न्फॉर्मेशन ट्रांसफर स्पीड
## nformation Transfer Speed

इन्फॉर्मेशन ट्रांसफर स्पीड को बिट्स और बॉड (Bits and Bauds) रेट से मापा जाता है।

एक सेकंड में स्थानांतरित बिट्स की गति को *बिट रेट* कहते हैं।

एक सेकंड में सिग्नल के अवस्था में परिवर्तन कितनी बार होता है इसे *बॉड रेट* कहते हैं।

## टा कम्युनिकेशन माध्यम
## Data Communication Medium

एक कम्प्यूटर से टर्मिनल या टर्मिनल से कम्प्यूटर तक डाटा के प्रवाह के लिए किसी माध्यम की आवश्यकता होती है जिसे कम्युनिकेशन लाइन या डेटा लिंक कहते हैं। ये निम्नलिखित प्रकार के होते हैं—

1. स्टैन्डर्ड टेलीफोन लाइन (Standard Telephone line)
2. को-एक्सियल केबल (Coaxial-Cable)
3. माइक्रोवेव ट्रांसमिशन (Microwave Transmission)
4. उपग्रह संचार (Satellite Communication)
5. प्रकाशीय तंतु (Optical Fibers)



**1. स्टैन्डर्ड टेलीफोन लाइन** :यह व्यापक रूप से उपयोग होने वाला डेटा कम्युनिकेशन माध्यम है। इसके ज्यादा प्रभावी रूप से उपयोग होने का कारण यह है कि इसे जोड़ना सरल है तथा बड़ी मात्रा में टेलीफोन केबल लाइन उपलब्ध हैं। ये दो ताँबे के तार होते हैं जिनपर कुचालक की एक परत चढ़ी होती है।




**2. को-एक्सियल केबल** :यह उच्च गुणवत्ता के संचार माध्यम है। ये जमीन या समुद्र के नीचे से ले जाये जाते हैं। को-एक्सियल केबल के केन्द्र में ठोस तार होता है जो कुचालक से चारों तरफ घिरा रहता है। इस कुचालक के ऊपर तार की जाली बनी होती है, जिसके ऊपर कुचालक की परत होती है। ये टेलीफोन तार की तुलना में महँगा होता है, पर अधिक डेटा कम्युनिकेशन की क्षमता होती है। इसका उपयोग केबल टीवी नेटवर्क तथा कम्प्यूटर नेटवर्क में किया जाता है।



**3. माइक्रोवेव ट्रांसमिशन या इनफ्रारेड ट्रांसमिशन** :इस सिस्टम में सिग्नल खुले जगह से होकर रेडियो सिग्नल की तरह संचारित किये जाते हैं। यह स्टैन्डर्ड टेलीफोन लाइन तथा को-एक्सियल केबल की तुलना में तीव्र गति से संचार प्रदान करता है। इस सिस्टम में डेटा सीधी रेखा में गमन करती है तथा एन्टिना की आवश्यकता होती है। लगभग 30 मीलों पर रिले स्टेशन की जरूरत होती है। लम्बी दूरी सिग्नल भेजने के लिए सिग्नल को एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन पर विस्तार कर (Amplified)

भेजा जाता है। यह बैंडविड्थ अच्छा प्रदान करता है पर वर्षा, धूल,बर्फ, बादल अर्थात् खराब वातावरण से प्रभावित होता है। इसका उपयोग टेलीविजन प्रसारण तथा सेलुलर नेटवर्क में होता है।

4. उपग्रह संचार : उपग्रह संचार तीव्र गति के डेटा संचार का माध्यम है। यह लम्बी दूरी के संचार के लिए आदर्श माना जाता है। अंतरिक्ष में स्थित उपग्रह को जमीन पर स्थित स्टेशन से सिग्नल भेजा जाता है। उपग्रह उस सिग्नल का विस्तार कर दूसरे जमीनी स्टेशन को जो हजारों मील दूर अवस्थित होता है, पुनः भेजता है। इस सिस्टम में विशाल डेटा का समूह तीव्र गति से अधिकतम दूरी तक भेजा जा सकता है। इसका उपयोग उपग्रह फोन, टीवी तथा इंटरनेट के लिए होता है।




5. प्रकाशीय तंतु संचार : प्रकाशीय तंतु एक नई तकनीक है जिसनें धातु के तारों और केबल के जगह पर विशिष्ट प्रकार के ग्लास या प्लास्टिक के तंतु का उपयोग डेटा संचार के लिए किया जाता है। ये धातु की तुलना में काफी हल्की, आकार में कम तथा तीव्र गति से डेटा संचारित करने में सक्षम है। यह शोर कम तथा बैंडविड्थ अधिक प्रदान करता है। इसका उपयोग टेलीकम्युनिकेशन और नेटवर्किंग के लिए होता है। यह पूर्ण आंतरिक परावर्तन (Total Internal Reflection) के सिद्धान्त पर कार्य करता है। यह रेडियो आवृति अवरोधों से मुक्त होता है।



## नेटवर्क
*Network*

नेटवर्क आपस में एक दूसरे से जुड़े कम्प्यूटरों का समूह है जो एक दूसरे से संचार स्थापित करने तथा सूचनाओं, संसाधनों को साझा इस्तेमाल करने में सक्षम होते हैं। जैसे—प्रिंटर इत्यादि। किसी भी नेटवर्क को स्थापित करने के लिए प्रेषक, प्राप्तकर्ता, माध्यम तथा प्रोटोकॉल की आवश्यकता होती है। विश्व का प्रथम कम्प्यूटर नेटवर्क ARPANET है।

प्रोटोकॉल (Protocol) : प्रोटोकॉल किसी भी नेटवर्क में विशेष नियमों तथा मानकों का समूह है जिसके नियमानुसार डेटा स्थानान्तरण तथा आपस में एक दूसरे कम्प्यूटरों को जोड़ा जाता है।

नोड (Nodes) : किसी नेटवर्क में नोड एक कनेक्सन प्वाइंट है जहाँ डेटा ट्रांसमिशन का अंत होता है या वहाँ से पुनः डेटा का वितरण होता है।

सर्वर (Server) : सर्वर मुख्य कम्प्यूटर है जो नेटवर्क से जुड़ें दूसरे कम्प्यूटरों को रिसोर्सेस प्रदान करते हैं। यह नेटवर्क में सबसे महत्त्वपूर्ण तथा शक्तिशाली कम्प्यूटर है। सर्वर एक सेन्ट्रल कम्प्यूटर है जो बहुत सारे PCs, वर्कस्टेशन्स और अन्य कम्प्यूटरों के लिए डाटा और प्रोग्रामों के संग्रह को होल्ड करता है।

टर्मिनल (Terminal) : यह मेनफ्रेम या सुपर कम्प्यूटर के संसाधनों का साझा इस्तेमाल के लिए उपयोग होता है।

डम्ब टर्मिनल (Dumb Terminal): यह नगण्य इंटेल्जिेंस वाला कम्प्यूटर है।

## नेटवर्क के लिए आवश्यक उपकरण
## *Networking Devices*

नेटवर्क स्थापित करने के लिए मुख्य उपकरण निम्नलिखित हैं—

1. रिपीटर्स (Repeaters)
2. हब (Hub)
3. स्विच (Switches)
4. राउटर्स (Routers)
5. गेटवे (Gateways)

## नेटवर्क के प्रकार
## *Types of Network*

नेटवर्क के निम्नलिखित प्रकार हैं—

1. लोकल एरिया नेटवर्क (Local Area Network–LAN) या स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क : यह एक कम्प्यूटर नेटवर्क है, जिसके अन्दर छोटे भौगोलिक क्षेत्र जैसे– घर, ऑफिस, भवनों का एक छोटा समूह या हवाई अड्डा आदि में कम्प्यूटर नेटवर्क है। वर्तमान लैन ईथरनेट तकनीकी पर आधारित है। इस नेटवर्क का आकार छोटा, लेकिन डेटा संचारण की गति तीव्र होती है।

2. वाइड एरिया नेटवर्क (Wide Area Network–WAN) व्यापक क्षेत्र नेटवर्क : इस नेटवर्क में कम्प्यूटर आपस में लीज्ड लाइन या स्विचड सर्किट के द्वारा जुड़े रहते हैं। यह नेटवर्क व्यापक भौगोलिक क्षेत्र देश, महादेश में फैला नेटवर्क का जाल है। इंटरनेट इसका अच्छा उदाहरण है। भारत में CMC द्वारा विकसित इंडोनेट वैन का उदाहरण है। बैंकों द्वारा प्रदत्त ATM सुविधा वाइड एरिया नेटवर्क का उदाहरण है।

3. मेट्रोपोलिटन एरिया नेटवर्क (Metropolitan Area Network–MAN): MAN दो या दो से अधिक लोकल एरिया नेटवर्क को जोड़ता है। यह शहर की सीमाओं के भीतर स्थित कम्प्यूटरों का नेटवर्क है। राउटर्स, स्विच और हब्स मिलकर एक MAN का निर्माण करते हैं।

## नेटवर्क टोपोलॉजी
## *Network Topology*

नेटवर्क टोपोलॉजी विभिन्न नोड्स या टर्मिनल को आपस में जोड़ने का तरीका है। यह विभिन्न नोड्स के बीच भौतिक संरचना को दर्शाता है।

## नेटवर्क टोपोलॉजी के प्रकार



1. मेस (Mesh) नेटवर्क : यह नेटवर्क उच्च ट्रैफीक स्थिति में मार्ग (Routes) को ध्यान में रखकर उपयोग किया जाता है। इसमें किसी भी स्रोत (Source) से कई मार्गों से संदेश भेजा जा सकता है। पूर्णतः इन्टरकनेक्टेड मेस नेटवर्क खर्चीला है, क्योंकि इसमें ज्यादा केबल (Cable) तथा हर नोड में इंटेलिजेंस की आवश्यकता होती है। इस नेटवर्क में उच्च सुरक्षा अनुप्रयोग में डाटा प्रेषित किया जाता है।




2. स्टार (Star) नेटवर्क : इस नेटवर्क में एक केन्द्रीय नोड (Central Node) होता है जो इंटेलिजेंस से युक्त होता है। बाकी नोड्स इससे जुड़े रहते हैं। इस केन्द्रीय नोड को हब (Hub) कहते हैं। कोई एक केबल (Cable) में कोई कठिनाई आने पर एक ही नोड विफल होता है परन्तु अगर हब में कोई कठिनाई आती है तो सारा नेटवर्क विफल हो जाता है।

3. रिंग (Ring) नेटवर्क : इस नेटवर्क में सभी नोड्स में समान रूप से इंटेलिजेंस होता है। डेटा का प्रवाह हमेशा एक ही दिशा में होता है परन्तु किसी भी एक केबल या नोड में कठिनाई आने पर दूसरे दिशा से संचार संभव है।




4. बस (Bus) नेटवर्क—इस नेटवर्क में सभी नोड्स एक ही केवल में जुड़े रहते हैं। कोई भी नोड किसी दूसरे नोड को डेटा प्रेषित करना चाहता है तो उसे देखना होता है कि बस में कोई डेटा प्रवाहित तो नहीं हो रहा है। बस खाली रहने पर नोड डेटा प्रेषित कर सकता है। डेटा प्राप्त करने के लिए हर नोड के पास इतनी इंटेलिजेंस होनी चाहिए कि वह बस से अपने पता (address) ज्ञात कर डेटा प्राप्त कर सके। इसमें कम केबल की आवश्यकता होती है तथा कोई नया नोड जोड़ना आसान होता है। परन्तु प्रमुख ट्रांसमिशन लाइन में कठिनाई आने पर सारा नेटवर्क विफल हो जाता है।




## मॉडुलेशन
*Modulation*

यह किसी जानकारी (Information) को लम्बी दूरी तक सिग्नल के रूप में भेजने के लिए उपयोग होता है। मॉडुलेशन डिजिटल सिग्नल को एनालॉग रूप में बदलने की प्रक्रिया है। यह मॉडम (MODEM-Modulactor-Demodulator) के द्वारा संभव होता है। मॉडम एक विद्युत यंत्र है जो डिजिटल सिग्नल को एनालॉग सिग्नल में बदलकर भेजता है, तथा एनालॉग सिग्नल को डिजिटल सिग्नल में बदलकर प्राप्त करता है।

मॉडुलेशन तीन प्रकार के होते हैं—

1. आयाम (Amplitude) मॉडुलेशन : इस प्रक्रिया में वाहक सिग्नल का आयाम सूचना युक्त डिजिटल सिग्नल के अनुरूप बदला जाता है।

2. आवृत्ति (Frequency) मॉडुलेशन : इस प्रक्रिया में वाहक सिग्नल की आवृत्ति को सूचना युक्त डिजिटल सिग्नल के अनुरूप बदला जाता है।

3. चरण (Phase) मॉडुलेशन : इस प्रक्रिया में वाहक सिग्नल के फेज (phase) को डिजिटल सिग्नल के अनुरूप बदला जाता है।

## डेटा ट्रांसमिशन सेवा
*Data Transmission Service*

डेटा को एक स्थान से दूसरे स्थान भेजने के लिए जिस सेवा का उपयोग होता है उसे डेटा ट्रांसमिशन सेवा कहते हैं। इस सेवा को देने वाले को डेटा ट्रांसमिशन सेवा प्रदाता (Data Transmission Service Provider) कहते हैं। जैसे–

1. VSNL—विदेश संचार निगम लिमिटेड
2. BSNL—भारत संचार निगम लिमिटेड
3. MTNL—महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड

डेटा ट्रांसमिशन सेवा निम्नलिखित हैं—

1. डायल अप लाइन (Dial up line) : डायल अप लाइन टेलीफोन कनेक्शन से संबंधित है जो एक सिस्टम में बहुत सारे लाइनों तथा यूजरों से जुड़ा है। इसका उपयोग टेलीफोन की

तरह नम्बर डायल कर संचार स्थापित करने में किया जाता है। इसे कभी-कभी स्विच्ड लाइन भी कहा जाता है। यह पहले से विद्यमान टेलीफोन सेवा का उपयोग करता है। ब्राडबैंड तकनीक भी डायल अप कनेक्शन के द्वारा ही उपयोग होता है।

2. लीज्ड लाइन (Leased line): लीज्ड लाइन आवाज और डेटा दूरसंचार सेवा के लिए दो स्थानों को जोड़ती है। यह एक सिर्फ, समर्पित लाइन (Dedicated Cable) नहीं है, बल्कि यह वास्तव में दो बिन्दु के बीच आरक्षित सर्किट है। यह कम या ज्यादा दोनों दूरी में संभव है। इसे समर्पित (Dedicated) लाइन भी कहते हैं। इसका सबसे अधिक उपयोग उद्योगों द्वारा अपने शाखा कार्यालयों को जोड़ने के लिए किया जाता है, क्योंकि यह नेटवर्क ट्रैफिक के लिए बैंडविड्थ की गारंटी देता है।

3. एकीकृत सेवा डिजिटल नेटवर्क (ISDN–Integrated Services Digital Network): एकीकृत सेवा डिजिटल नेटवर्क सर्किट स्विच्ड टेलीफोन नेटवर्क के माध्यम से आवाज, डेटा और छवि का स्थानान्तरण है। इस सेवा के अन्तर्गत आवाज, डेटा या छवि डिजिटल रूप में भेजा जाता है अतः शोर से बिल्कुल मुक्त रहता है। इस लाइन में कई उपकरणों को संलग्न किया जा सकता है, और जरूरत के अनुरूप इस्तेमाल किया जा सकता है। अर्थात् ISDN लाइन लोगों की पूरी संचार व्यवस्था की देखभाल कर सकता है। इस सेवा में मॉडम की आवश्यकता नहीं होती है क्योंकि डेटा का आदान प्रदान डिजिटल रूप में होता है।

## नेटवर्क इंटरफेस कार्ड

*NIC–Network Interface Card*

यह एक हार्डवेयर डिवाइस है जो कम्प्यूटर को नेटवर्क में संचार स्थापित करने में सक्षम बनाता है। नेटवर्क के अन्तर्गत कम्प्यूटर एक निश्चित प्रोटोकॉल के तहत् डेटा पैकेट का आपस में आदान-प्रदान करते हैं।

## वायरलेस तकनीक

*Wireless Technology*

वायरलेस तकनीक जैसा कि नाम से ज्ञात होता है यह बिना तारों (wire) की तकनीक है। अर्थात् इसके द्वारा डेटा का परिवहन बिना तारों या केबल के होता है। इस तकनीक के प्रयोग से केबल के खर्च भी बचत होती है। इस तकनीक में केबल के स्थान पर इलेक्ट्रोमैग्नेटिक तरंगों, माइक्रोवेव, इन्फ्रारेड तरंगों आदि के द्वारा डेटा का परिवहन होता है। वायरलेस तकनीक के अनुप्रयोग निम्नलिखित हैं–टेलीविजन रिमोट कंट्रोल, सेलुलर फोन, वाई-फाई आदि।

वाई-मैक्स (WiMAX–World wide Interoperability for Microwave Access): यह एक डिजिटल वायरलेस संचार प्रणाली है। यह तकनीक बिना केबल के 75 MB/सेकंड ब्रॉडबैंड स्पीड प्रदान करता है।

## वायरलेस लोकल लूप

*WLL–Wireless Local Loop*

यह एक वायरलेस संचार प्रणाली है जिसमें उपभोक्ता नेटवर्क से रेडियो आवृत्ति (Radio Frequency) के प्रयोग से जुड़ते हैं। यह बेहतर आवाज तथा उच्च गति डेटा क्षमता प्रदान करता है। जिस स्थान पर लैंडलाइन टेलीफोन कनेक्शन का प्रावधान संभव नहीं है वहाँ वायरलेस लोकल लूप तकनीक प्रभावी सेवा है। यह सी डी एम ए (Code Division Multiple Access) पर आधारित है। आजकल यह नेटवर्क के लिए लोकप्रिय साधन है।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** मेनफ्रेम या सुपरकंप्यूटर में एक्सेस के लिए यूजर्स अक्सर ........ का उपयोग करते हैं।
(a) टर्मिनल (b) नोड (c) डेस्कटॉप
(d) हैंडहेल्ड (e) इनमें से कोई नहीं

**2.** पर्सनल कंप्यूटर .... बनाने के लिए साथ कनेक्ट किए जा सकते हैं।
(a) सर्वर (b) सुपर कंप्यूटर (c) एन्टरप्राइज
(d) नेटर्वक (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009, IBPS PO 2011)*

**3.** टिपिकल नेटवर्क में सबसे महत्वपूर्ण या शक्तिशाली कंप्यूटर कौन-सा है ?
(a) डेस्कटॉप (b) नेटवर्क क्लाइंट (c) नेटवर्क सर्वर
(d) नेटवर्क स्टेशन (e) इनमें से कोई नहीं

**4.** ...... हार्डवेयर और सोफ्टवेयर का एक कांबिनेशन है जो कंप्यूटिंग डिवाइसों के बीच सूचना के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करता है।
(a) नेटवर्क (b) पेरिफरल (c) एक्सपैंशन बोर्ड
(d) डिजिटल डिवाइस (e) इनमें से कोई नहीं

**5.** सर्वर्स वे कंप्यूटर हैं जो ...... से कनेक्टेड दूसरे कंप्यूटरों को रिसोर्सेस प्रोवाइड करते हैं—
(a) नेटवर्क (b) मेनफ्रेम (c) सुपरकंप्यूटर
(d) क्लाइंट (e) इनमें से कोई नहीं

**6.** डायल-अप इंटरनेट एक्सेस का एक लाभ निम्नलिखित है—
(a) यह ब्रोडबैंड टेक्नोलॉजी का उपयोग करता है
(b) यह विद्यमान टेलीफोन सेवा का उपयोग करता है
(c) यह सुरक्षा के लिए राऊटर का उपयोग करता है
(d) मॉडेम स्पीड बहुत तेज होती है
(e) इनमें से कोई नहीं

**7.** ........ टेपोलोजी में नेटवर्क कंपोनेन्ट एक ही केबल से कनेक्ट किए जाते हैं।
(a) स्टार (b) रिंग (c) बस
(d) मेश (e) मिक्स्ड

**8.** सूचना शेयर करने के लिए एक-दूसरे से कनेक्टेड दो या अधिक कम्प्यूटर से ...... बनता है।
(a) नेटवर्क (b) राऊटर (c) सर्वर
(d) टनल (e) पाइपलाइन

**9.** बड़े पैमाने पर भौगोलिक रूप से अलग-अलग फैले हुए ऑफिस LANs एक कार्पोरेट ........ के उपयोग से कनेक्ट किए जा सकते हैं।
(a) CAN (b) LAN (c) DAN
(d) WAN (e) TAN

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक छोटा सिंगल-साइट नेटवर्क है ?
(a) LAN (b) DSL (c) RAM
(d) USB (e) CPU

**11.** LAN (लोकल एरिया नेटवर्क) से जुड़े कंप्यूटर.........
(a) तेज चल सकते हैं (b) ऑनलाइन जा सकते हैं
(c) इन्फर्मेशन और/या पेरिफरल उपकरण शेयर कर सकते हैं
(d) ई-मेल कर सकते हैं (e) इनमें से कोई नहीं

12. स्थानीय क्षेत्र नेटवर्किंग (LAN) किसके लिए उपयोगी है?
(a) रेलवे (b) बैंक (c) व्यापारी
(d) मोटर-वाहन दफ्तर (e) इनमें से कोई नहीं

13. टेलीफोन ब्रॉडकास्ट किस प्रकार के ट्रांसमिशन का उदाहरण है?
(a) सिमप्लेक्स (b) हाफ डुप्लेक्स (c) फुल-डुप्लेक्स
(d) ऑटोमेटिक (e) इनमें से कोई नहीं

14. ब्राडबैण्ड तकनीक का उपयोग निम्नलिखित में से किस प्रकार के इंटरनेट कनेक्शन द्वारा किया जाता है?
(a) लीज्ड लाइन कनेक्शन (b) डायल-अप कनेक्शन (c) 1 और 2 दोनों
(d) ISDN कनेक्शन (e) इनमें से कोई नहीं

15. विश्व का प्रथम कम्प्यूटर नेटवर्क किसे माना जाता है?
(a) I net (b) NSF Net (c) ARPANET
(d) V net (e) Internet

16. निम्नलिखित किस तकनीक में डाटा ट्रांसफर करने के लिए सोर्स डिवाइस और डेस्टिनेशन डिवाइस का लाइन ऑफ साइट में होना आवश्यक है—
(a) LAN (b) ब्लूटूथ (c) WAN
(d) इन्फ्रारेड (e) उपर्युक्त तीनों

17. प्रथम नेटवर्क जिससे इंटरनेट की नींव पड़ी—
(a) ARPA NET (b) NSF NET (c) V NET
(d) I NET (e) इनमें से कोई नहीं

18. जब कई कम्प्यूटरों को एक ही जगह पर जोड़ना होता है, तो उसे क्या कहा जाता है?
(a) LAN (b) WAN (c) INFINET
(d) WON (e) DON

19. बैंकों द्वारा उपलब्ध कराई गई एटीएम की सुविधा किस नेटवर्किंग का उदाहरण है?
(a) स्थानीय नेटवर्किंग (b) व्यापक क्षेत्रीय नेटवर्किंग (c) मिश्रित नेटवर्किंग
(d) बहुउद्देशीय नेटवर्किंग (e) इनमें से कोई नहीं

20. निम्नांकित में से कौन समान समूह का नहीं है?
(a) इंटरनेट (b) एप्पल टॉक (c) बस
(d) रिंग (e) इनमें से कोई नहीं

21. व्यापक क्षेत्र नेटवर्किंग निम्नांकित किसके लिए उपयोगी नहीं है?
(a) विदेश मंत्रालय (b) नगर विमानन विभाग (c) विदेशी बैंक
(d) नगर निगम (e) इनमें से कोई नहीं

22. ............ एक सेन्ट्रल कम्प्यूटर है जो बहुत से PCs, वर्क-स्टेशन और अन्य कम्प्यूटरों के लिए डाटा और प्रोग्रामों के संग्रह को होल्ड करता है।
(a) सूपर कम्प्यूटर (b) मिनी कम्प्यूटर (c) लैपटॉप
(d) सर्वर (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS PO 2011)*

23. .......एक बहुत ही सीमित भौगोलिक क्षेत्र, सामान्यतः एक ही बिल्डिंग में पर्सनल कंप्यूटरों को टिपिकली कनेक्ट करता है।
(a) LAN (b) BAN (c) TAN
(d) NAN (e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad PO 2010)*

**24.** LAN से जुड़े कंप्यूटर.......सकते हैं।
(a) तेजी से चल (b) इनफार्मेशन और/या पेरिफरल एक्विपमेंट शेयर कर
(c) ई-मेल कर (d) ओनलाइन जा (e) इनमें से कोई नहीं
*(SBI Asso. PO 2010)*

**25.** किसी टिपिकल नेटवर्क में सबसे महत्वपूर्ण या शक्तिशाली कंप्यूटर कौन-सा है?
(a) डेस्कटॉप (b) नेटवर्क स्टेशन (c) नेटवर्क क्लाइंट
(d) नेटवर्क सर्वर (e) इनमें से कोई नहीं
*(Union Bank of India Clerk 2011)*

**26.** डम्ब टर्मिनल क्या है?
(a) माइक्रो कंप्यूटर
(b) नगण्य इंटेलिजेंस वाला टर्मिनल
(c) सेंट्रल कंप्यूटर
(d) CPU के साथ टर्मिनल
(e) इनमें से कोई नहीं *(Union Bank of India Clerk 2011)*

**27.** निम्न में से किसका संदर्भ छोटे, एकल साइट नेटवर्क से है?
(a) LAN (b) DSL (c) RAM
(d) USB (e) CPU *(Union Bank of India Clerk 2011)*

**28.** कम्प्यूटर नेटवर्क में कौन-से प्रकार का संसाधन सामान्यतः शेयर किया जाता है?
(a) प्रिंटर्स (b) स्पिकर्स (c) फ्लापी डिस्क ड्राइव
(d) कुंजीपटल (e) इनमें से कोई नहीं
*(Union Bank of India Clerk 2011)*

**29.** कार्यालय / ऑफिस LANs जो भौगोलिक तौर पर बड़े पैमाने पर बिखरे हुए हैं उनको कारपोरेट ....... के प्रयोग से जोडा जा सकता है।
(a) CAN (b) LAN (c) DAN
(d) WAN (e) TAN *(Union Bank of India Clerk 2011)*

**30.** एक........नियमों का सैट है।
(a) संसाधन / रिसोर्स लोकेटर (b) डोमेन (c) हाइपरटेक्स्ट्
(d) यूआरएल (URL) (e) प्रोटोकॉल *(Allahabad Bank PO 2011)*

**31.** टर्मिनल क्या है?
(a) कंप्यूटर को पावर सप्लाई देने वाला उपकरण
(b) वह बिंदु जिस पर डाटा कंप्यूटर में प्रवेश करता है या निकलता है
(c) किसी प्रोग्राम का अंतिम अनुदेश
(d) कोई भी इनपुट / आउटपुट उपकरण
(e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

**32.** उस डिवाइस को क्या कहते हैं जो केबल के प्रयोग के बिना नेटवर्क से कनेक्ट कर देती है?
(a) डिस्ट्रीब्यूटिड (b) वायरलेस (c) सेंट्रलाइज्ड
(d) ओपन सोर्स (e) स्कैटर्ड
*(Allahabad Bank Clerk 2011, IBPS PO 2011)*

33. कंप्यूटर ........ में दो या अधिक कंप्यूटर और अन्य डिवाइसेस होते हैं जो डाटा और प्रोग्राम शेयर करने के लिए कनेक्टेड होते हैं।

(a) नेटवर्क (b) सिस्टम (c) वर्क स्टेशन

(d) डिवाइस (e) इनमें से कोई नहीं

*(Allahabad Bank Clerk 2011)*

## उत्तर

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 2. (d) | 3. (c) | 4. (a) | 5. (a) | 6. (a) | 7. (c) |
| 8. (a) | 9. (d) | 10. (a) | 11. (c) | 12. (c) | 13. (b) | 14. (b) |
| 15. (c) | 16. (d) | 17. (a) | 18. (a) | 19. (b) | 20. (b) | 21. (d) |
| 22. (d) | 23. (a) | 24. (b) | 25. (d) | 26. (b) | 27. (a) | 28. (a) |
| 29. (d) | 30. (e) | 31. (b) | 32. (b) | 33. (a) | | |

★★★

# 10

# इंटरनेट
# (Internet)



## परिचय
## *Introduction*

इंटरनेट का पूरा नाम इंटरनेशनल नेटवर्क (International Network) है। यह आपस में एक-दूसरे से जुड़े कम्प्यूटर नेटवर्क की एक ग्लोबल संरचना है। यह TCP/IP (Transmission Control Protocol/Internet Protocol) प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए डेटा को पैकेट स्विचिंग के द्वारा आदान-प्रदान करता है। यह नेटवर्कों का नेटवर्क है, जो लाखों पब्लिक और प्राइवेट शैक्षणिक, औद्योगिक तथा सरकारी नेटवर्कों को सारे विश्व में विस्तार करता है। ये आपस में ताँबे के तारों, फाइबर ऑप्टिकल केबल, वायरलेस कनेक्शन तथा दूसरे तकनीकों से जुड़े हैं। विश्व के लगभग सारे नेटवर्क इंटरनेट से जुड़े हैं। इंटरनेट कम्प्यूटर पर आधारित अन्तर्राष्ट्रीय सूचनाओं का तंत्र है। इसे 'सूचना राजपथ' (Infromation superhighway) भी कहते हैं।

इंटरनेट विभिन्न सूचना संसाधनों और सेवाओं जैसे कि इलेक्ट्रॉनिक मेल, ऑनलाईन चैट, ऑनलाइन बैंकिंग, फाइल ट्रांसफर और शेयरिंग, ऑनलाइन गेमिंग, इंटरलिंक्ड हाइपरटेक्सट दस्तावेज एवं वर्ल्ड वाइड वेब इत्यादि को वहन (carry) करती है।

किसी कम्प्यूटर को इंटरनेट से जोड़ने के लिए हमें इंटरनेट सर्विस प्रोभाइडर की सेवा लेनी होती है ततपश्चात् टेलीफोन लाइन के माध्यम से कम्प्यूटर को इंटरनेट सर्विस प्रोभाइडर के सर्वर से जोड़ा जाता है।

भारत में इंटरनेट सेवा का आरंभ 15 अगस्त 1995 में विदेश संचार निगम लिमिटेड द्वारा आरंभ किया गया था। भारत में लोकप्रिय इंटरनेट सेवा प्रदाता VSNL (विदेश संचार निगम लिमिटेड), BSNL (भारत संचार निगम लिमिटेड), MTNL (महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड), मंत्रा ऑनलाइन तथा सत्यम ऑनलाइन इत्यादि हैं। इन कम्पनियों का भारत के अनेकों शहरों में DNS (Domain Name System) सर्वर है। DNS सर्वर एक कम्प्यूटर है, जो दूसरे कम्प्यूटर के डोमेन (Domain) नाम को IP (Internet Protocol) एड्रेस में अनुवाद करता है। वर्तमान समय में BSNL द्वारा दो माध्यमों में इंटरनेट की सेवा उपलब्ध कराई जाती है।

1. PSTN–Public Switched Telephone Network.
2. ISDN–Integrated Services Digital Network.

## इंटरनेट के आवश्यक घटक
## *Equipments required for Internet*

इंटरनेट का उपयोग करने के लिए निम्नलिखित उपकरण होने चाहिए—

1. पर्सनल कम्प्यूटर (PC)
2. मॉडम (Modem)
3. संचार माध्यम
4. इंटरनेट सॉफ्टवेयर या वेब ब्राउजर
5. इंटरनेट सर्विस प्रोभाइडर

### मॉडम
### Modem

जब इंटरनेट को टेलीफोन लाइन के माध्यम से कनेक्ट करते हैं तो मॉडम की आवश्यकता होती है। यह कम्प्यूटर में चल रहे इंटरनेट ब्राउजर और इंटरनेट सर्विस प्रोभाइडर के बीच आवश्यक लिंक है। टेलीफोन लाइन पर एनालॉग सिग्नल भेजा जा सकता है, जबकि कम्प्यूटर डिजिटल सिग्नल देता है। अतः इन दोनों के बीच सामंजस्य स्थापित करने के लिए मॉडम की आवश्यकता होती है, जो डिजिटल सिग्नल को एनालॉग में तथा एनालॉग को डिजिटल सिग्नल में रूपान्तरित करता है। यह मॉडुलेटर-डिमॉडुलेटर का संक्षिप्त रूप है। मॉडम के दोनों ओर कम्प्यूटर और टेलीफोन लाइन जुड़ा होना आवश्यक है। मॉडम के स्पीड को BPS (Bits Per Second) में मापते हैं। उपलब्ध स्पीड 9600 BPS, 28800 BPS, 33600 BPS हैं। इंटरनेट से जुड़ने की स्पीड (Connecting Speed) टेलीफोन सर्विस पर निर्भर करती है। आजकल टेलीफोन सेवा जो ISDN उपयोग करता है, 128 KBPS या इससे उच्च गति पर मॉडम को इंटरनेट से जोड़ने में सक्षम होता है। अतः मॉडम ऐसी डिभाइस है जो डेटा को पल्स में परिवर्तित करता है तथा उन्हें टेलीफोन लाइन पर संप्रेषित करता है।

### इंटरनेट सॉफ्टवेयर या वेब ब्राउजर

वेब एक विशाल पुस्तक की तरह है तथा वेब ब्राउजर एक सॉफ्टवेयर है जो कम्प्यूटर को इंटरनेट से जोड़ता है। कुछ प्रमुख वेब ब्राउजर निम्नलिखित हैं—

1. नेटस्केप नेविगेटर (Netscape Navigator)
2. माइक्रोसॉफ्ट इंटरनेट एक्सपलोरर (Microsoft Internet Explorer)
3. मौजिला फायरफॉक्स (Mosilla Firefox)
4. NCSA मॉजैक (NCSA Mosaic)

इन सॉफ्टवेयर का उपयोग कर हमलोग इंटरनेट से जुड़ने में सक्षम होते हैं, तथा वेब से अपनी पसंद की जानकारियों को प्राप्त कर सकते हैं। वेब ब्राउजर का उपयोग कर हमलोग किसी विशेष पेज या लोकेशन पर उसके पता (Address) टाइप कर जा सकते हैं, इस पता को URL (Uniform Resource Locator) कहते हैं। URL में प्रयुक्त हो रहे टूल्स (Tools) और इंटरनेट पता (Internet address) जहाँ जानकारी मिल सकती है, दोनों रहता है। जैसे– URL : http://www.manipalgroup.com में टूल्स http है तथा इंटरनेट पता www.manipalgroup.com है।

### वेब ब्राउजर के प्रयोग से वेबसाइट ब्राउज करना
### Browsing the Websites using Web Browser

सर्वप्रथम वेब ब्राउजर खोलते हैं। यदि हमलोग इंटरनेट एक्सपलोरर प्रयोग करते हैं तो Start > Program > Internet Explorer सेलेक्ट करते हैं। जब वेब ब्राउजर खुल जाता है, तब हम स्वतः होमपेज से शुरू करते हैं। अधिकांश वेब साइट में मेन पेज, होम पेज होता है जो शेष वेब साइट पेजों के डोरवे (door way) का काम करता है। होम पेज भी हम अपनी इच्छानुसार चुन सकते हैं या खाली (Blank) रखं सकते हैं। अब हमलोग जिस वेब साइट का निरीक्षण (visit) करना होता है उसका URL टाइप कर उसे खोल सकते हैं। फलस्वरूप हमें उस साइट पर उपलब्ध सारी सेवायें उपलब्ध हो जाती है। इस पेज से पीछे पेज पर जाने के लिए BACK बटन तथा आगे पेज पर जाने के लिए FORWARD बटन क्लिक करते हैं। परन्तु ये बटन जिन पेजों को हम खोल चुके हैं उनके बीच ही काम करता है। टूलबार के HOME बटन

पर क्लिक कर हम किसी भी वक्त होम पेज पर जा सकते हैं, या दूसरा URL टाइप कर दूसरे वेब पेज को खोल सकते हैं। वेवसाइट वेवपेजों, चित्र, ध्वनी एवं एनिमेशन आदि का समूह है तथा किसी भी वेवसाइट का नाम www से आरंभ होता है। जिस साइट का हम प्रायः प्रयोग करते हैं उसके URL को बूकमार्क कर लेते हैं।

## इंटरनेट के उपयोग
*Uses of Internet*

इंटरनेट के निम्नलिखित उपयोग हैं।

1. सूचनाओं की खोज (Search for Information) : इंटरनेट पर बहुत सारे साइट्स होते हैं जिनमें लिटरेचर, सिनेमा, शेयर्स, संगीत का भंडार और भी बहुत सारी जानकारियों का भंडार इलेक्ट्रॉनिक रूप में उपलब्ध होता है। लेकिन अगर हम इनको ढूँढ़ पाने में सक्षम नहीं होते हैं तो इंटरनेट पर सर्च टूल भी है, जिनपर इन्हें टाइप कर इनका URL पता कर सकते हैं तथा ब्राउज कर सकते हैं। कुछ सर्च इंजन निम्नलिखित हैं—गूगल [http://www.google.com], लाइकॉस [http://www.lycos.com], याहू [http://www.yahoo.com], खोज [http;//www.khoj.com] इत्यादि। साइबर 411 (Cyber 411) एक विशाल सर्च इंजन है, जो 16 सर्च इंजन के परिणाम को मिलाकर देता है और यह बहुत तीव्र गति से कार्य करता है। खोज एक भारतीय सर्च इंजन है।

2. इलेक्ट्रॉनिक मेल (Electronic Mail) : यह व्यापक रूप से प्रयोग होने वाला इंटरनेट सेवा है जिसे संक्षिप्त में ई-मेल (e-mail) कहते हैं। ई-मेल पते के दो भाग होते हैं यूजर नाम तथा डोमेन नाम। इसके द्वारा संदेश को शीघ्र भेजा या प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए प्रत्येक उपयोगकर्ता का ई-मेल एड्रेस तथा पासवर्ड होता है जो ई-मेल एकाउन्ट बनाकर प्राप्त किया जाता है। पासवर्ड से उपयोगकर्त्ता अपने ई-मेल की गोपनीयता बरकरार रख सकता है। ई-मेल का Subject संदेश के विषय-वस्तु के बारे में बताता है। ई-मेल एकाउन्ट में एक स्टोरेज एरिया होता है जिसे मेल-बॉक्स कहते हैं। प्रेषित मेल प्राप्तकर्ता के मेल बॉक्स में चला जाता है, जिसे खोलकर प्राप्तकर्ता संदेश प्राप्त करता है। ई-मेल के साथ ग्राफ, ध्वनि, फाइल या फोटो जोड़कर भेजा जा सकता है जिसे Attachments कहते हैं। यह डाक टिकट की आवश्यकता को घटाता है तथा संदेश को भेजने तथा प्राप्त करने में लगे समय की बचत करता है। ड्राफ्ट फोल्डर संदेशों की कॉपियाँ रखता है जिसे हम आरंभ करते हैं या भेजने के लिए तैयार नहीं हैं। ई-मेल का जन्मदाता *आर. टोमलिंसन* है। पहला फ्री ई-मेल सेवा के जन्मदाता *सबीर भाटिया* हैं जिन्होंने जून 1996 में हॉटमेल सेवा शुरू की।

भारत में प्रमुख ई-मेल प्रदान करने वाले साइट www.rediffmail.com, www.yahoomail.com, www.hotmail.com, www.india.com, www.gmail.com हैं।

3. दूसरे व्यक्ति से वार्तालाप करना (Chat with other people) : यदि हम अनजान व्यक्ति से बात करना तथा नये दोस्त बनाना पसंद करते हैं तो इंटरनेट सबसे अच्छा माध्यम है। चैट प्रोग्राम के द्वारा बिना किसी व्यक्ति की भौगोलिक स्थिति जाने हुए हम बातचीत कर सकते हैं। चैट के अन्तर्गत यूजर किसी विषय पर लिखित रूप से चर्चा करते हैं। इंटरनेट से जुड़े कम्प्यूटरों का उपयोग कर दो या अधिक व्यक्तियों द्वारा वार्तालाप करना *चैटिंग (Chatting)* कहलाता है।

4. टेलनेट (Telnet) : टेलनेट प्रोग्राम का प्रयोग कर हम दूसरे कम्प्यूटर को जोड़कर ऐसे कार्य कर सकते हैं, जैसे हम उसके की-बोर्ड के पास बैठे हैं। हम अपने कम्प्यूटर द्वारा दूर

स्थित कम्प्यूटर पर कार्य कर सकते हैं तथा उसके संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं। इसे *रिमोट लॉगइन (Remote login)* भी कहा जाता है।

5. यूजनेट (Usenet): यह लोगों का समूह है जो सभी जगह मान्यता प्राप्त एक या अधिक लेबल News group के द्वारा विषय (Article) की अदला-बदली (Exchange) करते हैं। यूजनेट अपने उपयोगकर्ता के लिए उपलब्ध ग्रुप के सेट के बारे में निर्णय लेता है। यह सेट हर साइट के लिए भिन्न-भिन्न होता है।

6. वर्ल्ड वाइड वेब (World Wide Web): वर्ल्ड वाइड वेब (www) और इंटरनेट दोनों दो चीजें हैं परन्तु दोनों एक-दूसरे पर निर्भर हैं। वर्ल्ड वाइड वेब जानकारी युक्त पेजों का विशाल संग्रह है जो एक दूसरे से जुड़ा है। जिसे वेब पेज कहते हैं। वेब पेज HTML भाषा में लिखा होता है जो कम्प्यूटर में प्रयुक्त एक भाषा है। HTML हाइपरटेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज का संक्षिप्त रूप है। हर पेज टेक्स्ट, चित्र, ध्वनि क्लिप, विडियो क्लिप, एनिमेशन और विभिन्न चीजों का संयोग है। वेब पेज को जो रोचक बनाता है वह है हाइपरलिंक, जिसे अक्सर लिंक कहा जाता है। हाइपरलिंक पर माउस प्वाइंटर से प्वाइंट करने पर प्वाइंटर का आकार हाथ जैसा हो जाता है। हर लिंक किसी दूसरे पेज को इंगित करता है और जब हम इस पर क्लिक करते हैं, हमारा ब्राउजर लिंक से जुड़े पेज को उपलब्ध कराता है। अतः वर्ल्ड वाइड वेब एक विशाल सूचनाओं का डेटाबेस है तथा हर सूचना एक दूसरी सूचना से जुड़ा है। वेब पेज को रीलोड करने के लिए रीलोड बटन का प्रयोग करते हैं। वर्ल्ड वाइड वेब का विकास *टिम बर्नर्स ली* ने 1989 में किया था।

7. फाइल ट्रांसफर प्रोटोकॉल (FTP): यह इंटरनेट पर जुड़े दो कम्प्यूटर के बीच फाइल स्थानान्तरण करने की सुविधा है। वेब ब्राउजर का उपयोग कर हम फाइल को डाउनलोड तो कर सकते हैं, पर अपलोड नहीं कर सकते हैं। FTP अनुप्रयोग हमें वेब साइट पर फाइल अपलोड करने में सहायता करता है।

8. ई-कॉमर्स (E-Commerce): ई-कॉमर्स बिना कागज के व्यापार जानकारी का इलेक्ट्रॉनिक डेटा इंटरचेंज के द्वारा आदान-प्रदान है। ई-कॉमर्स के अन्तर्गत वस्तुओं या सेवाओं को खरीद या बिक्री इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम जैसे– इंटरनेट के द्वारा होता है। यह इंटरनेट पर व्यापार है।

9. विडियो कान्फरेंसिंग (Video Conferencing): यह इंटरनेट के द्वारा विभिन्न स्थलों पर ऑडियो और विडियो डेटा संचारित करने के लिए तथा दो या दो से अधिक प्रतिभागियों के बीच एक सम्मेलन का आयोजन करने में सक्षम बनाता है। अर्थात् दो या दो से अधिक व्यक्ति इंटरनेट के द्वारा ऐसे वार्तालाप कर सकते हैं जैसे वे आमने-सामने हों। इसमें कम्प्यूटर के साथ-साथ विडियो कैमरा, माइक्रोफोन तथा स्पीकर की आवश्यकता होती है। यह एक विडियो टेलीफोन की तरह काम करता है। Voice Conversation इंटरनेट टेलीफोनी के माध्यम से भी संभव है।

10. ऑनलाइन खरीदारी (Online Shopping): ऑनलाइन खरीदारी की प्रक्रिया में उपभोक्ता उत्पादों या सेवाओं की खरीद इंटरनेट के माध्यम से करते हैं, तथा इंटरनेट के माध्यम से उपभोक्ता की माँगों को पूरा किया जाता है।

11. मनोरंजन (Entertainment): इंटरनेट का उपयोग मनोरंजन के लिए भी किया जाता है। जैसे– ऑनलाइन गेम, सिनेमा, कहानियाँ, खेल, संगीत आदि का इंटरनेट पर असीम भंडार है।

12. ई-लर्निंग (e-learning): बिना क्लासरूम में गये कम्प्यूटर के विषय में अध्ययन को ई-लर्निंग कहते हैं।

## इंटरनेट संबंधित शब्दावली
*Internet related Terms*

1. URL (Uniform Resource Locator) : यह इंटरनेट पर किसी भी संसाधन का पता देने के लिए स्टैन्डर्ड तरीका है। यह इंटरनेट पर उपलब्ध सूचनाओं का पता बताता है तथा उस सूचना के प्रोटोकॉल एवं डोमेन नाम को भी दर्शाता है। जैसे– http://www.yahoo.com में http हाइपर टेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल है जिसका उपयोग कर वर्ल्ड वाइड वेब पर yahoo.com नामक वेबसाइट पर जा सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी भारत की पहली राजनीतिक पार्टी है जिसने इंटरनेट पर अपना वेबसाइट बनाया तथा भारत में सिक्किम राज्य ने सर्वप्रथम इंटरनेट पर टेलीफोन डायरेक्ट्री उपलब्ध कराई।

2. TCP/IP (Transmission Control Protocal/Internet Protocal) : यह नियमों का एक समूह है, जो इंटरनेट कैसे कार्य करता है यह निर्णय करता है। यह दो कम्प्यूटर के बीच सूचना स्थानान्तरण और संचार को संभव करता है।

3. अपलोड (Upload) : एक स्थानीय कम्प्यूटर से दूर स्थित कम्प्यूटर पर डेटा स्थानान्तरण की प्रक्रिया अपलोड है। जब हम अपने कम्प्यूटर से इंटरनेट पर दूसरे कम्प्यूटर को उपयोग करने के लिए फाइल की प्रतिलिपि डालते हैं तो उस फाइल को अपलोड कर रहे होते हैं।

4. डाउनलोड (Download) : एक दूर स्थित कम्प्यूटर या सर्वर से एक स्थानीय कम्प्यूटर के लिए डेटा हस्तांतरण की प्रक्रिया अर्थात् जब हम अपने कम्प्यूटर में इंटरनेट के प्रयोग से दूसरे कम्प्यूटर या सर्वर से फाइल की प्रतिलिपि डाल रहे हैं उसे डाउनलोड कहते हैं।

5. गेटवे (Gateway) : यह संचार यंत्र या प्रोग्राम है जो दो भिन्न-भिन्न प्रोटोकॉल वाले नेटवर्क के बीच डेटा संप्रेषित करता है।

6. आई पी एड्रेस (IP Address) : आई पी एड्रेस चार संख्याओं का एक समूह है जो डॉट (·) से अलग किया जाता है। जिसका एक भाग नेटवर्क का पता (Network Address) तथा दूसरा भाग नोड पता (Node Address) है। नेटवर्क में जुड़े प्रत्येक नोड का IP-एड्रेस खास तथा अलग-अलग होता है। उदाहरण– IP-एड्रेस 202.54.15.178 में 202.54 नेटवर्क एड्रेस है तथा 15.178 नोड एड्रेस है।

7. HTTP (Hyper Text Transfer Protocal) : यह इंटरनेट पर प्रयुक्त एप्लिकेशन स्तर का प्रोटोकॉल है, जो वेब पेज के प्रसारण का निर्धारण करता है।

8. स्पैम (Spam) : इंटरनेट पर लोगों को संदेश या विज्ञापन बार-बार भेजना जिसका उन्होंने अनुरोध नहीं किया है, अर्थात् अवांछित संदेश या विज्ञापन लोगों के ई-मेल बॉक्स में भेजना स्पैम कहलाता है। यह आनसॉलिसिटेड तथा जंक ई-मेल है।

9. डोमेन नाम (Domain Name) : एक विशेष नाम है जो इंटरनेट साइट की पहचान बताता है। किसी इंटरनेट वेबसाइट का URL के अंत में डॉट (Dot) के बाद के नाम को डोमेन नाम कहते हैं। जैसे– http://www.yahoo.com में .com डोमेन नेम है। यह किसी संस्था या देश को इंगित करता है।

जैसे–

| | | | |
|---|---|---|---|
| .acro | : एवीएशन | .biz | : बिजनेस आर्गेनाइजेशन |
| .gov | : सरकारी संस्था | .edu | : शैक्षिक संस्था |
| .in | : भारत | .org | : आर्गेनाइजेशन |
| .net | : नेटवर्क | .mil | : सैनिक |
| .name | : पर्सनल | .asia | : एशिया |
| .jobs | : नौकरी | .com | : कॉमर्शियल |

10. फ्लैश (Flash): यह छोटे-छोटे एप्लिकेशन प्रोग्राम हैं जो वेब पेज पर चलते हैं तथा सुनिश्चित करते हैं कि फार्म ठीक से पूरा हो गया एवं एनिमेशन प्रदान करते हैं फ्लैश कहलाते हैं।

11. सर्फिंग (Surfing): इंटरनेट के द्वारा अपने पसंद तथा आवश्यकता के अनुरूप साइट को ढूँढ़ना तथा एक्सप्लोर करना सर्फिंग है। इसके द्वारा इंटरनेट से आवश्यकता अनुसार लगभग हर सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

12. वायरस (Virus): वायरस एक प्रोग्राम है जो हमारे कम्प्यूटर सिस्टम में बिना हमारी इच्छा तथा जानकारी (Knowledge) के लोड हो जाता है। एक वायरस बार-बार खुद की प्रतिलिपि तैयार कर सकता है और उपलब्ध सारे मेमोरी का उपयोग कर सिस्टम की गति को धीरे या पूर्णतः रोक सकता है।

कुछ वायरस कम्प्यूटर के बूटिंग से स्वयं को जोड़ लेता है तथा जितनी बार कम्प्यूटर बूट करता है वह उतना ही फैलता जाता है। यह कम्प्यूटर के डेटा या प्रोग्राम को क्षति पहुँचाता है। हमारे कम्प्यूटर में वायरस के आने का सामान्य तरीका इंटरनेट तथा अवांछित ई-मेल है। कम्प्यूटर वायरस भिन्न-भिन्न प्रकार के होते हैं—

(a) बूट सेक्टर वायरस (Boot sector virus)
(b) परजीवी वायरस (Parasitic virus)
(c) मल्टीपार्टाइट वायरस (Multipartite virus)
(d) लिंक वायरस (Link virus)
(e) मैक्रो वायरस (Macro virus)

वायरस को नष्ट करने के लिए बनाये गये प्रोग्राम या सॉफ्टवेयर को एन्टीवायरस कहते हैं। इसमें आटो प्रोटेक्ट तथा रीयल टाइम प्रोटेक्सन की सुविधा रहती है जो इंटरनेट से किसी फाइल का उपयोग करने के पहले उसे जाँच लेता है कि यह वायरस मुक्त है या नहीं। अगर फिर भी वायरस सिस्टम में सक्रिय हो जाता है, तो हमें पॉपअप विंडो के साथ सूचित कर देता है। जिसे हम एन्टीवायरस के सिस्टम स्कैन चलाकर हटा सकते हैं। कुछ समय के अंतराल पर पूर्ण सिस्टम स्कैन (Full System Scan) चलाकर हम कम्प्यूटर को वायरस मुक्त रखने में सक्षम हो सकते हैं। सर्वप्रथम दिखनेवाला पर्सनल कम्प्यूटर वायरस सी-ब्रेन है।

भारत में सर्वप्रथम दिखाई देने वाला कम्प्यूटर वाइरस 'हैप्पी वर्थडे जोशी' है। कुछ कम्प्यूटर वाइरस निम्नलिखित हैं—

(1) सी-ब्रेन (C–Brain) (2) मंकी (Monkey)
(3) वान हॉफ (Vanhalf) (4) माइकल एंगेलो (Michelangelo)
(5) क्रिपर (Creeper) (6) हैप्पी वर्थडे जोशी (Happy Birthday Joshi)

13. पासवर्ड (Password): यह एक गोपनिय कोड है जो कुछ प्रोग्रामों या दूसरे ईमेल में प्रविष्टि प्रतिबंधित करता है। इसके प्रयोग से हम कुछ प्रोग्राम, डाटा या ईमेल को सुरक्षा (Security) प्रदान करते हैं। यह अल्फान्यूमेरिक या चिह्नों, अंकों एव शब्दों का संयोजन (Cambination) हो सकता है।

14. हैकर (Hacker): व्यक्ति जो अन्य व्यक्तियों के कम्प्यूटर और कम्प्यूटर नेटवर्क से जानकारी गैर-कानुनी तरीके उसे हानी पहुँचाने के लिए प्राप्त करता है, हैकर कहलाता है।

15. पिसिंग स्कैम (Phishing scam) : संवेदनशील तथा गोपनीय व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रयास को पिसिंग स्कैम कहते हैं। जैसे— किसी व्यक्ति विशेष के बैंक खाता संख्या, पासवर्ड तथा क्रेडिट कार्ड विवरण इत्यादि। इसके लिए स्कैमर ई-मेल, फैक्स या किसी कंपनी की अधिकारिक वेवसाइट के समान अवैध वेवसाइट का सहारा लेता है।

## मल्टीमीडिया
## *Multimedia*

लोग आपस में अपनी बात कहने या एक दूसरे तक कोई सूचना पहुँचाने के लिए भिन्न-भिन्न माध्यम की सहायता लेते हैं। ये माध्यम निम्नलिखित हो सकते हैं– ध्वनि (Audio), दृश्य (Video), प्रतीक (Symbol), शब्द (Text), एनिमेशन (Animation) इत्यादि।

मल्टीमीडिया अपनी बात या सूचना को एक से अधिक माध्यम का उपयोग कर दूसरे तक पहुँचाना है। दूसरे शब्दों में शब्द, ध्वनि, ग्राफिक्स तथा एनिमेशन का एक साथ संपादित होना मल्टीमीडिया है। एक मल्टीमीडिया आधारित कम्प्यूटर में सारे आवश्यक हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर होने चाहिए जो इन सारे कार्यों को एक साथ करने में सक्षम हो सके।

## मल्टीमीडिया सिस्टम के लिए आवश्यक हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर
## *Hardware and Software requirements for Multimedia System*

1. ग्राफिक्स एक्सलरेटर कार्ड (Graphics Accelerator Card)
2. सीडी रॉम ड्राइव
3. साउन्ड कार्ड
4. माइक्रोफोन तथा कैमरा
5. मल्टीमीडिया सॉफ्टवेयर

## मल्टीमीडिया का उपयोग
## *Uses of Multimedia*

मल्टीमीडिया का उपयोग निम्नलिखित क्षेत्रों में होता हैं—

1. शिक्षा एवं प्रशिक्षण देने (Education and Training) में
2. व्यापार (Business) में
3. मनोरंजन (Entertainment) में
4. विज्ञान (Science) में इत्यादि।

## मल्टीमीडिया के तत्त्व
## *Elements of Multimedia*

मल्टीमीडिया के निम्नलिखित तत्त्व हैं—

1. शब्द (Text) : इसके अन्तर्गत स्क्रीन पर शब्दों को दिखाया जाता है। इसका उपयोग सूचनाओं को प्रदान करने के लिए किया जाता है। शब्दों को विशेष टूल्स (Special Tools) जैसे– बोल्ड, ब्लिंक (Blink) तथा अन्डरलाइन (Underline) का उपयोग कर आकर्षक तथा रोचक बनाया जाता है।

2. चित्र (Picture) : कम्प्यूटर के द्वारा अच्छी गुणवत्ता के चित्र स्क्रीन पर तैयार किये जाते हैं। किसी सूचना को लोगों को सरलता से समझाने के लिए शब्दों के साथ चित्र का उपयोग किया जाता है।

3. चलचित्र (Movies) : मल्टीमीडिया प्रोग्राम का उपयोग कर कम्प्यूटर को टेलीविजन के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है। पारिवारिक उत्सवों, फिल्मों तथा शिक्षाप्रद फिल्मों आदि को सीडी (Compact Disc) में संग्रहित कर कम्प्यूटर पर देखा जा सकता है।

4. एनिमेशन (Animation): यह ग्राफिक्स चित्रों का समूह है जिसे तीव्रता से एक के बाद एक दिखाया जाता है ताकि वो सिनेमा की तरह गतिशील दिखाई दे सके। इसका उपयोग बच्चों के कार्टून फिल्म, विडियो गेम, ऑटोमोबाइल उद्योग द्वारा सुरक्षित ड्राइविंग के लिए फिल्म आदि बनाने के लिए होता है।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. वेब पेज का एक वर्ड जिसे क्लिक करने पर दूसरा डाक्यूमेन्ट खुलता है, उसे ....: कहते हैं।
   (a) एंकर (b) हाइपरलिंक (c) रेफरेन्स
   (d) URL (e) इनमें से कोई नहीं
2. इंटरनेट बैंकिंग का क्या अर्थ है?
   (a) नेट पर बैंकों की बैठक (b) नेट प्रैक्टिस
   (c) इंटरनेट के जरिए बैंकिंग
   (d) विदेशों के साथ संव्यवहार (e) ये सभी
3. निम्नलिखित में से कनेक्टिविटी का उदाहरण कौन-सा है?
   (a) इंटरनेट (b) फ्लॉपी डिस्क (c) पॉवर कॉर्ड
   (d) डाटा (e) इनमें से कोई नहीं
4. ई-मेल भेजते समय........की लाइन संदेश की विषय वस्तु के बारे में बता देती है।
   (a) टू (b) सब्जेक्ट (c) कन्टेन्ट्स
   (d) CC (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*
5. ........ ऐसे डिवाइस हैं जिनका प्रयोग टेलीकम्युनिकेशन लाइनों पर डाटा ट्रान्समिट करने के लिए किया जाता है—
   (a) ड्राइव्स (b) ड्राइव बेज (c) मॉडेम
   (d) प्लैटफार्म (e) इनमें से कोई नहीं
6. निम्नलिखित में से कौन-सा पद केवल नेटवर्क का कनेक्शन है जिसे साथ जोड़ा जा सकता है ?
   (a) वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (b) इंटरनेट (c) इंट्रानेट
   (d) एक्स्ट्रानेट (e) इनमें से कोई नहीं
7. अनसॉलिसिटेड-ई-मेल को क्या कहते हैं?
   (a) न्यूजग्रुप (b) यूजनेट (c) बैकबोन
   (d) फ्लेमिंग (e) स्पैम
8. ....... का प्रयोग करते हुए वेब पेज का कोड लिखा जाता है।
   (a) फिफ्थ जनरेशन लैंग्वेज (b) विनजिप (Winzip) (c) पर्ल (Perl)
   (d) हाइपरटेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज (e) URL
9. छोटे एप्लिकेशन प्रोग्राम, जो वेब पेज पर चलते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि फॉर्म ठीक से पूरा हो गया है या एनिमेशन प्रोवाइड करते हैं उन्हें ...... कहते हैं।
   (a) फ्लैश (b) स्पाइडर्स (c) क्रूक्रीज
   (d) एप्लेट्स (e) स्पार्क्स
10. एक पॉइंटर ....... पर पोजिशन किया जाता है, तब इसका आकार हाथ जैसा होता है।
    (a) ग्रामर एरर (b) हाइपरलिंक (c) स्क्रीन टिप
    (d) स्पेलिंग एरर (e) फार्मेटिंग एरर *(IBPS PO 2011)*

**11.** आपको ऐसे किसी से ई-मेल प्राप्त होता है जिसे आप नहीं जानते हैं, आपको क्या करना चाहिए ?
(a) इसे सीधा पुलिस को भेजना चाहिए (b) बिना खोले इसे मिटा देना चाहिए
(c) खोलकर आप उन्हें नहीं जानते हैं बताते हुए उसका उत्तर देना चाहिए
(d) उत्तर देकर उनकी वैयक्तिक जानकारी माँगनी चाहिए
(e) उत्तर देकर बताइए की आप उनसे संपर्क बनाये रखना चाहते हैं

**12.** भारत की पहली राजनीतिक पार्टी का नाम बतावें जिसने इंटरनेट पर अपना वेबसाइट बनाया।
(a) भारतीय जनता पार्टी (b) लोक जनशक्ति पार्टी (c) राष्ट्रीय जनता दल
(d) समाजवादी पार्टी (e) जनता पार्टी

**13.** भारत में सर्वप्रथम किस राज्य ने इंटरनेट पर टेलीफोन डायरेक्टरी उपलब्ध कराई है ?
(a) सिक्किम (b) अरुणाचल प्रदेश (c) आन्ध्र प्रदेश
(d) बिहार (e) उत्तर प्रदेश

**14.** HTML का पूरा नाम है—
(a) Hyper Transrfer Mail Language (b) High Tech Mail Language
(c) Hyper Text Mark up Language (d) Hyper Tech Make up Language
(e) Hyper Tech Mail Language

**15.** इन्टरनेट निम्नलिखित में से किसके द्वारा चलाया जाता है ?
(a) I & B (b) IETF (c) Inter NIC
(d) VSNL (e) None of these

**16.** .........वह डिवाइस है जो दो या अधिक नेटवर्कों को जोड़ता है।
(a) गेटवे (b) पाथवे (c) रोडवे
(d) बस (e) NSF Net

**17.** ........HTTP का उपयोग करती है।
(a) वर्कबुक (b) सर्वर (c) वर्कशीट
(d) वेबपेज (e) बैकबोन

**18.** w.w.w........ प्रोटोकॉल का उपयोग करता है।
(a) FTP (b) HTTP (c) WBC
(d) MTP (e) इनमें से कोई नहीं

**19.** एक वेबसाइट समूह है............. ।
(a) वेब पेजेस या HTML डॉक्यूमेंट का (b) ग्राफिक फाइलों का
(c) लॉक कुंजी (d) उपर्युक्त सभी (e) इनमें से कोई नहीं
*(IBPS Clerk 2011)*

**20.** 'स्पैम' निम्नलिखित में से किसे कहते हैं ?
(a) डिलीटेड ई-मेल (b) अनसॉलिसिटेड ई-मेल (c) इनकमिंग ई-मेल
(d) व्यूड ई-मेल (e) इनमें से कोई नहीं

**21.** कोई वेबसाइट एक्सेस करने पर सबसे पहले जो पेज या मेन पेज दिखाई पड़ता है उसे क्या कहते हैं ?
(a) Master Page (b) Home Page (c) First Page
(d) Banner Page (e) Grand Page
*(SBI 2009)*

22. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
    (a) इंटरनेट से जुड़ा कोई कम्प्यूटर इंटरनेट से जुड़े किसी अन्य कम्प्यूटर से जुड़ सकता है।
    (b) हाइपरटेक्स्ट को हाइपरलिंक के नाम से भी जाना जाता है।
    (c) प्रोटोकॉल नियमों एवं कानूनों का एक सेट नहीं है।
    (d) इंटरनेट एक Commercial Information Service भी है।
    (e) इंटरनेट एक एकल एवं बहुत बड़ा नेटवर्क है।

23. नेटवर्क पर दस्तावेजों की अदला-बदली के लिए जरूरी नहीं है—
    (a) फ्लापी (b) टेलीफोन लाइन (c) कनेक्टर
    (d) उपग्रह (e) इनमें से कोई नहीं

24. कम्प्यूटर को इंटरनेट में जोड़ने में मदद करता है—
    (a) ब्राउजर (b) नेट फिट (c) विंडोज-95
    (d) केबल (e) इनमें से कोई नहीं

25. 'org' का सम्बन्ध किस क्षेत्र से है?
    (a) शिक्षा (b) गैर-व्यावसायिक (c) व्यावसायिक
    (d) संगठन (e) इनमें से कोई नहीं

26. '.com' डोमेन का संबंध है?
    (a) व्यक्तिगत विशेषता (b) कला से संबंधित (c) व्यापारिक संस्था
    (d) सूचना से संबंधित (e) इनमें से कोई नहीं

27. भारत में इंटरनेट की शुरुआत कब हुई?
    (a) 15 अगस्त, 1995 (b) 9 अगस्त, 1995 (c) 8 अगस्त, 1994
    (d) 7 अगस्त, 1996 (e) इनमें से कोई नहीं

28. भारत में इंटरनेट की सुविधा कब से प्रारंभ हुई थी?
    (a) अगस्त 1992 (b) 1993 (c) 1994
    (d) 1995 (e) 1996

29. संचार के उद्देश्य से कम्प्यूटर में क्या प्रयोग होता है?
    (a) मेटसर्फिंग (b) सॉफ्टवेयर (c) भाषा
    (d) मॉडम (e) इनमें से कोई नहीं

30. इंटरनेट से सम्बन्धित एफ० टी० पी० शब्द का पूरा मतलब क्या है?
    (a) फाइल ट्रान्सफर प्रोटोकाल (b) फाइल ट्रान्सफर प्रॉबलम्ब (c) फाइल ट्रान्सफर प्रीवियस
    (d) फाइल ट्रान्सफर परफेक्ट (e) इनमें से कोई नहीं

31. w.w.w. से शुरू होने वाला पता किससे सम्बन्ध रखता है?
    (a) मोडेम से (b) इंटरनेट से (c) टेलीफोन से
    (d) वेबसाइट (e) इनमें से कोई नहीं

32. दूर बैठे व्यक्ति इंटरनेट के द्वारा सम्पर्क करके वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद-बिक्री तथा लेन-देन का कार्य किस तरह से करते हैं?
    (a) ई-कामर्स के माध्यम से (b) इंटरनेट के माध्यम से (c) ई-मेल के माध्यम से
    (d) वेबसाइट के माध्यम से (e) इनमें से कोई नहीं

**33.** वेबसाइट का address निम्नलिखित में से कहलाता है—
(a) User ID (b) URL (c) Time Stamp
(d) उपर्युक्त सभी (e) इनमें से कोई नहीं

**34.** एक कम्प्यूटर का डाटा दूर स्थित किसी अन्य कम्प्यूटर पर इंटरनेट से भेजने के लिए निम्न में किसका प्रयोग किया जाता है?
(a) टैलेक्स (b) मॉडेम (c) फैक्स
(d) टेलीग्राफ (e) इनमें से कोई नहीं

**35.** भारत में इंटरनेट की सेवायें किसके द्वारा उपलब्ध हो रही हैं?
(a) VSNL के द्वारा (b) MTNL के द्वारा (c) उपर्युक्त दोनों के द्वारा
(d) WLL के द्वारा (e) इनमें से कोई नहीं

**36.** मोडेम का पूरा नाम क्या है?
(a) मोडूलेटर डिमोडूलेटर (b) मोडूलेटर डिमोडूलेशन (c) मोडूलेटर डिस्कशन
(d) उपर्युक्त सभी (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*

**37.** ई-मेल का पूरा नाम क्या है?
(a) इंग्लिश मेल (b) इलेक्ट्रिक मेल (c) इलेक्ट्रॉनिक मेल
(d) इसेन्सियल मेल (e) इनमें से कोई नहीं

**38.** इंटरनेट का पूरा नाम है—
(a) इंटरकांटिनेंटल नेटवर्क (b) इंटरनेशनल नेटवर्क (c) इंटरनल नेटवर्क
(d) इंटरकॉम नेटवर्क (e) इनमें से कोई नहीं

**39.** वह युक्ति जिसके द्वारा आंकड़ों को टेलीफोन के माध्यम से बाइनरी सिग्नलों की सहायता से भेजा जाता है, कहलाता है—
(a) मोडेम (b) मॉनीटर (c) माउस
(d) O.C.R. (e) इनमें से कोई नहीं

**40.** 'सूचना राजपथ' किसे कहते हैं?
(a) ई-मेल को (b) पेजर को (c) सेल्यूलर फोन को
(d) इंटरनेट को (e) इनमें से कोई नहीं

**41.** ई-मेल (E–Mail) का जन्मदाता किसे माना जाता है?
(a) बिल गेट्स (b) टिमोथी बिल (c) लिंकन गोलिटसबर्ग
(d) रे टामलिंसन (e) इनमें से कोई नहीं

**42.** W.W.W. का पूर्ण रूप है—
(a) वेब वर्किंग विंडो (b) विंडो वर्ल्ड वाइड (c) वर्ल्ड वाइड वेब
(d) वर्ल्ड वर्किंग वेब (e) इनमें से कोई नहीं

**43.** W. W. W. के आविष्कारक तथा प्रवर्तक हैं—
(a) बिल गेट्स (b) ली. एन. फियोंग (c) एन रसेल
(d) टिमबर्नर्स ली (e) इनमें से कोई नहीं *(UPPCS 2004)*

**44.** याहू, गूगल एवं MSN हैं —
(a) इन्टरनेट साइट्स (b) कम्प्यूटर ब्राण्ड (c) स्विट्जरलैंड निर्मित घड़ियाँ
(d) शनि ग्रह के छल्ले (e) इनमें से कोई नहीं *(उत्तरांचल PCS 2005)*

45. निम्नलिखित में कौन-सी सूचना प्रौद्योगिकी शब्दावली नहीं है?
(a) साइबर स्पेस (b) अपलोड (c) प्रकाश भण्डारण
(d) मोडेम (e) इनमें से कोई नहीं
*(UPPCS 2001)*

46. 'सैम' (Spam) किस विषय से सम्बन्धित शब्द है?
(a) कम्प्यूटर (b) कला (c) संगीत
(d) खेल (e) इनमें से कोई नहीं *(Chhattisgarh PSC 2004-05)*

47. निम्नांकित में से कौन-सी सूचना प्रौद्योगिकी पारिभाषिकीय नहीं है?
(a) लॉग इन (b) मोडेम (c) पासवर्ड
(d) पिनाका (e) इनमें से कोई नहीं

48. भारत में सर्वप्रथम दिखाई देने वाला कम्प्यूटर वायरस है—
(a) सी-ब्रेन (b) कोलम्बस (c) मैक बग
(d) माइकल एंजेलो वायरस (e) इनमें से कोई नहीं

49. जब इंटरनेट का उपयोग सन्देश प्रेषित करने में किया जाता है तो यह सुविधा कहलाती है—
(a) साइबर स्पेस (b) निकनेट (c) E-मेल
(d) आईनेट (e) इनमें से कोई नहीं

50. हार्डवेयर के उस टुकड़े को क्या कहते हैं जो आपके कंप्यूटर के डिजिटल सिग्नल को अनालॉग में बदलता है और टेलिफोन लाइनों के जरिए यात्रा कर सकता है?
(a) रेड वायर (b) ब्लू कॉर्ड (c) टॉवर
(d) मोडम (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS PO 2011)*

51. ......... में माइकेल एंजेलो नामक वायरस विश्व में चिन्ता का कारण बना हुआ था।
(a) 1999 (b) 1992 (c) 1994
(d) 1993 (e) इनमें से कोई नहीं

52. ईमेल क्या है?
(a) एक इंटरेट स्टैण्डर्ड जो यूजर को फाइल्स अपलोड और डाउनलोड करने देता है
(b) एक ऑनलाइन एरिया जिसमें यूजर किसी खास विषय के बारे में लिखित रूप से चर्चा करता है
(c) कम्प्यूटर नेटवर्क के माध्यम से संदेशों तथा फाइलों का ट्रांसमिशन
(d) एक रियल टाइम टाइप्ड कनवर्सेसन (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

53. चैट क्या है?
(a) एक इंटरेट स्टैण्डर्ड जो यूजर को फाइल्स अपलोड और डाउनलोड करने देता है
(b) एक ऑनलाइन एरिया जिसमें यूजर किसी खास विषय के बारे में लिखित रूप से चर्चा करता है
(c) कम्प्यूटर नेटवर्क के माध्यम से संदेशों तथा फाइलों का ट्रांसमिशन
(d) एक रियल टाइम टाइप्ड कनवर्सेसन (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

54. गोपनीय कोड जो कुछ प्रोग्रामों में प्रविष्टि प्रतिबंधित करता है ..........
(a) पासवर्ड (b) पासपोर्ट (c) एन्ट्रीकोड
(d) एक्सेस कोड (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI 2009)*

55. इंटरनेट पर सर्बर से सूचना पाने के कम्प्यूटर के प्रौसेस को ........ कहते हैं।
(a) पुलिंग (b) पुशिंग (c) डाउनलोडिंग
(d) ट्रांसफरिंग (e) इनमें से कोई नहीं
*(IBPS Clerk 2011)*

56. ईमेल भेजना निम्नलिखित के समान है—
(a) किसी घटना का चित्र बनाना (b) कहानी सुनाना (c) पत्र लिखना
(d) चित्र का सृजन करना (e) इनमें से कोई नहीं
*(SBI 2009)*

57. पासवर्ड से प्रयोक्ता—
(a) जल्दी से सिस्टम में जा सकते हैं (b) समय का दक्ष प्रयोग कर सकते हैं
(c) गोपनीयता बरकरार रख सकते हैं (d) ढाचों को सरल कर सकते हैं
(e) इनमें से कोई नहीं
*(SBI 2009)*

58. यूजर IDs और पासवर्ड के संबंध में निम्न में से कौन सा *सत्य नहीं* है ?
(a) जब आप अपना यूजर ID और पासवर्ड एंटर करते हैं तो कंप्यूटर जानता है कि यह आप हैं
(b) यदि आपका कंप्यूटर यूजर ID और पासवर्ड मांगता है तो आप स्वयं का बना सकते हैं
(c) सुरक्षा कारणों से कभी-कभी आपको यूजर ID और पासवर्ड एसाइन किया जाता है
(d) आपको अपने यूजर ID और पासवर्ड को कम से कम एक व्यक्ति के साथ शेयर करना चाहिए
(e) इनमें से कोई नहीं
*(SBI ASS. Clerk 2010)*

59. वेब........ में एक से ज्यादा वेब पेज होते हैं जो वेब सर्वर पर स्थित होते हैं।
(a) हब (b) साइट (c) स्टोरी
(d) टेम्पलेट (e) इनमें से कोई नहीं
*(Allahabad PO 2010)*

60. खरीदारों के लिए अपने कंप्यूटर का प्रयोग करते हुए........ के माध्यम से खरीदारी करना संभव है।
(a) ई-वर्ल्ड (b) ई-कॉमर्स (c) ई-स्पेंड
(d) ई-बिजनेस (e) इनमें से कोई नहीं
*(Allahabad PO 2010, IBPS Clerk 2011)*

61. इंटरनेट एक्सप्लोरर जैसे प्रोग्रामों को क्या कहते हैं जो वेब में नेविगेबल विंडो का काम देते हैं—
(a) हाइपरटेक्स्ट (b) नेटवर्क (c) इंटरनेट
(d) वेब ब्राउसर (e) इनमें से कोई नहीं
*(Allahabad PO 2010)*

62. निम्नलिखित में से कौन-सा ऐसा कम्यूनिकेशन्स प्रोटोकॉल है जो, वेब-बेस्ड इनफार्मेशन को एक्सेस करने वाले प्रत्येक कंप्यूटर द्वारा प्रयुक्त स्टांडर्ड सेट करता है ?
(a) XML (b) DML (c) HTTP
(d) HTML (e) इनमें से कोई नहीं
*(SBI Ass. PO 2010)*

63. ....... इंटरनेट का स्टांडर्ड प्रोटोकॉल है।
(a) TCP/IP (b) Java (c) HTML
(d) फ्लैश (e) इनमें से कोई नहीं
*(SBI Asso. PO 2010)*

64. संक्षेप HTML का पूरा रूप....... है।
(a) High Transfer Machine Language
(b) High Transmission Markup Language
(c) Hypertext Markup Language
(d) Hypermedia Markup Language
(e) इनमें से कोई नहीं *(SBI Asso. PO 2010)*

65. जिस सॉफ्टवेर से प्रयोक्ता इंटरनेट सर्फ कर लेते हैं उसे.........कहते हैं।
(a) सर्च इंजिन (b) इंटरनेट सर्विस प्रोंवाइडर (c) मल्टीमीडिया एप्लिकेशन
(d) ब्राउजर (e) इनमें से कोई नहीं *(Punjab & Sind 2010)*

66. टपल क्या होता है ?
(a) टेबल का कॉलम (b) दो आयामी टेबल (c) टेबल की एक रो
(d) टेबल की एक कुंजी (e) इनमें से कोई नहीं *(Punjab & Sind 2010)*

67. मोडम........
(a) एक कंप्यूटर से एनॉलॉग सिग्नलों को डिजिटल सिग्नलों में ट्रांसलेट करता है जो पारंपरिक टेलिफोन लाइनों से ट्रेवल कर सकते हैं
(b) एक कंप्यूटर से डिजिटल सिग्नलों को एनॉलॉग सिग्नलों में ट्रांसलेट करता है जो पारंपरिक टेलिफोन लाइनों से ट्रेवल कर सकते हैं
(c) कंप्यूटर से डिजिटल सिग्नलों को डीमॉड्यूलेट करता है
(d) एनॉलॉग टेलिफोन लाइन से सिग्नलों को मॉड्यूलेट करता है
(e) इनमें से कोई नहीं *(Punjab & Sind 2010)*

68. वेबसाइट एड्रेस या URL एक यूनिक नाम होता है जो वेब पर एक विशिष्ट........को आइडेंटिफाई करता है।
(a) वेब ब्राउजर (b) PDA (c) वेब साइट
(d) लिंक (e) इनमें से कोई नहीं
*(Punjab & Sind 2010, IBPS Clerk 2011)*

69. .........से बातचीत की ध्वनि इंटरनेट पर यात्रा कर लेती है।
(a) इंटरनेट टेलिफोनी (b) इन्स्टेंट मैसेजिंग (c) ई-मेल
(d) ई-कॉमर्स (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI ASS. Clerk 2010)*

70. अधिकांश मेल प्रोग्राम किसी ई-मेल के निम्नलिखित दो भागों को अपने आप पूरा कर लेते हैं .......
(a) फ्रॉम : एंड बॉडी : (b) फ्रॉम : एंड डेट : (c) फ्रॉम : एंड टू :
(d) फ्रॉम : एंड सब्जेक्ट : (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI Asso. Clerk 2011)*

71. एक ई-मेल एड्रेस में सामान्यतः एक यूजर ID और उसके बाद ....... का चिह्न और उस ई-मेल सर्वर का नाम होता है जो युजर के इलेक्ट्रॉनिक पोस्ट बॉक्स का प्रबंध करता है।
(a) @ (b) # (c) &
(d) ★ (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI Asso. Clerk 2011)*

72. चैट क्या है ?
(a) एक इंटरनेट मानक जिससे प्रयोक्ता फाइलों को अपलोड और डाउनलोड कर सकते हैं
(b) टाइप की हुई बातचीत जो कंप्यूटर पर घटित होती है

(c) एक ऑनलाइन एरिया जिसमें प्रयोक्ता किसी खास विषय के बारे में लिखित चर्चा करते हैं
(d) कंप्यूटर नेटवर्क के जरिए संदेशों व फाइलों का संचार
(e) इनमें से कोई नहीं *(Union Bank of India Clerk 2011)*

**73.** इंटरनेट क्या है?
(a) नेटवर्कों का बड़ा नेटवर्क (b) किसी बिजनेस के लिए आंतरिक सम्प्रेषण प्रणाली
(c) भारत सरकार के लिए सम्प्रेषण प्रणाली (d) ये सभी
(e) इनमें से कोई नहीं *(Union Bank of India Clerk 2011)*

**74.** वेब पर सूचना देखने हेतु आपके पास........होना चाहिए।
(a) केबल मोडेम (b) वेब ब्राउजर (c) डोमेन नेम सर्वर
(d) हैपर टेक्स्ट व्हयूवर (e) इनमें से कोई नहीं *(Union Bank of India Clerk 2011)*

**75.** वेब पेज में वह कौन-सा शब्द है जिसे क्लिक किया जाये तो दूसरा डाक्यूमेंट खुलता है?
(a) एंकर (b) URL (c) हाइपरलिंक
(d) रेफरेंस (e) इनमें से कोई नहीं *(Union Bank of India Clerk 2011)*

**76.** अनजाने ई-मेल अनुलग्नकों को क्यों निकाला जाता है?
(a) आप जेल में जा सकते हैं
(b) वह व्यक्ति आपको पहचान कर जख्मी / नुकसान कर सकता है
(c) यह गलत तौर-तरीके (मॅनर्स) है
(d) इसमें वायरस हो सकता है जो आपके कंप्यूटर को नुकसान पहुंचा सकता है
(e) इनमें से कोई नहीं *(Union Bank of India Clerk 2011)*

**77.** ........यह सबसे लोकप्रिय इन्टरनेट गतिविधि है।
(a) आर्ट / कला (b) शॉपिंग (c) सर्चिंग / शोध
(d) मनोरंजन (e) संप्रेषण *(Bank of Baroda 2011)*

**78.** ई-कॉमर्स क्या है?
(a) अंतर्राष्ट्रीय माल की खरीद और बिक्री
(b) इंटरनेट पर उत्पादों तथा सेवाओं का क्रय व विक्रय
(c) स्टोर्स में न मिलने वाले उत्पादों और सेवाओं का क्रय व विक्रय
(d) कम्प्यूटर से संवद्ध उत्पादों और सेवाओं का क्रय व विक्रय
(e) इलेक्ट्रॉनिक माल का क्रय व विक्रय *(Allahabad Bank PO 2011)*

**79.** इंटरनेट जोडने के लिए कौन-सी चार चीजें आवश्यक हैं?
(a) टेलीफोन लाइन, मॉडेम कम्प्यूटर, और आयएसपी (ISP)
(b) मॉडेम, कंप्यूटर, पीडीए (PDA) और आयएसपी (ISP)
(c) टेलीफोम लाइन, पीडीए (PDA) मॉडेम और कम्प्यूटर
(d) कम्प्यूटर, आयएसपी (ISP) मॉडेम और संप्रेषण सॉफ्टवेयर
(e) मानीटर, की बोर्ड, माउस, मॉडेम *(Allahabad Bank PO 2011)*

**80.** एक कंप्यूटर से इंटरनेट पर आपके कंप्यूटर में फाइल अंतरण करनेवाली प्रक्रिया को...... कहा जाता है।
(a) डाऊनलोड (b) अपलोड (c) एफटीपी (FTP)
(d) जेपीइजी (JPEG) (e) डाऊन साइजिंग

*(Allahabad Bank PO 2011, IBPS PO 2011)*

81. वेब पेज/पृष्ठ को रीलोड करने हेतु........बटन दबाएं।
(a) रीडू (b) रीलोड (c) रिस्टोर
(d) सीटीआरएल (Ctrl) (e) रिफ्रेश *(Allahabad Bank PO 2011, IBPS PO 2011)*

82. इंटरनेट के जरिये लिंकों के संग्रहण से एक इंटर कनेक्टेड नेटवर्क सृजित हो जाता है, उसे...........कहा जाता है।
(a) डब्लू डब्लू डब्लू (b) वेब (c) वर्ल्डवाइड वेब
(d) उपर्युक्त सभी (e) वाइड एरिया वेब *(Allahabad Bank PO 2011)*

83. ..........में कई कंप्यूटर्स का समावेश है जो संसाधन और डाटा शेयर करने हेतु एकत्रित जोडे जाते हैं।
(a) इंटरनेट (b) नेटवर्क (c) बैंकबोन
(d) हाइपरलिंक (e) प्रोटोकॉल *(Allahabad Bank PO 2011)*

84. क्लासरूम में न जाते हुए कंप्यूटरों के विषय में अध्ययन के लोकप्रिय तरीके को.....कहा जाता है।
(a) आय-लर्निंग (b) आयसोलेटेड लर्निंग (c) ई-लर्निंग
(d) क्लोज लर्निंग (e) दूरस्थ/डिस्टस लर्निंग *(Allahabad Bank PO 2011)*

85. एक व्यक्ति जो उसकी विशेषज्ञता अन्य व्यक्तियों के कंप्यूटर्स से जानकारी गैरकानूनी तरीके से या उसे डैमेज करने हेतु .......से ॲक्सेस प्राप्त किया जाता है।
(a) स्पॅमर (b) हॅकर (c) तत्काल संदेशवाहक
(d) प्रोग्रॅमर (e) विश्लेषक
*(Allahabad Bank PO 2011, IBPS PO 2011)*

86. .......फोल्डर संदेशो की कापियाँ रखता है जिन्हें आपने आरंभ किया है तथापि भेजने हेतु तैयार नहीं है—
(a) इन बॉक्स (b) आउट बॉक्स (c) ड्राफ्टस्
(d) सेंट/भेजे गये आइटमस् (e) पतों का पुस्तक
*(Allahabad Bank PO 2011, IBPS PO 2011)*

87. उनकी पहचान/आयडेटीटी को गलत दिखलाने/झूठलाने के जरिये व्यक्तियों द्वारा...... प्रयास है, ताकि आपसे गोपनीय सूचनाएं प्राप्त की जा सके।
(a) फिशिंग ट्रिप्स (b) कंप्यूटर वायरस्पेस (c) स्पायवेअर स्कैम्स
(d) वायरस (e) फिशिंग स्कॅन्स
*(Allahabad Bank PO 2011, IBPS PO 2011)*

88. निम्न में से कौन-सा सत्य नहीं है?
(a) चैटिंग ई-मेल के समान है
(b) चैटिंग केवल एक व्यक्ति के साथ की जा सकती है
(c) चैटिंग में बहुत से लोग शामिल हो सकते हैं
(d) चैटिंग इलेक्ट्रॉनिक संवाद है
(e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

89. ई-मेल पते के दो भाग कौन से हैं?
(a) यूजर नाम और गली का नाम (b) विधिक नाम और फोन नंबर
(c) इनीशियल और पासवर्ड (d) यूजर नाम और डोमेन नाम
(e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

**90.** ई-मेल भेजना किसके समान है ?
(a) पत्र लिखना (b) तस्वीर बनाना (c) फोन पर बात करना
(d) पैकेज भेजना (e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

**91.** ब्राउजर क्या करता है ?
(a) पुस्तकालय में पत्रिकाओं और किताबों में ढूंढता है
(b) सामग्री को वास्तव में ही तेजी से पढ़ता है
(c) आपका समय बर्बाद करता है
(d) हेल्प मेनू उपलब्ध कराता है
(e) यह वेब पेज देखने के लिए प्रयुक्त एक सॉफ्टवेयर है *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

**92.** अधिकांश वेब साइट में मेन पेज, .......... होता है जो शेष वेब साइट पेजेज के डोरवे का काम करता है।
(a) सर्च इंजन (b) होम पेज (c) ब्राउजर
(d) URL (e) इनमें से कोई नहीं
*(Allahabad Bank Clerk 2011, IBPS Clerk 2011)*

**93.** ई-मेल अकाउंट में एक स्टोरेज एरिया होता है जिसे अकसर ...... कहते हैं।
(a) अटचमेंट (b) हाइपरलिंक (c) मेल-बॉक्स
(d) IP एड्रेस (e) इनमें से कोई नहीं
*(Allahabad Bank Clerk 2011, IBPS Clerk 2011)*

**94.** मॉडेम किससे जुड़ा होता है ?
(a) प्रोसैसर (b) मदर बोर्ड (c) प्रिंटर
(d) फोन लाइन (e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

**95.** आप इंटरनेट से .......
(a) इलेक्ट्रॉनिक मेल भेज सकते हैं
(b) वेब पेज देख सकते हैं (c) पूरे विश्व में सर्वर से जुड़ जाते हैं
(d) उपरोक्त सभी (e) इनमें से कोई नहीं *(SBI Ass. Clerk 2011)*

**96.** निम्नलिखित में से कौन-सा इंटरनेट संबंधी पद नहीं है ?
(a) ब्राउजर (b) लिंक (c) प्रिंटर
(d) सर्च इंजीन (e) हाइपरलिंक *(IBPS Clerk 2011)*

**97.** निम्न में सै कौन-सा ईमेल से संबंधित शब्द नहीं है ?
(a) पावर पाइंट (b) इनबॉक्स (c) सेंडर
(d) रिसीवर (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS Clerk 2011)*

**98.** उस फाइल को क्या कहते हैं जो ईमेल से जुड़ी होती है और ईमेल प्राप्त करने वाले को भेजी जाती है ?
(a) एनेक्शर (b) एपैंडेज (c) ऐड-ऑन
(d) अटैचमेंट (e) आर्टीकल *(IBPS Clerk 2011)*

**99.** शिक्षा संस्थान सामान्यतया अपने डोमेन नाम में निम्न का प्रयोग करेगा ?
(a) .org (b) .edu (c) .inst
(d) .com (e) .sch *(IBPS Clerk 2011)*

100. निम्न में से कौन सा शब्द इंटरनेट से संबंधित नहीं है ?
(a) की बोर्ड (b) लिंक (c) ब्राउजर
(d) सर्च इंजिन (e) हाइपरलिंक
*(IBPS Clerk 2011)*

101. इंटरनेट रिसोर्सों की लोकेशन से कनेक्ट करने के लिए ब्राउजर निम्न में से किसका प्रयोग करता है ?
(a) लिंकर (b) प्रोटोकॉल (c) केबल
(d) URL (e) इनमें से कोई नहीं
*(IBPS Clerk 2011)*

102. वेबसाइट में 'होम' पेज का क्या अर्थ है ?
(a) सबसे अच्छा पेज (b) अंतिम पेज (c) प्रथम पेज
(d) सबसे हाल का पेज (e) सबसे पुराना पेज
*(IBPS Clerk 2011)*

103. वेबसाइट एड्रैस विशिष्ट रूप से क्या विनिर्दिष्ट करता है?
(a) वेब ब्राउजर (b) वेबसाइट (c) PDA
(d) स्टोरेज (e) हार्ड-डिस्क
*(IBPS Clerk 2011)*

104. ई-मेल पते के दो भाग कौन-से होते हैं ?
(a) प्रयोक्ता का नाम और गली का पता
(b) विधिक नाम और फोन नंबर
(c) प्रयोक्ता का नाम और डोमेन नंबर
(d) इनीशियल और पासवर्ड
(e) लॉगिन नाम और पासवर्ड
*(IBPS Clerk 2011)*

105. मोशन पिक्चर क्लिपों को बदलने के लिए किस प्रकार का सॉफ्टवेयर प्रयोग किया जाता है ?
(a) ड्रॉइंग (b) वीडियो एडिटिंग (c) पेंटिंग
(d) कंप्यूटर डिजाइन (e) वेब ऑथरिंग
*(IBPS Clerk 2011)*

106. इंटरनेट के जरिए लोगों से सम्पर्क करने के लिए निम्न में से किसका प्रयोग किया जाता है ?
(a) ई-मेल एड्रेस (b) डोमेन नाम (c) यूजर नाम
(d) पासवर्ड (e) सिक्योरिटी लिंक
*(IBPS Clerk 2011)*

107. वेब पर एक्सेस करने के लिए डाक्यूमेंटों, ग्राफिक्स और ध्वनियों को ..... किया जाता है।
(a) प्रोसैस (b) लिंक (c) मोडिफाई
(d) इंटरनल (e) इनमें से कोई नहीं
*(IBPS Clerk 2011)*

108. निम्न में से कौन सा कथन सत्य है ?
(a) आपको कभी किसी को अपना/अपने ईमेल खाते का नाम नहीं देना चाहिए क्योंकि वे तब आपके खाते को एक्सेस कर सकेंगे
(b) पासवर्ड बनाते समय, या तो अंकों या अक्षरों का प्रयोग करें, लेकिन उन्हें पासवर्ड में मिलाएँ नहीं
(c) आपका ईमेल पता आपके ISP के होस्ट कंप्यूटर का डोमेन नाम है, उसके बाद @ चिह्न है और उसके बाद आपके खाते का नाम है
(d) आपका ईमेल पता आपके ISP के होस्ट कंप्यूटर का डोमेन नाम है, उसके बाद & चिह्न है और उसके बाद आपके खाते का नाम है
(e) इनमें से कोई नहीं
*(IBPS clerk 11)*

## उत्तर

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (b) | 2. | (c) | 3. | (a) | 4. | (b) | 5. | (c) | 6. | (b) | 7. | (e) |
| 8. | (d) | 9. | (a) | 10. | (b) | 11. | (b) | 12. | (a) | 13. | (a) | 14. | (c) |
| 15. | (e) | 16. | (a) | 17. | (d) | 18. | (b) | 19. | (a) | 20. | (b) | 21. | (b) |
| 22. | (a) | 23. | (a) | 24. | (a) | 25. | (d) | 26. | (c) | 27. | (a) | 28. | (d) |
| 29. | (d) | 30. | (a) | 31. | (d) | 32. | (a) | 33. | (b) | 34. | (b) | 35. | (c) |
| 36. | (a) | 37. | (c) | 38. | (b) | 39. | (a) | 40. | (d) | 41. | (d) | 42. | (c) |
| 43. | (d) | 44. | (a) | 45. | (c) | 46. | (a) | 47. | (d) | 48. | (e) | 49. | (c) |
| 50. | (d) | 51. | (d) | 52. | (c) | 53. | (b) | 54. | (a) | 55. | (c) | 56. | (c) |
| 57. | (c) | 58. | (d) | 59. | (b) | 60. | (b) | 61. | (d) | 62. | (c) | 63. | (a) |
| 64. | (c) | 65. | (d) | 66. | ( ) | 67. | (b) | 68. | (c) | 69. | (a) | 70. | (b) |
| 71. | (a) | 72. | (b) | 73. | (a) | 74. | ( ) | 75. | (c) | 76. | (d) | 77. | (e) |
| 78. | (b) | 79. | (d) | 80. | (a) | 81. | (e) | 82. | (d) | 83. | (a) | 84. | (c) |
| 85. | (b) | 86. | (c) | 87. | (e) | 88. | (b) | 89. | (d) | 90. | (a) | 91. | (e) |
| 92. | (b) | 93. | (c) | 94. | (d) | 95. | (d) | 96. | (c) | 97. | (a) | 98. | (d) |
| 99. | (b) | 100. | (a) | 101. | (d) | 102. | (c) | 103. | (b) | 104. | (c) | 105. | (b) |
| 106. | (a) | 017. | (b) | 108. | (a) | | | | | | | | |

★★★



11

# माइक्रोसॉफ्ट विंडोज
# (Microsoft Windows)

## परिचय
## *Introduction*

माइक्रोसॉफ्ट विंडोज, पर्सनल कम्प्यूटर के लिए माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित ऑपरेटिंग सिस्टम है। माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक *बिल गेट्स* तथा *पॉल एलेन* हैं। विश्व के लगभग 90% पर्सनल कम्प्यूटर में माइक्रोसॉफ्ट विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम उपयोग हो रहा। यह ग्राफिकल यूजर (GUI), इंटरफेस, मल्टीटास्किंग, वर्चुअल मेमोरी की सुविधा देता है।

माइक्रोसॉफ्ट विंडोज का प्रथम स्वतंत्र संस्करण 1.0 20 नवम्बर 1985 में आया, जिसे इंटरफेस मैनेजर के नाम से जाना जाता था। परन्तु माइक्रोसॉफ्ट के मार्केटिंग प्रमुख *रॉलैन्ड हैन्सन (Rowland Hanson)* ने विंडोज नाम का सुझाव दिया, जो उपभोक्ताओं को ज्यादा आकर्षक लगा। विंडोज 1.0 पूर्ण ऑपरेटिंग सिस्टम नहीं था, यह MS-DOS का सुधरा रूप था, जिसमें MS-DOS की कमियों को सुधारने की कोशिश की गई थी।

माइक्रोसॉफ्ट का दूसरा संस्करण 2.0, 9 दिसम्बर 1987 में आया, जो विंडोज 1.0 से थोड़ा ज्यादा लोकप्रिय हुआ, जिसका कारण था इस संस्करण में एक्सल, वर्ड तथा नई ग्राफिकल अनुप्रयोग का होना।

जब एल्डस पेजमेकर (Aldus Pagemaker) विंडोज संस्करण में आया, उस समय माइक्रोसॉफ्ट विंडोज काफी लोकप्रिय हुआ। जो केवल मैकिन्टोस (Macintosh) सिस्टम पर चलता था। यह विंडोज की सफलता की शुरुआत थी। इसके बाद इसके बहुत सारे संस्करण आये। जैसे– 2.0X, 2.03, 3.0 इत्यादि। विंडोज 3.0 सन् 1990 में आया जो अत्यधिक सफल हुआ। इस संस्करण में मल्टीटास्किंग तथा वर्चुअल मेमोरी का परिचय दिया गया जो DOS की तुलना में काफी अच्छा था।

इसके बाद विंडोज अत्यधिक लोकप्रिय ऑपरेटिंग सिस्टम हो गया। जिसके लगातार नये संस्करण आते गये जो आज तक लोकप्रिय है। जैसे–

विंडोज 95- सन् 1995
विंडोज 98- सन् 1998
विंडोज ME (Millennium)- सन् 2000
विंडोज XP- सन् 2004
विंडोज Vista- सन् 2007

## एम एस विंडोज संबंधी शब्दावली
## *MS-Windows related Terms*

1. ग्राफिक्स यूजर इंटरफेस (GUI–Graphical User Interface) :ग्रफिकल यूजर इंटरफेस यूजर को इलेक्ट्रॉनिक यंत्र, जैसे– कम्प्यूटर, MP3 प्लेयर, पोर्टबल मीडिया प्लेयर आदि से संवाद (intract) करने में सक्षम बनाता है। GUI टेक्सट आधारित संवाद के बदले चित्र या रेखाचित्र के माध्यम से संवाद करना उपलब्ध कराता है। इसके लिए पढ़ने, लिखने या कमांड याद रखने की आवश्यकता नहीं होती है। यह यूजर को सरलता तथा प्रभावी रूप से संवाद स्थापित करने

में सहायता करता है। सर्वप्रथम जेरोक्स कॉरपोरेशन नाम कंपनी ने GUI पर आधारित जेरोक्स स्टार नामक कम्प्यूटर का विकास किया।

2. आइकन (Icon) :आइकन छोटा सा ग्राफिक फोटो है जो किसी भी प्रोग्राम के क्रियान्वयन का प्रतिनिधित्व करता है। जब हम माउस द्वारा इस आइकन पर क्लिक करते हैं तो इससे संबंधित प्रोग्राम क्रियान्वित (execute) हो जाता है। इनका प्रयोग विंडो वातावरण में होता है। इनके द्वारा प्रोग्राम फाइल तथा फोल्डर डेस्कटॉप को दर्शाया जाता है तथा इनके नीचे प्रोग्राम, फाइल या फोल्डर का नाम लिखा होता है।

3. इंटरफेस (Interface) : यह दो कम्प्यूटर के बीच संचार स्थापित करने की सुविधा या तकनीक है। दो नेटवर्कों या टर्मिनल और नेटवर्क के बीच संचार स्थापित करने की सुविधा को नेटवर्क इंटरफेस कहते हैं।

**विंडोज डेस्कटॉप**

*Windows Desktop*

जब कम्प्यूटर सिस्टम में बूटिंग की प्रक्रिया सम्पन्न हो जाती है तब जो स्क्रीन हमारे सामने दिखता है वह डेस्कटॉप है। यह सभी कार्यक्रमों (Programs) तथा उन तक पहुँचने के लिए आवश्यक निर्देशों (Commands) की पृष्ठभूमि है। डेस्कटॉप हर ऑपरेटिंग सिस्टम तथा हर संस्करण में बदलता रहता है। डेस्कटॉप के ग्राफिक पृष्ठभूमि को वॉल पेपर कहते हैं। वॉल पेपर को 'कन्ट्रोल पैनल' में डिस्पले प्रोप्रर्टीज के 'डेस्कटॉप' ऑप्सन में जाकर फोटो या चित्र या विभिन्न पैटर्न में बदला जा सकता है। कम्प्यूटर स्क्रीन पर ब्लिंक (Blink) करने वाले प्रतिक को कर्सर कहते हैं।



अन्य महत्त्वपूर्ण सुविधा (Feature) जो डेस्कटॉप पर प्राप्त है वो आइकन हैं। यह प्रोग्राम से जुड़ा शार्टकट छोटा चित्र है। इस आइकन पर डबल क्लिक करने पर प्रोग्राम रन (Run) होता है या वह फाइल खुलता है। यूजर अपनी सुविधा के लिए प्रोग्राम का शार्टकट बना कर डेस्कटॉप पर रख सकते हैं तथा तीव्रता से उसे चला सकते हैं। आइकन को क्लिक और ड्रैग एण्ड ड्रॉप के द्वारा डेस्कटॉप पर कहीं भी ले जाया जा सकता है।

डेस्कटॉप पर कुछ महत्वपूर्ण आइकन

1. माई कम्प्यूटर (My Computer): यह डेस्कटॉप पर एक महत्वपूर्ण आइकन है जो ड्राइव्स (Drives), प्रिन्टर्स, कंट्रोल पैनल और दूसरे सिस्टम अनुप्रयोग (System application) का उपयोग करने में सक्षम बनाता है। दूसरे सर्पोटिंग अनुप्रयोग, जैसे– 'Add New Hardwax', 'Add/Remove Program', 'Accessibility option' एवं कंट्रोल पैनल के द्वारा की-बोर्ड, माउस, प्रिन्टर, मॉडम, मॉनीटर डिस्पले और साउन्ड के सेटिंग में परिवर्तन कर सकते हैं।

2. रिसाईकल बीन (Recycle Bin): जब हम किसी फाइल तथा फोल्डर को हटाते (Delete) हैं, तो यह रिसाईकल बीन में जाता है। वहाँ तब तक रहता है जबतक रिसाईकल बीन को खाली न कर दिया जाये! यहाँ स्टोर फाइल या फोल्डर को रिस्टोर द्वारा वापस अपने जगह लाया जा सकता है। जब रिसाईकल बीन खाली किया जाता है तो सभी deleted files स्थायी रूप से हट जाता है।

3. माई नेटवर्क प्लेसेज (My Network Places): इसके अन्तर्ग नेटवर्क कनेक्शन दर्शाया जाता है। जो सिस्टम को इंटरनेट से जोड़ना संभव बनाता है। जिससे दूसरे कम्प्यूटर के साथ संचार स्थापित करने तथा दूसरे के संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं।

4. माई डाक्यूमेंट (My Document): यह कम्प्यूटर के हार्ड ड्राइव में एक विशेष फोल्डर है, जिसका उपयोग यूजर अपनी पर्सनल डाक्यूमेंट, संगीत, चित्र, डाउनलोड और दूसरे फाइलों को संग्रहीत करने के लिए करता है।

## टास्क वार
*Task Bar*

डेस्कटॉप के नीचे किनारे पर एक पतली पट्टी जैसा बॉक्स होता है जिसके एक छोर पर स्टार्ट बटन तथा दूसरे छोर पर घड़ी (clock) रहता है। टास्कबार पर घड़ी की तरफ कुछ और छोटे-छोटे आइकन रहते हैं, जिसे त्वरित लाँच (Quick Launch) कहते हैं। यह, अक्सर उपयोग होने वाले प्रोग्राम को एक क्लिक में खोलता (Open) हैं।



टास्क बार में कोई परिवर्तन करने के लिए स्टार्ट मेन्यू में सेटिंग विकल्प को चुना जाता है। सेटिंग के सब मेन्यू में Taskbar and Start Menu विकल्प पर क्लिक करने पर Taskbar and Start Menu प्रोपर्टीज विंडो खुल जाता है।

इस विंडों में निम्नलिखित विकल्प होते हैं, जिनको हम अपने अनुसार चयन कर सकते हैं।

1. Lock the taskbar : इसे क्लिक करने पर यह टास्कबार के आकार को निश्चित कर देता है।
2. Auto hide the taskbar : उपयोग न होने पर टास्कबार छिप जाता है तथा माउस प्वाइंटर को वहाँ ले जाने पर दिखाई देता है।
3. Keep the taskbar on top : इसे क्लिक करने पर यह हमेशा स्क्रीन के नीचे स्थित रहता है।
4. Group similar taskbar buttons : एक ही प्रोग्राम से खोले गये विभिन्न चीजों (Item) को एक जगह समूह में रखता है। जब टास्कबार में हर बटन को दिखाने के लिए समुचित स्थान नहीं होता है तब यह संभव होता है।
5. Show Quick Launch : इस पर क्लिक करने पर प्रोग्राम के शॉर्टकट Taskbar में आ जाते हैं।
6. Show the clock : इसे क्लिक करने पर टास्क बार के सबसे दाहिनी ओर घड़ी प्रदर्शित रहती है।
7. Hide Inactive Icons : जो प्रोग्राम तुरंत उपयोग नहीं हो रहे होते हैं वो इस विकल्प पर क्लिक करने पर छिप जाते हैं।

**स्टार्ट मेन्यू**

***Start Menu***

टास्कबार के स्टार्ट बटन पर क्लिक करने पर एक मेन्यू खुलता है जिसे स्टार्ट मेन्यू कहते हैं। इस मेन्यू में कई ऑप्सन आते हैं। कुछ ऑप्सन के साथ छोटा सा तीर का निशान रहता है जो किसी और मेन्यू को दर्शाता है या उस निशान पर माउस के प्वाइंटर ले जाने पर एक और मेन्यू खुल जाता है। स्टार्ट मेन्यू में निम्नलिखित ऑप्सन होते हैं।

1. प्रोग्राम (Program) : यह कम्प्यूटर में इंस्टाल्ड (Installed) प्रोग्रामों की सूची है।
2. फेवरिट (Favorites) : यह बुक मार्क्ड (Book Marked) वेब पेज का सूची है।
3. डाक्यूमेंट (Documents) : सबसे वर्तमान में उपयोग किये गये दस्तावेजों की सूची है।
4. सेटिंग्स (Settings) : सिस्टम अनुप्रयोग जैसे– कंट्रोलपैनल, प्रिन्टर, टास्कबार और स्टार्ट मेन्यू तथा नेटवर्क कनेक्शन इत्यादि की सूची है। कंट्रोल पैनल के द्वारा किसी भी हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर के सेटिंग्स में परिवर्तन कर सकते हैं।
5. सर्च (Search) : किसी विशेष फाइल या फोल्डर्स को ढूँढ़ने के लिए।
6. हेल्प (Help) : प्रोग्राम संबंधी कोई भी सहायता प्राप्त करने के लिए।
7. रन (Run) : किसी प्रोग्राम को रन करने के लिए या किसी फाइल, फोल्डर या दस्तावेज को खोलने के लिए।
8. लॉग ऑफ (Log Off) : पासवर्ड प्रोटेक्ट एक उपयोगकर्त्ता को लॉग ऑफ करने तथा दूसरे उपयोगकर्त्ता को लॉग ऑन करने की अनुमति देता है।
9. टर्न ऑफ या शट डाउन (Turn off or Shut down) : सिस्टम को बंद करता है या restart करता है।

## टाइटल बार
*Title Bar*

कोई भी प्रोग्राम या अनुप्रयोग विंडो के अन्दर रन करता है। हर विंडो में सबसे ऊपर एक पतला पट्टी जैसा बॉक्स होता है जिसके बायें तरफ प्रोग्राम, या फाइल या फोल्डर, जो भी खुला रहता है उसका नाम लिखा होता है। इस बॉक्स के दाहिने तरफ तीन छोटे-छोटे बटन होते हैं। इन तीनों में सबसे बायाँ बटन [-] को Minimize बटन कहते हैं। विंडो को मिनीमाइज करने पर इसे स्क्रीन से हटा देता है परन्तु प्रोग्राम रन करता रहता है। Minimize विंडो टास्क बार में एक बटन के रूप में उपस्थित रहता है। टास्कबार में उठा हुआ (Raised Button) बटन Minimized या निष्क्रिय विंडो दर्शाता है तथा दबा हुआ बटन (Depressed Button) खुला या सक्रिय विंडो दर्शाता है। यदि यूजर प्रोग्राम को तुरंत उपयोग नहीं कर रहा है परन्तु जल्द ही उसे उपयोग करने वाला है उस स्थिति में Minimize बटन सहायक होता है। Minimized विंडो को फिर से सक्रिय करने के लिए टास्क बार में उस बटन पर सिर्फ एक क्लिक करना होता है।

टाइटल बार के दायें बटनों में से बीच वाला बटन में एक या दो छोटे-छोटे वर्ग अर्थात् [□] या [⧉] बने होते हैं। जिसे Maximize या Resize बटन कहते हैं। यह बटन यूजर को विंडो को पूर्ण स्क्रीन (Full Screen) या छोटा स्क्रीन (Small screen) करने की सुविधा देता है।

टाइटल बार के सबसे दायाँ बटन [×] है, जिसे क्लोज (close) बटन कहते हैं। इस बटन को क्लिक कर विंडो को बंद किया जाता है।

## स्क्रॉल बार
*Scroll Bar*

विंडो के वर्क एरिया में फाइल या फोल्डर की सूची, टाइपिंग, ड्राइंग या दूसरे कार्यों को स्क्राल बार की सहायता से पुर्णतः देख सकते हैं। इस विंडो के दाहिने तरफ उर्ध्वाधर तथा नीचे तरफ क्षैतिज स्क्रॉल बार दिखता है। जब विंडो में सूचनाओं का आकार विंडो के आकार से बड़ा होता है तब स्क्रॉल बार प्रदर्शित होता है। स्क्रॉल बार को खिसका कर सूचनाओं को ऊपर-नीचे तथा दायें-बायें कर देखा जा सकता है।

## मेन्यू बार
*Menu Bar*

विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम में हर विंडो का अपना मेन्यू होता है। टाइटल बार के तुरंत नीचे मेन्यू बार होता है। इस मेन्यू बार के विकल्प हर प्रोग्राम के अनुसार बदलते रहते हैं।

मेन्यू बार के कुछ मुख्य विकल्प निम्नलिखित हैं—

1. फाइल (File) : इस मेन्यू के अन्तर्गत न्यू, ओपेन, सेभ, क्लोज तथा प्रिंट इत्यादि विकल्प हैं।
2. इडिट (Edit) : इस मेन्यू के अन्तर्गत अनडू (undo), कट (cut), कॉपी (copy), पेस्ट (paste) तथा क्लियर (clear) इत्यादि विकल्प हैं।
3. व्यू (View) : इस मेन्यू के अन्तर्गत नार्मल (Normal), प्रिन्ट लेआउट (Print Layout), हेडर-फुटर (Header and Footer) इत्यादि विकल्प हैं।
4. हेल्प (Help) : इस मेन्यू के अन्तर्गत सहायक जानकारी या उपयोगी ट्यूटोरियल (Tutorials) होते हैं।

## मेन्यू के प्रकार
*Types of Menu*

सामान्यतः मेन्यू दो प्रकार के होते हैं—

1. Pull/Drop Down Menu : किसी विषय को क्लिक करने पर यह मन्यू उसके नीचे खुलता है।
2. Pull/up Menu : किसी विषय पर क्लिक करने पर यह मन्यू उसके ऊपर खुलता है।

किसी भी मेन्यू पर माउस द्वारा क्लिक कर या Alt Key के साथ विकल्प का रेखांकित अक्षर दबाने पर उस मन्यू को खोला जा सकता है। मेन्यू में प्रयुक्त कुछ संकेत निम्नलिखित हैं—

(i) त्रिभुज Δ : मेन्यू के विकल्प के सामने छोटा सा त्रिभुज बना होता है जो बताता है कि इस विकल्प के अन्तर्गत सब मेन्यू है।

(ii) (...) इलिप्सिस (Ellipsys) : यह किसी-किसी विकल्प के साथ रहता है जो बताता है कि इस विकल्प पर क्लिक करने पर एक डायलॉग बॉक्स आयेगा जिसमें सूचनाओं को भरना या चुनना होगा।

(iii) (·) डॉट : यह विकल्प के बायीं ओर रहता है जो यह दर्शाता है कि उपलब्ध विकल्पों में से केवल एक को ही चुना जा सकता है।

(iv) (✓) चेक मार्क : जो सक्रिय विकल्प हैं उसके आगे यह मार्क लगा होता है।

(v) ग्रे विकल्प : किसी विकल्प का हल्का या ग्रे रंग यह बताता है कि वह विकल्प सक्रिय नहीं है।

## टूल बार
*Tool Bar*

मन्यू बार के नीचे अक्सर टूल बार होता है जिसके अन्तर्गत कमांड आइकन या विकल्पों का पतला लम्बा बॉक्स होता है जो प्रोग्राम के अन्दर किसी विशेष प्रक्रिया को करना संभव करता है। इनमें आइकन या विकल्पों को अपनी आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

## शॉर्टकट बटन
*Shortcut Keys*

यह बटन विकल्प के सामने लिखा होते हैं। अगर हम की-बोर्ड पर कार्य कर रहें हैं तो विकल्प को भी की-बोर्ड से चुन सकते हैं! जैसे– Open विकल्प को क्लिक करने के बदले Ctrl + O बटन की-बोर्ड दबाकर फाइल या फोल्डर कुछ भी खोला जा सकता है। Ctrl के साथ किस बटन को दबाना है यह उस विकल्प में अंडरलाइन शब्द है जो याद रखना होता है।

## डायलॉग बॉक्स
*Dialog Box*

यह सेकेंडरी विंडो है जिसमें बटन तथा भिन्न-भिन्न प्रकार के विकल्प रहते हैं जिसके द्वारा किसी विशेष कमांड या टास्क को पूरा कर सकते हैं। इस बॉक्स के टाइटल बार में भी अन्य विंडो की तरह बॉक्स का नाम, क्लोज तथा हेल्प बटन होता है।

## डायलॉग बॉक्स के तत्व
*Elements of Dialog Box*

डायलॉग बॉक्स के निम्नलिखित तत्त्व हैं—

1. OK बटन : इस बटन पर क्लिक करने पर डायलॉग बॉक्स बंद होता है तथा हमारे द्वारा किये गये परिवर्तनों को ग्रहण करता है।




2. Cancel बटन : इस बटन पर क्लिक करने पर हमारे द्वारा किये गये परिवर्तनों को अस्वीकार कर डायलॉग बॉक्स बंद होता है।

3. Apply बटन : इस बटन पर क्लिक करने पर हमारे द्वारा किये गये परिवर्तनों को ग्रहण कर, डायलॉग बॉक्स को खुला छोड़ देता है।

4. Tab : डायलॉग बॉक्स के विभिन्न पृष्ठ का चयन करने लिए के Tab बटन क्लिक करते हैं। डायलॉग बॉक्स के विकल्पों को अलग-अलग पृष्ठों में व्यवस्थित किया जाता है। प्रत्येक पृष्ठ का नाम Tab बटन पर अंकित है। ये सारे टैब बटन डायलॉग बॉक्स के टाइटल बार के नीचे एक पंक्ति में स्थित रहते हैं। इन सारे Tab बटन में से एक समय में एक ही बटन सक्रिय रहता है। जैसे– पेज सेटअप के डायलॉग बॉक्स में अक्सर तीन Tab बटन होते हैं मार्जिन, पेपर तथा लेआउट।

5. Check box : यह विकल्पों के बगल में एक छोटा बॉक्स है। किसी विकल्प को चुनने के लिए इच्छित बॉक्स पर क्लिक करते हैं। उसी बॉक्स पर फिर से क्लिक करने पर विकल्प अचयनित (deselect) हो जाता है। एक समय में एक से अधिक विकल्पों का चयन किया जा सकता है।



6. Option बटन : इस तरह के बटन को रेडियो बटन भी कहते हैं। किसी एक विकल्प का चयन करने के लिए इच्छित बटन को क्लिक करते हैं। एक समय में दिये गये क्षेत्र में केवल एक ही बटन का चयन हो सकता है। विकल्प के बायें बने गोल बटन में बिन्दु चुने हुए विकल्प को दर्शाता है।

7. Combo box : इस बॉक्स में इच्छित सूचना को टाइप करते हैं, या ड्रॉप डाउन सूची प्रदर्शित करने के लिए बगल में बने तीर (Arrow) के निशान पर क्लिक करते हैं और तब सूची में इच्छित विकल्प पर क्लिक करते हैं।

8. Text box : इस बॉक्स में इच्छित सूचना को टाइप करते हैं। पहले से भरी सूचना अगर इच्छित सूचना नहीं है तो उसे Delete या Back Space द्वारा हटाकर नयी सूचना टाइप करते हैं।

9. Drop-down list box : ड्रॉप डाउन सूची प्रदर्शित करने के लिए इस वाक्य में बने arrow के निशान पर क्लिक करते हैं। फिर सूची से इच्छित विकल्प पर क्लिक करते हैं।




10. Spin box : इस बॉक्स के दाहिनी ओर स्थित अप और डाउन तीर के निशान पर क्लिक कर बॉक्स में अंकित संख्यात्मक मान को बढ़ाते या घटाते हैं।



## हेल्प इन विंडो
## *Help in Window*

विंडोज में किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए स्टार्ट मेन्यू (Start Menu) खोल कर उसके हेल्प एंड सर्पोट (Help and Support) विकल्प पर क्लिक करते हैं। जिसके फलस्वरूप हेल्प एंड सर्पोट का डायलॉग विंडो खुल जाता है जहाँ हम हेल्प टॉपिक चुन सकते हैं या सर्च ऑप्शन (Search option) में अपने इच्छित विषय को टाइप कर सर्च कर सकते हैं। विषय चयन कर या टाइप कर क्लिक करने पर उससे संबंधित जानकारी हमें प्राप्त हो सकती है।

## कम्प्यूटर में दिन व समय बदलना
## *To change date and time in computer*

प्रथम विधि में इसके लिए दाहिनी ओर स्थित घड़ी पर डबल क्लिक कर डेट/टाइम प्रोपर्टीज विंडो खोलते हैं तथा डेट/टाइम परिवर्तन कर अप्लाई (Apply) बटन दबा कर नये दिन तथा समय को कम्प्यूटर में निश्चित कर देते हैं।

दूसरी विधि में स्टार्ट मेन्यू (Start Menu) के सेटिंग विकल्प के सबमेन्यू से कंट्रोल पैनल को खोलते हैं। कंट्रोल पैनल विंडो खुलने पर डेट/टाइम विकल्प पर डबल क्लिक करने पर डेट/टाइम प्रोपर्टीज विंडो खुलता है, जहाँ हम दिन तथा समय में परिवर्तन कर सकते हैं।

## कम्प्ययूटर स्क्रीन के स्वरूप तथा बैकग्राउण्ड में परिवर्तन :

कम्प्यूटर स्क्रीन के स्वरूप तथा बैकग्राउण्ड में रूपान्तरण करने के लिए स्टार्ट मेनु के सेटिंग विकल्प का चयन करते हैं। फिर सेटिंग के ड्रॉप डाउन सूची से कंट्रोल पैनल विकल्प का चयन करते हैं। कंट्रोल पैनेल विंडो खुलने पर डिस्पले आइकन पर डबल क्लिक करते हैं जिसके फलस्वरूप डिस्पले प्रोपर्टीज का विंडो खुलता है। जिनमें निम्नलिखित विकल्प होते हैं—

1. **Themes :** थीम विजुअल तत्वों का समूह है जो हमारे डेस्कटॉप को पर्सनलाइज करता है। थीम हमारे सिस्टम के विभिन्न ग्राफिक तत्त्वों, जैसे– विंडो, आइकन, फॉन्ट, रंग तथा स्क्रीनसेवर चित्रों का निर्णय करता है। यह किसी घटनाओं से संयुक्त ध्वनि का निर्धारण करता है। जैसे– किसी प्रोग्राम के खुलने तथा बंद होने पर कोई ध्वनि उत्पन्न होना।

2. **Desktop :** इस विकल्प के अन्तर्गत स्क्रीन बैकग्राउण्ड के लिए अपना डिजाइन, फोटो या विंडोज द्वारा प्रदान किये गये चित्र या डिजाइन का चुनाव कर सकते हैं।

3. **Screen Saver :** यह हमारे स्क्रीन पर गतिशील चित्र, पैटर्न या तस्वीर है। जब हम किसी निश्चित अंतराल के लिए माउस या की-बोर्ड का उपयोग नहीं करते हैं तब यह प्रदर्शित होता है। की-बोर्ड के किसी भी बटन या माउस को दबाने पर यह बंद हो जाता है।

4. **Appearance :** यह स्क्रीन पर मेन्यू, फॉन्ट, आइकन तथा दूसरे विंडोज तत्त्वों के प्रदर्शन को निर्धारित करता है। यहाँ हम इन सभी में परिवर्तन कर अपने स्क्रीन में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं।

5. **Settings :** इस विकल्प के द्वारा हम रंगों की गुणवत्ता तथा स्क्रीन की तीव्रता (Resolution) को घटा-बढ़ा सकते हैं; तथा यहाँ उपस्थित Troubleshoot विकल्प का चयन कर डिस्पले से जुड़ी छोटी-मोटी कठिनाइयों को दूर कर सकते हैं।

## विंडोज XP
## *Windows XP*

विंडोज XP कम्प्यूटर से जुड़े सारे संसाधन, फाइल, फोल्डर, डिस्क ड्राइव्स आदि का श्रेणीबद्ध रूप से सूची प्रदर्शित करता है जिसे Tree View कहते हैं। इसे खोलने के लिए माई कम्प्यूटर

आइकन पर Right क्लिक करते हैं जिससे एक मेन्यू प्राप्त होता है। वहाँ Explore विकल्प का चयन करने पर My Computer विंडो खुलता है तथा एक श्रेणीबद्ध सूची प्राप्त होती है, जिसके दो भाग होते हैं। बायाँ भाग को ट्री पेन (Tree Pane) तथा दायाँ भाग को Content Pane कहते हैं। Tree Pane में बॉक्स के अन्दर + या – चिह्न बना होता है। + चिह्न दर्शाता है कि इसके अन्तर्गत और भी फोल्डर उपस्थित हैं, तथा – चिह्न यह दर्शाता है कि इसके अन्दर अब कोई फोल्डर नहीं है।

Windows XP, Windows XP Professional को फाइल शेयरिंग तथा मैनेजमेंट के लिए जाना जाता है। फाइल सेकेंडरी मेमोरी या ऑक्जीलरि मेमोरी में भंडारित प्रोग्राम के कोड, दस्तावेज या अन्य कोई डेटा है, तथा फाइलों के समूह को फोल्डर कहते हैं। फाइल या फोल्डर के आइकन के नीचे इनका नाम लिखा होता है।

किसी भी फोल्डर में Open, Explore, Search, Winzip, Cut, Copy, Delete, Rename तथा Shortcut बनाने की सुविधा उपलब्ध है।

1. Open : किसी भी फोल्डर को Open करने के लिए फोल्डर के आइकन के ऊपर Right click करने पर एक मेन्यू आता है, जिसमें सबसे ऊपर स्थित Open विकल्प का चयन करते हैं अर्थात् Open विकल्प पर क्लिक करते हैं। जिसके फलस्वरूप वह फोल्डर खुल (Open) जाता है।

2. Explore : किसी भी फोल्डर को Explore करने के लिए फोल्डर आइकन के ऊपर Right click करने पर आने वाले मेन्यू से Explore विकल्प का चयन कर क्लिक करते हैं, जिसके फलस्वरूप फोल्डर खुल जाता है। परन्तु Open विकल्प से यह भिन्न है। Explore विकल्प से फोल्डर खुलने पर बायें तरफ Tree view दिखता है जिससे ज्ञात होता है कि फोल्डर कहाँ स्थित है।

3. Search : फोल्डर के अन्दर किसी फाइल को ढूँढ़ने के लिए फोल्डर आइकन पर Right click करने के उपरांत खुलने वाले मेनु से Search विकल्प पर क्लिक करते हैं, जिसके फलस्वरूप सर्च रिजल्ट का विंडो खुल जाता है जहाँ फाइल का पूरा नाम या कुछ भाग लिखकर ढूँढ़ सकते हैं।

4. Winzip : यह किसी फाइल या फोल्डर को Compress करने में उपयोग होता है। जिसके फलस्वरूप फोल्डर या फाइल का आकार घट जाता है तथा उसे कहीं भेजना या संग्रहित करना आसान हो जाता है। Compress करने के लिए फोल्डर या फाइल पर Right click कर प्राप्त मेन्यू में से Winzip विकल्प का चयन करना होता है।

5. Cut & Paste : यह फोल्डर या फाइल को कहीं और ले जाकर संग्रह करने के लिए उपयोग होता है।

6. Delete : अनुपयोगी फाइल तथा फोल्डर को हटाने के लिए Delete का उपयोग करते हैं। फोल्डर या फाइल को Delete करने के लिए इनपर Right click कर प्राप्त मेन्यू में से Delete विकल्प का चयन करते हैं जिसके फलस्वरूप फोल्डर या फाइल Delete हो जाता है। Delete फाइल को पुनः प्राप्त करने के लिए हम Recycle Bin Open कर वहाँ फाइल या फोल्डर को Restore कर सकते हैं।

7. Rename : इसके द्वारा फोल्डर या फाइल के पुराने नाम को बदलकर नया नाम दिया जाता है। इसके लिए फोल्डर या फाइल आइकन पर Right click कर प्राप्त मेन्यू से Rename

विकल्प का चयन कर क्लिक करते हैं, जिसके फलस्वरूप पुराना नाम चयनित दिखाई देता है तथा कर्सर वहाँ आ जाता है ताकि नया नाम लिखा जा सके। नया नाम लिखने के बाद इंटर बटन दबाते हैं जिसके फलस्वरूप Renaming प्रक्रिया संपन्न हो जाती है।

8. Properties : यह फोल्डर या फाइल के आकार, गुण तथा निर्माण के दिन के बारे में सूचना देता है। किसी फोल्डर या फाइल के प्रोपर्टीज को देखने के लिए इनपर Right click कर प्राप्त मेन्यू से Properties विकल्प का चयन कर क्लिक करते हैं। तत्पश्चात् हमें फोल्डर या फाइल का आकार, लोकेशन, निर्माण को दिन तथा तारीख की सूचना प्राप्त होती है। यहाँ दो और विकल्प होते हैं—

(a) Read Only : जैसा कि नाम से ज्ञात है, इस विकल्प को (✓) करने पर इसे केवल पढ़ा जा सकता है, उनमें कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता है।

(b) Hidden : इस विकल्प को (✓) करने पर फाइल Tree view में दिखाई देता है।

## विंडोज के अन्तर्गत उपयोगी प्रोग्राम
## *Useful Programs inside Windows*

विंडोज के अन्तर्गत उपयोगी प्रोग्राम निम्नलिखित हैं—

1. नोट पैड (Note Pad)
2. वर्ड पैड (Word Pad)
3. पेंट (Paint)
4. कैलकुलेटर (Calculator)
5. फोन डायलर (Phone Dialer)
6. इमैजिंग (Imaging)
7. मीडिया प्लेयर (Media Player)
8. सीडी प्लेयर (CD Player)
9. ध्वनि रिकॉर्डर और वाल्यूम कंट्रोल (Sound Recorder and Volume Control)
10. खेल (Game)
11. क्लिप बोर्ड (Clip Board)

1. नोटपैड (Note Pad) : यह एक साधारण टेक्स्ट एडिटर है। इनमें केवल टेक्स्ट लिखा जाता है, कुछ भी विशेष फाइल में जोड़ा नहीं जा सकता है। परन्तु किसी भी Text Application के द्वारा ये आसानी से खोले तथा पढ़े जा सकते हैं।

Click Start >> Programs >> Accessories >> Notepad

2. वर्ड पैड (Word Pad) : यह विंडोज के अन्तर्गत दूसरा वर्ड प्रोसेसर है जो नोट पैड से कुछ अधिक उन्नत है। इनमें फॉन्ट्स, रंग तथा चित्र की भी सुविधा है। टेक्स्ट लिखने (compose) की हर आवश्यकता इनमें मौजूद है।

Click Start >> Programs >> Accessories >> Wordpad

3. पेंट (Paint) : इस अनुप्रयोग के द्वारा चित्र देख सकते हैं तथा स्वयं बना भी सकते हैं।

Click Start >> Programs >> Accessories >> Paint

4. कैलकुलेटर (Calculator) : यह एक सरल प्रोग्राम है जिसके द्वारा साधारण तथा वैज्ञानिक गणना किया जा सकता है। इसके द्वारा Sin, Cos, Tan, Log, डिग्री, रेडियन, ग्रेडियन्ड आदि का मान निकाला जा सकता है।

Click Start >> Programs >> Accessories >> Calculator

5. फोन डायलर (Phone Dialer) : इनके द्वारा हम कम्प्यूटर को फोन की तरह उपयोग कर सकते हैं, केवल हमें मॉडम इंस्टॉल (Install) करना होगा जो कम्प्यूटर को टेलीफोन लाइन से जोड़ता है।

Click Start >> Programs >> Accessories >> Com

6. इमैजिंग (Imaging): विंडोज के साथ एक इमैजिंग प्रोग्राम आता है जिसके द्वारा स्कैनर को जोड़कर स्कैन्ड इमेज को कम्प्यूटर में संग्रह कर सकते हैं।

Click Start >> Programs >> Accessories >> Scaner and Camera wizard

7. मीडिया प्लेयर (Media Player)—इनके द्वारा हम बिना किसी विशेष सॉफ्टवेयर का उपयोग किये फिल्म देख सकते हैं तथा संगीत सुन सकते हैं केवल हमें फिल्म या संगीत की सीडी की आवश्यकता होती है।

Click Start >> Programs >> Accessories >> Entertainment >> Media Player

8. सीडी प्लेयर (CD Player): इसके द्वारा हम अपने कम्प्यूटर सिस्टम को एक शक्तिशाली सीडी प्लेयर में परिवर्तित कर सकते हैं।

Click Start >> Programs >> Accessories >> Entertainment >> CD Player

9. ध्वनि रिकॉर्डर और वॉल्यूम कंट्रोल (Sound Recorder and Volume Control): ध्वनि रिकॉर्डर के द्वारा हम ध्वनि को रिकॉर्ड कर सकते हैं।

Click Start >> Programs >> Accessories >> Entertainment >> Sound Recorder

वाल्यूम कंट्रोल के द्वारा हम ऑडियों सेटिंग को बदल सकते हैं। ध्वनि को ऑन, ऑफ, कम तथा ज्यादा इत्यादि कर सकते हैं।

Click Start >> Programs >> Accessories >> Entertainment >> Volume Control

10. खेल (Game): विंडोज के साथ कई मनोरंजन खेल भी आते हैं।

Click Start >> Programs >> Accessories >> Entertainment >> Game

11. क्लिप बोर्ड (Clip Board): इनके द्वारा किसी सूचना को एक जगह से दूसरी जगह कॉपी या मूव (Move) कर सकते हैं। जब हम किसी टेक्स्ट, चित्र या दूसरे वस्तु को कॉपी करते हैं, तो पहले क्लिप बोर्ड में कॉपी होता है, फिर जिस स्थान पर कॉपी करना है (Target Place) उसका चयन कर पेस्ट (Paste) किया जाता है। कट तथा पेस्ट करने पर कट के बाद टेक्स्ट को क्लिप बोर्ड में रखा जाता है तब पेस्ट की प्रक्रिया होती है।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** सॉफ्टवेयर के ........में कमांडों और ओप्शनों की सूचियां होती हैं। *(SBI 2009)*

(a) टाइटल बार (b) मेनु बार (c) फार्म्यूला बार
(d) टूल बार (e) इनमें से कोई नहीं

**2.** M.S Office 2000 को किस कंपनी ने बनाया?

(a) नॉवेल (b) कोरल (c) लोटस
(d) माइक्रोसाफ्ट (e) इनमें से कोई नहीं

**3.** टेक्स्ट हाईलाइट करके 'Edit', 'Copy' क्लिक करने पर क्या होगा?

(a) टेक्स्ट डाक्यूमेंट से कॉपी होकर क्लिपबोर्ड में रखा जायेगा
(b) क्लिपबोर्ड से डाक्यूमेंट में कर्सर ब्लिंक कर रहा है, वहाँ जायेगा
(c) डाक्यूमेंट से निकलकर क्लिपबोर्ड में रखा जायेगा
(d) केवल (b) और (c)
(e) इनमें से कोई नहीं

**4.** एप्लिकेशन से कॉपी किया गया डाटा ............ में स्टोर किया जाता है।

(a) ड्राइवर (b) टर्मिनल (c) प्रौम्प्ट
(d) क्लिपबोर्ड (e) इनमें से कोई नहीं

5. माइक्रोसॉफ्ट कम्पनी के संस्थापक हैं—
(a) पॉल एलन (b) बिल गेटस (c) उपर्युक्त दोनों
(d) इनमें से सभी (e) इनमें से कोई नहीं

6. माइक्रोसॉफ्ट (Microsoft) है—
(a) माइक्रोचिप निर्माण करने की एक संस्था
(b) सॉफ्टवेयर विकास करने वाली एक संस्था
(c) माइक्रोइंजीनियरिंग वाली एक संस्था
(d) कम्प्यूटर हार्डवेयर विकसित करने वाली एक संस्था
(e) इनमें से कोई नहीं

7. कंप्यूटर स्क्रीन पर विलंक (Blink) करने वाले प्रतीक को....कहते हैं।
(a) माउस (b) लोगो (c) हैंड
(d) पाम (e) कर्सर

8. कटिंग और पेस्टिंग के साथ काटी गई मद अस्थायी रूप से ........में स्टोर की जाती है।
(a) ROM (b) हाई ड्राइव (c) डिस्केट
(d) डैशबोर्ड (e) क्लिपबोर्ड

9. विंडो 95 में प्रासेसिंग के लिए राइट की जगह लिया जाता है—
(a) यूनिक्स (b) राइट प्रो (c) वर्ड
(d) एनिमेशन (e) इनमें से कोई नहीं

10. कम्प्यूटर की लाइट जलने के बाद उसे कार्यशील बनाने की प्रक्रिया को कहा जाता है?
(a) एप्लीकेशन (b) सिस्टम (c) बूट स्ट्रैप
(d) स्ट्रैप (e) इनमें से कोई नहीं

11. एक लोकप्रिय विन्डोइंग इन्वार्मेन्ट विन्डोज-3 माइक्रोसॉफ्ट द्वारा निर्गत की गई—
(a) 1985 में (b) 2000 में (c) 1995 में
(d) 1990 में (e) इनमें से कोई नहीं

12. दो कम्प्यूटरों के बीच संबंध बनाने की तकनीक या सुविधा को क्या कहा जाता है?
(a) इंटरनेट (b) ई-मेल (c) ई-प्रोम
(d) इंटरफेस (e) इनमें से कोई नहीं

13. किस कमांड के प्रयोग से प्रोग्राम से किसी भाग को हटाया जा सकता है?
(a) Delete (b) Save (c) Load
(d) Edit (e) Search

14. माउस के कर्सर की गति को घटाने एवं बढ़ाने के लिए किस आप्शन का प्रयोग किया जाता है?
(a) सेटिंग्स (b) कंट्रोल (c) कंट्रोल पैनल
(d) ड्राइव (e) उपर्युक्त सभी

15. विण्डोज सॉफ्टवेयर का निर्माण किया गया—
(a) IBM द्वारा (b) एप्पल कार्पोरेशन द्वारा (c) विप्रो द्वारा
(d) उपर्युक्त तीनों (e) इनमें से कोई नहीं

16. विंडो 2000 को विकसित किया है—
(a) एप्पल (b) जेनिथ (c) आई बी एम
(d) माइक्रोसॉफ्ट (e) इनमें से कोई नहीं

17. एम०एस० विंडोज किस प्रकार का सॉफ्टवेयर है—
(a) CUI (b) MUI (c) LUI
(d) GUI (e) इनमें से कोई नहीं

18. निम्नलिखित में से किसकी सहायता से हमें कम्प्यूटर की उपयोगिता एवं जगह की उपलब्धता के बारे में पता चलता है ?
(a) My Computer (b) My Document (c) My Briefcase
(d) My Search (e) इनमें से कोई नहीं

19. ड्राइवर सॉफ्टवेयर की जरूरत नहीं होती है—
(a) विंडो 95 में (b) डॉस में (c) थ्रीडी में
(d) फोटोस्टॉइलर (e) इनमें से कोई नहीं

20. विंडोज 98 का विकास कब हुआ ?
(a) 1994 (b) 1998 (c) 2001
(d) 2004 (e) इनमें से कोई नहीं

21. क्लोज बटन क्या है ?
(a) इसपर क्लिक करने से डायलाग बॉक्स, डाक्यूमेंट जो विंडो पर खुला रहता है, बंद हो जाता है।
(b) विंडो जो टाइटल बार के अंत में मौजूद रहता है।
(c) X जैसा छोटा बटन। (d) उपर्युक्त सभी (e) इनमें से कोई नहीं

22. स्क्रीन के बैकग्राउण्ड को किस नाम से जाना जाता है ?
(a) एप्लिकेशन (b) विंडों (c) डेस्कटॉप
(d) फ्रेम (e) इनमें से कोई नहीं

23. शार्टकट्स और अन्य विशेष कार्यों के लिए ...... की और ...... की अन्य कीज् के साथ कांबिनेशन में प्रयोग किया जाता है।
(a) कंट्रोल, आल्ट (b) फंक्शन, टोगल (c) डिलीट, इनसर्ट
(d) कैप्स, लॉक, नम लॉक (e) इनमें से कोई नहीं

24. हेल्प मेनु किस बटन पर उपलब्ध होता है ?
(a) एंड (b) स्टार्ट (c) टर्न ऑफ
(d) रिस्टार्ट (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS PO 2011)*

25. आप अपनी पर्सनल फाइल/फोल्डर ............ में रख सकते हैं—
(a) माई फोल्डर (b) माई डाक्यूमेंट (c) माई फाइल्स
(d) माई टेक्स्ट (e) इनमें से कोई नहीं *(IBPS PO 2011)*

26. विन्डोज डेक्सटॉप पर ........ द्वारा विभिन्न एप्लिकेशन और डाक्यूमेंट दर्शाया जाता है।
(a) प्रतीक (b) लेबल (c) ग्राफ
(d) आइकन (e) इनमें से कोई नहीं

27. हार्ड डिस्क से डिलिट की गई फाइलें ............. में भेजी जाती हैं।
(a) रिसाइकल बीन (b) फ्लॉपी डिस्क (c) क्लिप बोर्ड
(d) मदरबोर्ड (e) इनमें से कोई नहीं

28. निम्न में से किस प्रकार के मीनू को ड्रॉप डाउन मीनू भी कहते हैं?
(a) फ्लाई आउट (b) कैस्केडिंग (c) पॉप-अप
(d) पुल-डाउन (e) इनमें से कोई नहीं
*(Punjab & Sind 2010, IBPS Clerk 2011)*

29. .....कमांडों की वे सूचियां हैं जो स्क्रीन पर प्रकट होती हैं।
(a) GUIs (b) आइकन (c) मीनू
(d) विंडोज (e) इनमें से कोई नहीं
*(Union Bank of India Clerk 2011)*

30. मीनू पर प्रत्येक ..........एक विशेष कार्य करता है।
(a) क्लाइंट (b) सर्वर (c) नोड
(d) कमांड (e) इनमें से कोई नहीं
*(Union Bank of India Clerk 2011)*

31. कंप्यूटर सिस्टम को कमांड भेजने के लिए ..........स्क्रीन पर डिसप्ले हुए चित्रों (जिन्हें आइकन कहा जाता है) और मीनू का प्रयोग करता है।
(a) कमांड-आधारित यूज़र इंटरफेस (b) GUI
(c) सिस्टम युटिलिटी (d) API (e) इनमें से कोई नहीं
*(Union Bank of India Clerk 2011)*

32. ......शब्द वर्तमान में प्रयुक्त विंडो के वर्णन के लिए किया जाता है।
(a) वेब विंडो (b) प्रदर्शन क्षेत्र (c) वर्डपैड विंडो
(d) ॲक्टिव / सक्रिय विंडो (e) मॉनिटर
*(Allahabad Bank PO 2011)*

33. हार्ड डिस्क से डिलीट की गई फाइलें कहां भेजी जाती हैं?
(a) रीसाइकिल बिन (b) फ्लॉपी डिस्क (c) क्लिप बोर्ड
(d) मदर बोर्ड (e) इनमें से कोई नहीं
*(Allahabad Bank Clerk 2011)*

34. कॉपी कमांड कहां सेव करती है?
(a) डेस्कटॉप (b) क्लिप बोर्ड (c) प्रिंटर
(d) माइक्रोसॉफ्ट वर्ड (e) पेस्ट
*(Allahabad Bank Clerk 2011)*

35. विंडोज 95, विंडोज 98, और विंडोज NT किस नाम से जाने जाते हैं?
(a) प्रोसैसर (b) डोमेन नाम (c) मोडम
(d) आपरेटिंग सिस्टम (e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

36. टास्कबार ....... होता है।
(a) स्टार्ट मेनु पर (b) स्क्रीन के बॉटम पर (c) क्विक लांच टूल बार पर
(d) स्क्रीन के टाप पर (e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

37. सामान्यतः ....... लोकेटेड आइकन से आप रिसाइकल बिन एक्सेस करते हैं।
(a) डेस्कटाप पर (b) हार्ड ड्राइव पर (c) शॉर्टकट मेनु पर
(d) प्रोपर्टीज डायलग बॉक्स में (e) इनमें से कोई नहीं *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

38. ....... तक रिसाइकल बिन डिस्कार्डेड आइटम्स स्टोर करता है।
   (a) दूसरे यूजर के लाग ऑन करने
   (b) कंप्यूटर बंद होने  (c) दिवसांत
   (d) आपके खाली करने  (e) इनमें से कोई नहीं  *(Allahabad Bank Clerk 2011)*

39. विंडोज ME में, ME से क्या शब्द बनता है?
   (a) Millennium  (b) Micro-Expert  (c) Macro-Expert
   (d) Multi-Expert  (e) My-Expert  *(IBPS Clerk 2011)*

40. सारे स्क्रीन पर विंडोज को डिस्प्ले करने वाले बटन को क्या कहते हैं?
   (a) स्क्रोल बॉक्स  (b) डाउन साइज  (c) रिस्टोर डाउन
   (d) मिनिमाइज  (e) मैक्सीमाइज  *(IBPS Clerk 2011)*

41. किस प्रकार का बार विभिन्न ड्रॉप-डाउन मेनू के नाम या आइकन दिखाता है?
   (a) टाइटल बार  (b) टूल बार  (c) स्टार्ट बार
   (d) टास्क बार  (e) मेनू बार  *(IBPS Clerk 2011)*

## उत्तर

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (d) | 3. (a) | 4. (d) | 5. (c) | 6. (b) | 7. (e) |
| 8. (e) | 9. (c) | 10. (c) | 11. (d) | 12. (d) | 13. (a) | 14. (c) |
| 15. (a) | 16. (d) | 17. (d) | 18. (a) | 19. (a) | 20. (b) | 21. (d) |
| 22. (c) | 23. (a) | 24. (b) | 25. (b) | 26. (d) | 27. (a) | 28. (d) |
| 29. (c) | 30. (d) | 31. (a) | 32. (d) | 33. (a) | 34. (b) | 35. (d) |
| 36. (b) | 37. (a) | 38. (d) | 39. (a) | 40. (e) | 41. (e) | |

★★★



12

# माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस

## (Microsoft Office)

माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस परस्परसंबंधित (Interrelated) डेस्कटॉप अनुप्रयोगों (Applications) और सेवाओं का समूह है, जिसे सामूहिक रूप से ऑफिस सूट कहते हैं। यह क्षितिज सामानांतर मार्केट सॉफ्टवेयर है जो विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक रूप से प्रयोग होता है। MS-ऑफिस सर्वप्रथम सन् 1989 में माइक्रोसॉफ्ट कार्पोरेशन द्वारा Mac-OS के लिए शुरू किया गया। फिर सन् 1990 में विंडोज के लिए प्रथम संस्करण लाया गया। MS-office 3.0 ऑफिस का विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए प्रथम संस्करण था। उसके बाद MS-office 4.0 सन् 1994 आया जिनमें वर्ड 6.0, एक्सल 5.0, पावर प्वाइंट 4.0, मेल और एक्सेस था।

उसके बाद के संस्करण क्रमशः MS-office 4.3, MS-office 95, MS-office 97, MS-office 2000, MS-office XP, MS-office 2003 तथा MS-office 2007 हैं।

MS-office के अन्तर्गत मुख्यतः चार प्रोग्राम आते हैं—

MS-Word, MS-Excel, MS-Power Point तथा MS-Access.

### एम एस-वर्ड
*MS-Word*

एम एस वर्ड माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित वर्ड प्रोसेसर है। इसका मुख्य कार्य टेक्सट या दस्तावेज को संचालित करना है। यह एक वर्ड प्रोसेसिंग पैकेज है, जिसकी सहायता से साधारण दैनिक पत्र व्यवहार से लेकर डेस्कटॉप पब्लिशिंग स्तर के कार्य सुविधापूर्वक किये जा सकते हैं। इसमें परम्परागत मेन्युओं के साथ ही टूल बारों (Tool Bars) की सुविधा भी उपलब्ध है। जैसे– Copy–Cut–Paste, Find and Replace, फॉन्ट, ऑटो करेक्ट (Auto Correct), स्पेलिंग एंड ग्रामर की जाँच करना, बुलेट्स तथा नंबरिंग (Bullets and Numbering) इत्यादि।

माइक्रोसॉफ्ट वर्ड दस्तावेज को बनाने तथा शेयर करने के लिए शक्तिशाली उपकरण (Powerful Tools) प्रदान करता है। कोई भी दस्तावेज बनाने से पहले से वर्तमान दस्तावेज में कोई भी परिवर्तन करने के लिए एम एस वर्ड में बहुत सारे टूल्स एवं 'शार्टकट-की' वर्तमान है।

### माइक्रोसॉफ्ट वर्ड आरंभ करना या खोलना
*To Open or Start Microsoft Word*

माइक्रोसॉफ्ट वर्ड खोलने या आरंभ करने की दो विधियाँ हैं—

1. डेस्कटॉप पर उपलब्ध माइक्रोसॉफ्ट वर्ड आइकन पर Double click करते हैं। या
2. Start पर क्लिक करते हैं। Start मेन्यू खुलने पर प्रोग्राम विकल्प का चयन करते हैं। तत्पश्चात प्राप्त मेन्यू से MS-office का चयन करने उपरांत प्राप्त मेन्यू से माइक्रोसॉफ्ट वर्ड का चयन कर क्लिक करते हैं।

   अर्थात् Click on Start ⟶ Program ⟶ MS-office ⟶ MS-Word

## टूलवार दृश्य होना
*Viewing the Toolbar*

माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में टूलबार सरल तथा आसान कार्यक्षमता प्रयोक्ता को प्रदान करता है। टूलबार में बहुत सारे कार्यों के शॉर्टकट होते हैं जिनका उपयोग किया जा सकता है। परन्तु सर्वप्रथम हमें यह सुनिश्चित करना है कि उचित टूलबार स्क्रीन पर दिखाई दे (Visible) रहा है।

टूलबार को Visible होने के लिए—

1. मेन्यू बार में View पर क्लिक करते हैं।
2. प्राप्त Pull down Menu में टूलवार (Toolbar) का चयन करते हैं।
3. तत्पश्चात् प्राप्त मेन्यू से स्टैन्डर्ड (Standard), फारमेटिंग (Formatting) तथा ड्राइंग (Drawing) इत्यादि का चयन करते हैं।

सभी टूलबारों की तुलना में स्टैन्डर्ड (Standard) तथा फार्मेटिंग (Formating) टूलबारों का उपयोग सबसे अधिक होता है। स्टैन्डर्ड टूलबार के अन्तर्गत न्यू (New), ओपेन (Open), सेव (Save), स्पेलिंग और ग्रामर एवं प्रिन्ट (Print) इत्यादि टूल्स रहते हैं। फार्मेटिंग टूलबार के अन्तर्गत फन्ट नेम (Font name), फन्ट साइज (Font size), फन्ट स्टाइल (Font Style), मार्जिन (Margin), पैराग्राफ (Paragraph) एवं बुलेटस और नम्बरिंग (Bullets and Numbering) इत्यादि टूल्स रहते हैं।




यदि हम चाहें तो अन्य टूलबार का भी चयन कर सकते हैं।

## नये दस्तावेज को बनाना
*Creating a New Document*

1. मेन्यू बार में File पर क्लिक करते हैं।
2. प्राप्त Pull down Menu में न्यू (New) का चयन करते हैं। खाली दस्तावेज (Blank document) बनाने के लिए Blank document का चयन करते हैं या माइक्रोसॉफ्ट में प्रदान टेम्पलेट (Templates) पर आधारित दस्तावेज बनाने के लिए अपने अनुसार चयन करते हैं।

नये दस्तावेज को सुरक्षीत रखना
*Save the new Document*

1. मेन्यू बार में फाइल पर क्लिक करते हैं।
2. प्राप्त Pull Down Menu में Save का चयन करते हैं।
3. संग्रहित करने के लिए स्थान या ड्राइव निश्चित करने के उपरांत फाइल को एक नाम जिसे फाइल नेम कहते हैं; देते हैं तथा OK करते हैं। माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में फाइल नेम का एक्सटेंसन DOC स्वतः लेता है। फाइल एक्सटेंशन फाइल टाइप को आइडेंटीफाई करता है।
4. सेंविग, मेमोरी से स्टोरेज माध्यम तक दस्तावेज कॉपी करता है।

फार्मेटिंग टेक्सट
*Formatting Text*




किसी दस्तावेज के टेक्स्ट को फार्मेटिंग करने के लिए—

1. टेक्स्ट जिसे फार्मेटिंग करना है उसे left माउस बटन द्वारा क्लिक कर पकड़े हुए (Holding down) हाईलाइट करते हैं।
2. अपनी इच्छानुसार फिर टेक्स्ट में परिवर्तन कर सकते हैं।

दस्तावेज में टेबल डालना
*Inserting a Table*

1. दस्तावेज में जहाँ हम टेबल बनाना चाहते हैं वहाँ क्लिक करते हैं, जिसके फलस्वरूप कर्सर वहाँ पहुँच जाता है।
2. मेन्यूबार से Table का चयन करते हैं।
3. फिर Insert का चयन कर Table का चयन करते हैं।
4. Row तथा column तय करते हैं।
5. OK करते हैं।

दस्तावेज में चित्र डालना
*Inserting a Picture*

1. दस्तावेज में जहाँ हम चित्र डालना चाहते हैं वहाँ क्लिक करते हैं।
2. मेन्यूबार में Insert विकल्प का चयन करते हैं।
3. Picture विकल्प का चयन करते हैं।
4. Clip Art या From File का चयन करते हैं।
5. वहाँ चित्र का चयन कर Insert क्लिक करते हैं।

पृष्ठ संख्या तथा तिथि/समय डालना
*Inserting Page Number and Date/Time*

1. मेन्यूबार में Insert विकल्प का चयन कर क्लिक करते हैं।
2. वहाँ एक-एक कर Page Number तथा Date & Time का चयन करते हैं।

### दस्तावेज में वर्तनी की जाँच
### *Spell Checking in Document*

दस्तावेज में Spelling and Grammar की गलतियों को सुधारने के लिए (Spell check) टूल का उपयोग किया जाता है। यह गलत शब्दों को अन्डरलाइन कर हमें त्रुटियाँ बताता है। इस टूल का उपयोग करने के लिए—

1. मेन्यूबार में Tool पर क्लिक करते हैं।
2. Spelling and Grammer विकल्प का चयन करते हैं।

### वर्ड में फाइल ऑपरेशन
### *File Operations in Word*

1. पुराना फाइल खोलना
   *Open an Old File*

- ➢ मेन्यूबार के फाइल विकल्प पर क्लिक करते हैं।
- ➢ प्राप्त Pull down Menu के Open विकल्प पर क्लिक करते हैं।
- ➢ Open dialog box खुलने पर फोल्डर (जिसमें फाइल विद्यमान है) का चयन करते हैं।
- ➢ तत्पश्चात् प्राप्त फाइलों की सूची से इच्छित फाइल का चयन कर Open बटन को क्लिक करते हैं। जिसके फलस्वरूप फाइल खुल जाती है।

2. फाइल को कॉपी करना
   *Copy a File*

- ➢ मेन्यूबार के फाइल पर क्लिक करते हैं।
- ➢ प्राप्त Pull down Menu के Open पर क्लिक करते हैं।
- ➢ जिस फाइल को कॉपी करना है उस पर Right click करते हैं तथा प्राप्त शॉर्टकट मेनु से कॉपी विकल्प पर क्लिक करते हैं।
